फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 144 प्रभात जयपुर, रविवार 25 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**At their peak, Dhoni & Kohli perfect captains in every format: Tharoor**

Watching a Test match unfold is like reading a novel. An ODI is, at best, a short story.

**Hidden Good In Villains**

**How to Clean Your Keyboard** — With the right supplies and our trusty tips

# ए.आई.सी.सी. बैठक के बाद तुरंत जयपुर लौटे मु.मंत्री गहलोत

## रूष्ट, रुखे और उखड़े मिज़ाज में नज़र आए गहलोत ने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। उम्मीद के अनुरूप भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी का दिल्ली प्रदेश पर भव्य स्वागत किया गया। राहुल गांधी ने 108 दिन की पद यात्रा में 9 राज्यों में लगभग 3000 किलोमीटर यात्रा की। दिल्ली दसवां राज्य है। यात्रा के दिल्ली प्रवेश पर हजारों लोग झंडे और ताख्यिं लेकर यात्रा में शामिल हुए और और नारों से आसमान गुंजा दिया।

यात्रा अब क्रिसमस और नववर्ष के लिए नौ दिन का अवकाश लेगी। दिल्ली आगमन पर आश्रम चौक पर सोनिया व प्रियंका गांधी ने राहुल की अगवानी की ओर वे इंडिया गेट तक उनके साथ चली।

राहुल ने मां को गले लगाते हुए फोटो ट्वीट की और कैप्शन लिखा कि मां से उन्हें जो प्रेम मिला है उसे वे लोगों में बांट रहे हैं

यहां भी उन्होंने वहीं कहा जो पूरी भारत यात्रा के दौरान कहते रहे हैं कि भाजपा हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत फैला रही है और किस प्रकार उन्होंने यात्रा करने का निर्णय किया ताकि लोगों को प्रेम व बंधुत्व के बारे में बताए और भाजपा की नफरत की राजनीति को खारिज करने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

"मोहब्बत की दुकान" अब उनका प्रिय शब्द है जिसे वे यात्रा की प्रेरणा बताते हैं। रोचक बात यह है कि लोकप्रिय तमिल सुपर स्टार कमल हासन भी दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने लाल किला पर एक नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया।

- **मु.मंत्री गहलोत मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई ए.आई.सी.सी. की बैठक में भाग लेने दिल्ली गए थे, और उनकी कोशिश थी कि, खड़गे व सोनिया गांधी से उनकी अलग से मीटिंग हो जाए, पर गहलोत को इसमें सफलता नहीं मिली।**
- **सूत्रों के हवाले से पता चला है कि, अशोक गहलोत के करीबी तीनों नेताओं, धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ के खिलाफ किसी भी समय कार्यवाही हो सकती है।**
- **इधर शनिवार को भारत जोड़ो पद यात्रा ने दिल्ली में प्रवेश किया, जहां इसका शानदार स्वागत हुआ।**
- **दिल्ली में आश्रम पर सोनिया, प्रियंका ने राहुल गांधी की अगवानी की और उनके साथ इंडिया गेट तक पैदल चलीं।**

कांग्रेस अब राहुल गांधी की यात्रा के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए गंभीरता से विचार कर रही है और पार्टी नेता राज्य के नेताओं से कह रहे है कि हरेक ब्लॉक में पदयात्रा करें। लेकिन राजस्थान की ही तरह कई राज्य ऐसे हैं जहां ना तो जिला इकाई है ना ही कोई ब्लॉक अध्यक्ष है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जो पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई ए.आई.सी.सी. की बैठक के लिए जयपुर आए थे मीटिंग के बाद जयपुर लौट गए। मीटिंग से बाहर निकलते हुए गहलोत काफी उखड़े हुए थे, उनका मूड बहुत खराब लग रहा था उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देना तो दूर सवाल सुनने तक से मना कर दिया।

सूत्रों का कहना है कि गहलोत को खड़गे व सोनिया गांधी से मीटिंग की उम्मीद थी पर ऐसा नहीं हुआ।

मीटिंग की अध्यक्षता मल्लिकार्जुन खड़गे ने की थी और उनके जाने के बाद के.सी. वेणुगोपाल ने। गहलोत को मीटिंग में एक तरफ बैठे रहकर घंटों इंतज़ार करना पड़ा। शायद यही फ्रस्टेशन गहलोत पर हावी हो गया था।

ऐसी भी खबरें है कि अशोक गहलोत के करीबी तीनों नेताओं- धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़- पर अनुशासनात्मक कार्यवाही कभी भी हो सकती है क्योंकि अनुशासन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट व सिफारिशें नेतृत्व को भेज दी है। यात्रा का राजस्थान चरण समाप्त हो चुका है और अब नेतृत्व राजस्थान के मोर्चे पर फैसला कर सकता है, जो लंबे समय से लंबित है।

सूत्रों का कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण के दौरान राहुल को जनता से भारी शिकायतें मिलीं कि हर स्तर पर भ्रष्टाचार है। ऊपर से लेकर नीचे तक भ्रष्टाचार है, राहुल ने ये सभी शिकायतें अशोक गहलोत को बताई हैं।

लोगों की शिकायत है कि भ्रष्टाचार इतना ज्यादा है कि रिश्वत दिए बिना कोई काम नहीं होता है।

## 'दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी'

जयपुर, 24 दिसम्बर (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में कहा कि, राज्य सरकार किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होने देगी एवं दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। गहलोत ने कहा, आज नौ से ग्यारह बजे की शिक्षक भर्ती की सामान्य

- **मु.मंत्री अशोक गहलोत ने पेपर लीक पर गहरी चिंता जताई और कहा, युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।**

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## लीक हुए पेपर की परीक्षा 29 जनवरी को होगी

अजमेर, 24 दिसम्बर (कासं)। राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (आर.पी.एस.सी.) ने घोषणा की है कि, शनिवार को लीक हुआ, वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा का सामान्य ज्ञान शिक्षा एवं मनोविज्ञान विषय की परीक्षा

- **24 जनवरी को होने वाली ग्रुप-सी सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान परीक्षा पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गई थी।**

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# सैकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक

## पेपर लीक के मुख्य सरगना सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल सहित 49 गिरफ्तार

उदयपुर, 24 दिसम्बर (कासं)। आरपीएससी सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा के परीक्षार्थियों को राजस्थान लोक परिवहन की बस में बैठाकर पेपर लीक कराने का एक मामला उदयपुर में सामने आया है। बेकरिया थाना पुलिस ने पेपर लीक के मुख्य सरगना सांचोर स्थित थेलिया के राजकीय विद्यालय के प्रिंसिपल, दो एमबीबीएस छात्रों सहित चार जनों व बस सवार में 45 परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है। परीक्षार्थियों में सात लड़कियां भी शामिल है। पुलिस ने बस, साथ चल रही कार, बस में मौजूद लैपटॉप व प्रिन्टर भी जब्त किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जालोर की एक बस में आर.पी.एस.सी. परीक्षार्थी सवार हैं जिनके पास द्वितीय ग्रेड शिक्षक परीक्षा के प्रश्नपत्र हैं। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजितसिंह, अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में अम्बामाता थानाधिकारी रवीन्द्र चारण, हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा, सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा, गोगुन्दा थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास, सवीना थानाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दलों ने सांचोर जिले की लोक परिवहन बस की तलाश कर उसका पीछा किया और उदयपुर जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र में सुबह नाकाबंदी कर बस व कार को रोका। बस व कार में आरपीएससी द्वितीय ग्रेड शिक्षक परीक्षा देने जालोर से आए 45 छात्र एवं मुख्य सरगना सुरेश विश्नोई के अलावा एमबीबीएस के दो छात्रों सहित चार आरोपी थे। पुलिस ने तलाशी लेकर इनके कब्जे से बस, कार, प्रश्नपत्र, लैपटॉप, कम्प्यूटर आदि जब्त किए। सभी आरोपियों के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जब्त कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने एसओजी अजमेर के सहयोग से चिन्हित बस कर पीछा करना शुरू किया। बस सिरोही पहुंच 45 मिनट विश्राम के लिए रूक गई। इसके बाद उसने उदयपुर जिले में प्रवेश किया। बस में सवार लोगों की छात्र होने की पुष्टि के बाद बेकरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी की। बस के साथ चल रही कार को भी रूकवाया गया। तलाशी लेने पर उसमें प्रश्नपत्र मिले। परीक्षा प्रश्नपत्रों के उत्तर हल करवाने की जानकारी मिलने पर आरपीएससी,

- **मामला उदयपुर का है और पुलिस को यह सूचना मिली थी कि, जो 45 परीक्षार्थी बस में सवार होकर परीक्षा देने जा रहे हैं, उन सभी के पास परीक्षा का प्रश्न पत्र है।**
- **इसके बाद पुलिस ने बस में सवार सभी 45 परीक्षार्थियों और साथ में चल रही कार में सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों में 7 लड़कियां भी हैं।**
- **इस पेपर लीक का मुख्य सरगना थेलिया, सांचोर के सरकारी स्कूल का प्रिंसिपल है, उसके साथ दो एम.बी.बी.एस. छात्र व एक अन्य व्यक्ति भी शामिल है।**

एसओजी को सूचना कर प्रश्नपत्र निरस्त करवाने की कार्यवाही करने के बाद इनसे पूछताछ शुरू की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि सरगना सुरेश विश्नोई सभी छात्रों को परीक्षा देने के लिए लाया था। योजनानुसार सभी परीक्षार्थी उदयपुर आ

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# 'मैं 2800 कि.मी. चला, कहीं नफरत नहीं दिखी पर जब टी.वी. ऑन करता हूँ तो हिंसा दिखती है।'

## राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली प्रवेश पर कहा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। केन्द्रीय राजधानी की सड़को पर भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व करने के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लाल किले से आज राष्ट्र को याद दिलाया कि "हिन्दू-मुस्लिम नफरत का मुद्दा लगातार इसलिये फैलाया जा रहा है ताकि आपका ध्यान असली मुद्दों से हट जाये।" भारत जोड़ो यात्रा ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी यात्रा बदरपुर सीमा से शुरू की तथा करीब 23 किमी की दूरी तय करने के बाद यहाँ लाल किला पहुँची। राहुल गांधी 7 सितम्बर, जिस दिन उन्होंने अपना यह पुनीत अभियान कन्या कुमारी से शुरू किया था, से लेकर अब तक करीब 2800किमी की पैदल तय कर चुके हैं।

- **दिल्ली में तमिल सुपर स्टार कमल हासन भी भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बने।**
- **यात्रा क्रिसमस और नव वर्ष के अवसर पर 9 दिन का अवकाश लेगी।**

आज सुबह कांग्रेस नेता सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा भी इस यात्रा में शामिल हो गये थे। इसके बाद, जब यह यात्रा लाल किले के पास पहुँचने को थी, अभिनेता कमल हासन भी यात्रा में शामिल हुये और गांधी परिवार के साथ चलने लगे।

जब यात्रा राष्ट्रीय राजधानी से गुजर रही थी, सड़कों के दोनों तरफ अपार भीड़ दिखाई दे रही थी।

गांधी ने कहा, "मैंने 2,800किमी की दूरी तय कर ली, लेकिन मुझे कही भी किसी किस्म की घृणा एवं द्वेष दिखाई नहीं दिया। लेकिन जब मैं टी.वी. खोलता हूँ, मुझे हिंसा दिखाई देने लगती हैं।" उन्होंने कहा, "मीडिया हमारा मित्र

( शेष पृष्ठ 7 पर )


## नकल गिरोहों पर एन.एस.ए. लगेगा

जयपुर, 24 दिसम्बर (का.सं.)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा है कि, नकल गिरोहों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही इनकी संपत्ति को भी जब्त किया जाएगा।

- **पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा, नकल गिरोहों की सम्पत्ति जब्त करने पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है।**

मिश्रा ने बताया कि, नकल कराने का प्रयास करने वालों के रिकॉर्ड को खंगाला जाएगा एवं इन तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि, इन गिरोहों में शामिल अपराधियों की संपत्ति भी जब्त करने के लिए पासा कानून में संशोधन सुझाया जा रहा है। पासा कानून के तहत, व्यक्ति को बिना

( शेष पृष्ठ 7 पर )




# क्या शशिकला "चिनम्मा" अन्नाद्रमुक की तारण हार बनेंगी?

## भाजपा के आक्रामक तेवरों की वजह से निरंतर कमजोर होती जा रही अन्नाद्रमुक के नेताओं और कार्यकर्ताओं को अब "चिनम्मा" से ही उम्मीदें हैं

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। तमिलनाडू की राजनीति में इतना नीरस क्षण कभी नहीं रहा है। इस बार गतिविधियां केवल विपक्ष में दिखाई दे रही हैं जहाँ दो राजनीतिक ताकतें सक्रिय हैं। पहली तो स्पष्ट रूप से भारतीय जनता पार्टी है जो अपने समझदार एवं तेजतर्रार नेता के.अन्नामलाई के कारण जनता का कुछ ध्यान आकर्षित कर रही है और दूसरी एक अन्य नेता हैं जो मुख्य विपक्षी पार्टी में अपना रूतबा कायम करने के लिए छोटे किन्तु सुनिश्चित कदम उठा रही हैं।

वह नेता और कोई नहीं बल्कि वी.के. शशिकला है जिन्हें अपनी निकट मित्र एवं ए.आई.ए.डी.एम.के. (अन्नाद्रमुक) सुप्रीमो जयललिता (अम्मा) के जीवित रहने के दौरान पार्टी की हर कोई चिनम्मा या छोटी अम्मा के नाम से सम्बोधित किया करता था।

वास्तव में, शशिकला राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता संभालती, उससे कुछ घण्टों पूर्व ही उन्हें आप से अधिक सम्पत्ति के एक मामले में दोषी पाया गया, जिसमें उन्हें चार वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई थी। इस दोष सिद्धि के कारण उन्हें किसी निर्वाचित संवैधानिक पद को ग्रहण करने के अयोग्य ठहरा दिया गया था। उन्हें चुनाव लड़ने से छह वर्ष के लिए प्रतिबंधित भी किया गया था।

- **ज्ञातव्य है कि, जयललिता की मौत के बाद शशिकला का मुख्यमंत्री बनना लगभग तय था, पर शपथ लेने के कुछ घंटों पहले ही अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी करार दिया और वे शपथ नहीं ले पाई।**
- **बाद में केन्द्र सरकार और भाजपा के दबाव में उन्होंने एक तरह से राजनीति को ही अलविदा कह दिया।**
- **अन्नाद्रमुक की खाली जगह को भरने की भाजपा जोरदार कोशिश कर रही है, वहीं शशिकला ने अन्नाद्रमुक का नेतृत्व अपने हाथ में लेने की कोशिशें शुरु कर दी हैं।**

इस केस ने मुख्यमंत्री बनने की उनकी महत्वकांक्षाओं पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया, लेकिन उस (अन्नाद्रमुक) पर अपना हक जमाने की उनकी महत्वकांक्षा कम नहीं हुई है, जिस पर उनका दबदबा हुआ करता था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में और वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान भी शशिकला ने सहज राजनीतिक कारणों से निर्वाचन राजनीति छोड़ दी थी। इसे उनकी जांच कर रही केन्द्र सरकार की एजेन्सियों के दबाव के रूप में देखा गया। वास्तव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री ईडापट्टी पलानिस्वामी के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के साथ गठजोड़ कर लिया था और भाजपा किसी प्रकार का मत विभाजन नहीं चाहती थी। शशिकला पर निर्वाचन राजनीति छोड़ने का दबाव बनाया गया।

हालांकि ऐसा करते वक्त शशिकला ने शपथ ली थी कि वह स्थिति की समीक्षा करेंगी और एक उचित समय पर वापसी करेंगी।

चूंकि अन्नाद्रमुक अब दबाव में है क्योंकि पहले से अधिक आक्रामक भाजपा उसे सत्ता से उखाड़ फेंकना चाहती हैं दूसरे शब्दों में समझा जाता है कि शशिकला अन्य की समस्याओं का

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

लोगों की समझ शक्ति के मुताबिक उपदेश देना चाहिए। –हदीस

# घर-घर औषधि योजना में शामिल तुलसी, गिलोय, कालमेघ व अश्वगंधा पर कोविड-19 के विरुद्ध क्लिनिकल ट्रायल्स

राजस्थान सरकार की घर-घर औषधि योजना में सम्मिलित औषधियों का वैज्ञानिक विश्लेषण गत वर्ष यहाँ किया जा चुका है। वर्तमान लहर को देखते हुए इन औषधियों पर वर्ष 2022 में दिसम्बर तक हुये क्लिनिकल ट्रायल्स पर एक बार पुनः चर्चा है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति की संचारी और गैर-संचारी रोगों को रोक सकने में व्यापक रणनीतिक असफलता और प्रमाण-विहीनता ने आयुर्वेद की ओर देखने के लिये विवश कर दिया है। प्रश्न यह है कि क्या आयुर्वेद भारत को एक बार पुनः कोविड-19 के संकट से उबार सकता है? इस प्रश्न का उत्तर कई प्रकार से दिया जा सकता है, परन्तु क्लिनिकल ट्रायल्स से प्राप्त परिणामों का विश्लेषण सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहेगा। यहाँ कोविड-19 पर हुये क्लिनिकल ट्रायल्स पर चर्चा की जायेगी।

दुनिया भर में तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय पर 500 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स हैं। इन औषधियों के योग वाली औषधियों पर कोविड-19 के विरुद्ध 36 क्लिनिकल ट्रायल्स अभी तक प्रकाशन में आ चुके हैं पर सभी की चर्चा यहाँ नहीं की जा सकती। केवल कुछ उदाहरण देखते हैं।

सबसे पहले कोविड-19 के विरुद्ध हुये क्लिनिकल ट्रायल्स और पायलट स्टडीज को देखते हैं जिनमें तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय या तो एकल औषधि के रूप में या आयुर्वेद की अन्य औषधियों के साथ मिलकर प्रयुक्त हुये हैं। कोरोना वायरस संक्रमण में आयुर्वेदिक दवाओं के प्रभाव को समझने के लिये कोविड-19 के लिये समर्पित पुणे के एक अस्पताल में कुल 99 पॉजिटिव रोगियों में एक क्लिनिकल अध्ययन किया गया। इन 99 रोगियों में से 60 रोगियों को मानक प्रोटोकॉल से साथ आयुर्वेद भी दिया गया, जबकि 39 रोगियों को केवल मानक प्रोटोकॉल से उपचारित किया गया। अध्ययन का उद्देश्य यह देखना था कि कोविड-19 के रोगियों में मानक प्रोटोकॉल के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा का कोई लाभ होता है या नहीं। इस प्रोस्पेक्टिव, ओपन लेबल, तुलनात्मक क्लिनिकल अध्ययन में हल्के से मध्यम लक्षणों वाले रोगियों में स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा को अतिरिक्त रूप से दिया गया। तुलनात्मक प्रभाव को समझने के लिये नियंत्रण-समूह (कण्ट्रोल-ग्रुप) को केवल देखभाल का मानक प्रोटोकॉल ही दिया गया। मानक देखभाल के साथ साथ आयुर्वेद की चिकित्सा प्राप्त करने वाले रोगियों में बीमारी से तुलनात्मक रूप तेजी से रिकवरी हुई। उपचार-समूह के रोगियों को नियंत्रण-समूह के लोगों की तुलना में लक्षणों में कमी और अस्पताल में रहने की अवधि में बहुत कमी पायी गयी। सांस की तकलीफ से पीड़ित रोगियों का प्रतिशत आयुर्वेद सहित उपचार-समूह में 1, 3 और 7 दिन में 53 प्रतिशत से गिरकर 16 प्रतिशत और 1.6 प्रतिशत रह गया, जबकि नियंत्रण-समूह में क्रमशः 46 प्रतिशत से 38 प्रतिशत और 28 प्रतिशत ही नीचे आया। स्वाद-हानि को कोविड-19 का एक महत्वपूर्ण लक्षण माना जाता है। उपचार-समूह में रोगियों का प्रतिशत 75 प्रतिशत नीचे आकर 25 व 3.3 रह गया, जबकि नियंत्रण-समूह में यह गिरावट 46 प्रतिशत से 36 व 26 प्रतिशत थी। यह पेपर निर्विवाद रूप से सिद्ध करता है कि मॉडर्न-बायोमेडिसिन की मदद के लिये आयुर्वेद चिकित्सा को खड़ा करते ही रोगियों को भारी लाभ होता है (देखें, पंकज वंजरखेड़कर एवं अन्य, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(1): 100365, 2022)।

दूसरा प्रकाशित क्लिनिकल ट्रायल लखनऊ में हुआ। कोविड-19 के लिये समर्पित अस्पताल में एक रैंडोमाइज्ड, ओपन लेबल, समानांतर समूह अध्ययन माइल्ड लक्षणों वाले रोगियों के प्रबंधन में आयुर्वेदिक हस्तक्षेप की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिये हुआ। यह 10 दिन का अध्ययन था जिसमें कुल 120 पॉजिटिव मरीजों को शामिल कर तीन समूहों में बांटा गया। सभी रोगियों का आरटी-पीसीआर क्रमशः 5वें, 7वें और 10वें दिन किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा के परिणामस्वरूप कोविड-19 मरीजों के लक्षणों में सुधार, अग्नि में वृद्धि और संक्रमण से मुक्ति देखी गई। आयुर्वेदिक दवाओं पर रखे गये रोगियों में लक्षणों में सुधार व वायरल नियंत्रण पाया गया। अध्ययन में मिले आशाजनक परिणाम आयुर्वेद द्वारा कोविड-19 रोगियों के प्रबंधन में उपयोगी हैं। आयुर्वेद का उपयोग सामुदायिक प्रसार को सीमित करने और बीमारी को अधिक भयावह स्थिति तक जाने से रोकने के लिये किया जा सकता है (देखें, आदिल रईस एवं अन्य, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन,13(2): 100393, 2022)।

तीसरा क्लिनिकल ट्रायल जयपुर में पूरा किया गया है। यह क्लिनिकल ट्रायल 100 मरीजों पर हुआ और यह पाया गया कि तीसरे दिन जहाँ आयुर्वेद उपचार ग्रुप में 71.1 प्रतिशत मरीज ठीक हुये वहीं प्लेसीबो समूह में और 50 प्रतिशत रोगी ठीक हुये। आयुर्वेद उपचार समूह में 7 दिन के अन्दर 100 प्रतिशत रोगी ठीक हुये, जबकि प्लेसीबो समूह में यह 60 प्रतिशत था। उपचार समूह में संक्रमण से उबरने के जोखिम में 40 प्रतिशत कमी पायी गयी। (देखें, गनपत देवपुरा एवं अन्य, फाइटोमेडिसिन, 84: आर्ट. 153494, 2021)।

चौथा क्लिनिकल ट्रायल मेदान्ता हॉस्पिटल में हल्के से मध्यम तीव्रता वाले कोविड-19 रोगियों में गुडूची और पिप्पली युक्त आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन को लेकर हुआ। परिणामों का मूल्यांकन अस्पताल में रहने की अवधि, क्लिनिकल रिकवरी का समय, आयुर्वेदिक उपचार की सुरक्षा आदि के संदर्भ में किया गया। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि टीनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया और पाइपर लोंगम के आयुर्वेद ऐड-ऑन फॉर्मूलेशन ने अस्पताल में रहने की अवधि को कम कर दिया। ठीक होने के समय में सुधार किया। आयुर्वेद ऐड-ऑन समूह में डिस्चार्ज के तीन महीने बाद भी रोगी दुरुस्त हालत में ही पाये गये और जीवन-यापन गतिविधि का स्तर सामान्य है तथा स्वास्थ्य बेहतर है। इस प्रकार कोविड-19 के उपचार में इस योग की मदद से मिले बेहतर परिणामों से एक सुरक्षित आयुर्वेद ऐड-ऑन फॉर्मूलेशन उपयोगी है। इस अध्ययन में देश के दिग्गज डॉक्टर नरेश त्रेहान भी शोधकर्ताओं और लेखकों की सूची में हैं (देखें, एस. कटारिया एवं अन्य, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(2): 100454, 2022)।

> **क्लिनिकल ट्रायल्स में तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय या तो किसी न किसी अन्य द्रव्य के साथ प्रयुक्त हुये हैं या एकल औषधि के रूप में प्रयुक्त हुये हैं या सभी को एक साथ भी प्रयुक्त किया गया है। पूर्व में वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत करते समय यह स्पष्ट किया गया था कि चारों ही औषधियां कोविड-19 समेत अनेक रोगों के विरुद्ध प्रभावी हैं और इन्हें वैद्य की सलाह से लेने पर रोगमुक्त हुआ जा सकता है।**

क्लिनिकल ट्रायल्स के साथ ही अनेक उच्च कोटि की क्लिनिकल केस स्टडीज भी आयुर्वेद के अगुआ शोध जर्नल में प्रकाशित हुई हैं। इन सबके निष्कर्ष भी आयुर्वेद को मजबूती से कोविड-19 के विरुद्ध प्रभावी सिद्ध करते हैं। उदाहरण के लिये हाल ही में प्रकाशित क्लिनिकल केस-स्टडी के अनुसार कोल्डकैल व त्विषाअमृत कोविड-19 के उपचार में पूर्ण प्रभावी पायी गयी हैं (देखें, संजीवरस्तोगी, रंजनारस्तोगी, अतुल खरबंदा, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(1): 100411, 2022)। इसके साथ ही आगे प्रकाशनार्थ भेजी गयी केस स्टडीज, जो बड़ी संख्या में वैद्यों के चिकित्सकीय अनुभवजन्य प्रमाण (प्रैक्टिस-बेस्ड-एविडेंस) पर आधारित हैं, के अनुसार कोविड-19 की चिकित्सा में आयुर्वेद की औषधियां प्रभावी पायी गयी हैं। विख्यात आयुर्वेदाचार्य डॉ. वी.बी. मिश्रा एवं अन्य वैद्यों के प्रैक्टिस-बेस्ड-एविडेंस से ज्ञात होता है कि आयुर्वेद बचाव और प्रबंध दोनों में ही उपयोगी है। वस्तुतः आयुर्वेद के माध्यम से कोविड-19 विषयपर प्रकाशित हमारा पेपर अब अपने विषय में विश्व भर में सबसे ज्यादा चर्चित और सर्वाधिक-संदर्भित पेपर है (देखें, संजीव रस्तोगी, दीप नारायण पाण्डेय व राम हर्ष सिंह, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(1): 100312, 2022)।

एक अन्य केस स्टडी जो 64 बुजुर्ग प्रवासी भारतीयों के मध्य की गयी तथा कोविड-19 के 11 लक्षणों तथा अंततः जीवित रहने का मूल्यांकन हुआ। परिणामों से स्पष्ट हुआ कि आयुर्वेद की औषधियों के कारण वैश्विक आंकड़ों की तुलना में मृत्यु दर बहुत कम हो गयी। इसके अलावा सह-रुग्णता वाले किसी भी मामले में उपचार-हस्तक्षेप की अवधि के दौरान गंभीर लक्षण, जटिलतायें या मृत्यु नहीं हुई। इस ट्रायल में तुलसी सहित अन्य औषधियों को प्रमुखता से उपयोग किया गया था (देखें, के.एस. दिनेश इत्यादि, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(1):100476, 2022)।

एक अन्य अध्ययन को 247 कोविड-19 रोगियों के मध्य रेट्रोस्पेक्टिव केस श्रृंखला के रूप में प्रकाशित हो रहा है, जिनमें से 39 प्रतिशत मरीज को-मोर्बिडिटी से पीड़ित थे। इस प्रकाशन में ऐसे सात रोगी थे जिनके बचने की संभावना कम थी किन्तु केवल आयुर्वेदिक उपचार के बाद सभी में लक्षणों के समाधान के साथ सभी मरीज कोविड-19 से पूरी तरह ठीक हो गये (देखें, पी.एल.टी. गिरिजा इत्यादि, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(1): 100329, 2022)। एक अन्य अध्ययन 167 कोविड-19 रोगियों के उपचार के परिणामों की जानकारी देता है। इन सबका उपचार अकेले आयुर्वेदिक चिकित्सीय हस्तक्षेप से किया गया था। मुख्य परिणाम यह पाये गये कि लक्षणों का त्वरित समाधान हुआ और एक भी रोगी गंभीर अवस्था की ओर नहीं जाने पाया। अनेक को-मोर्बिडिटी युक्त रोगियों के लिये भी आयुर्वेद एक सुरक्षित उपचार के रूप में सिद्ध हुआ है। इनमें से एक भी रोगी की मृत्यु नहीं हुई। आयुर्वेदिक दवाओं के कारण कोई प्रतिकूल घटना भी नहीं हुई। वस्तुतः यह अध्ययन एक अनुभवजन्य या प्रैक्टिस-बेस्डएविडेंस प्रदान करता है जिसमे आउट पेशेंटसेटिंग में और कम लागत पर कोविड-19 मरीजों को ठीक करने के पुख्ता प्रमाण मिले (देखें, पी.एल.टी. गिरिजा इत्यादि, जर्नल ऑफ़ आयुर्वेदा एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन, 13(2): 100445, 2022)।

दो औषधियों के एक अध्ययन में हल्के से मध्यम लक्षणों वाले 125 रोगियों के प्रबंधन में मानक एलोपैथी उपचार के साथ-साथ सिद्ध पॉलीहर्बल काढ़ा कबासुराकुडिनीर की उपयोगिता प्रमाणित हुयी है। इसमें कालमेघ और गुडूची भी घटक हैं। यह एक डबल-ब्लाइंड, प्लेसीबो-नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल था। अध्ययन को 120 रोगियों ने पूर्ण किया। इस अध्ययन में स्पष्ट हुआ कि जहां एक ओर सिद्ध औषधि के साथ 6 दिन के अंदर शत-प्रतिशत मरीज ठीक हो गये, वहीं कंट्रोल ग्रुप में 42.5 प्रतिशत ही इस दौरान ठीक हो पाये। रोगियों के अस्पताल में ठहरने का समय तथा एसिंप्टोमेटिक होने का समय भी तुलनात्मक रूप से कम होना पाया गया (देखें, ए. श्रीवास्तव इत्यादि, ट्रायल्स, 22(1): 570, 2021)। इसी प्रकार के निष्कर्ष एक अन्य अध्ययन के भी हैं (देखें, एस. नटराजन इत्यादि, ट्रायल्स, 22(1): 623, 2021)।

वस्तुतः बहुत से अध्ययन हैं और सब का वर्णन या सभी का सन्दर्भ देना यहाँ संभव नहीं है लेकिन कोविड-19 के रोगियों के प्रबंधन में हर्बल या पादपीय दवाओं की भूमिका पर 32 रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स में समाहित कुल 3,177 रोगियों के आंकड़ों की एक व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस स्पष्ट सिद्ध करती है कि वेस्टर्न मेडिसिन के साथ औषधीय पौधों के सह-प्रयोग से बुखार, खांसी, थकान व छाती के पैरामीटर्स में सुधार, आरटी-पीसीआर के आधार पर रोगमुक्त होने में लगा समय, गले की खराश और अस्पताल में रहने की अवधि में कमी आती है। प्रयोगशाला में जांच के पैरामीटर्स (जैसे, डब्ल्यूबीसी, लिम्फोसाइटप्रतिशत, एब्सोल्यूटलिम्फोसाइटकाउंट, सीआरपी, आईएल-6, ईएसआर स्तर) भी केवल मानक देखभाल समूह की तुलना में औषधीय पौधों के साथ वाले दवा समूह में बेहतर पाये गये। सबसे बड़ी बात यह थी कि अध्ययन में सम्मिलित 32 रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स में औषधीय पौधों से बनी इन दवाओं के कारण कोई विशेष प्रतिकूल घटना नहीं देखी गई (देखें, ए. कुमार इत्यादि, जर्नल ऑफ़ ट्रेडिशनल एंड कॉम्प्लिमेंटरी मेडिसिन, 12(1), ज्ज100-113, 2022)।

अश्वगंधा जिस पर कुल 4,625 शोधपत्रों में से 485 कोविड-19 के विरुद्ध हैं। कालमेघ पर कुल 4,166 शोधपत्रों में से 646 कोविड-19 के विरुद्ध हैं। तुलसी पर कुल 2,576 शोधपत्रों में से 305 कोविड-19 के विरुद्ध हैं। गुडूची पर कुल 1661 शोधपत्रों में से 387 कोविड-19 के विरुद्ध हैं। असल में तो तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा, गिलोय और एक वैद्य मिलकर 150 से अधिक बीमारियों से बचा सकते हैं! भारत को अब भी नहीं समझ में आएगा तो कब आएगा!

यहां पर हमने अनेक क्लीनिकल ट्रायल और क्लीनिकल केस स्टडीज का उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रत्येक प्रकरण में औषधियों का वर्णन यहां संभव नहीं है। लेकिन इतना बताना आवश्यक है कि इन क्लिनिकल ट्रायल्स में तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय या तो किसी न किसी अन्य द्रव्य के साथ प्रयुक्त हुये हैं या एकल औषधि के रूप में प्रयुक्त हुये हैं या सभी को एक साथ भी प्रयुक्त किया गया है। पूर्व में वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत करते समय यह स्पष्ट किया गया था कि चारों ही औषधियां कोविड-19 समेत अनेक रोगों के विरुद्ध प्रभावी हैं और इन्हें वैद्य की सलाह से लेने पर रोगमुक्त हुआ जा सकता है। **यदि वर्ष 2023 में कोविड-19 की कोई लहर भारत में आती है तो वैद्यों की सलाह से तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय जैसी औषधियों का प्रयोग मददगार हो सकता है। असल में लहर और वैरिएंट कोई भी हो आयुर्वेद सदैव प्रासंगिक है। मॉडर्न मेडिसिन की यदा-कदा सहायक भूमिका है।** घर-घर औषधि योजना के अंतर्गत औषधीय पौधों का राजस्थान की पौधशालाओं में वितरण हो रहा है। पौधे प्राप्त कर अपने घर में लगाइये। रखरखाव करिये। उनसे प्राप्त होने वाले बीजों से और अधिक पौधे उगाइये। वैद्य की सलाह लीजिये। स्वस्थ रहिये और परिवार को स्वस्थ रखिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**


# वाक् चातुर्य के धनी जन-जन के नायक अटल बिहारी वाजपेयी

**वाक** चातुर्य के धनी राष्ट्र भक्त राजनीतिक कुशलता चातुर्य एवं कूटनीति और आचार्य चाणक्य की निश्चयात्मिका बुद्धि के धनी राजनीतिज्ञ व्यक्तियों में जन नायक अटल बिहारी का नाम सम्मान के साथ लिया जाता हैं क्योकिं अटल जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र सेवा हेतु अर्पित किया था। उनका तो मन्त्र था 'देश के लिए जियें और देश के लिए ही मरें', 'भारत माता का कण-कण शंकर है', वहीं 'पानी की बूंद-बूंद गंगाजल है'। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, भारत तो जीता-जागता राष्ट्रपुरुष है। यह वन्दन की भूमि है, यह तर्पण की भूमि है, यह अर्पण की भूमि है। अटलबिहारी वाजपेयी कहा करते थे कि मनुष्य जीवन अनमोल निधि है, पुण्य का प्रसाद है। हम केवल अपने लिए न जिए, औरों के लिए भी जिए। उन्होंने अनेको बार कहा है कि भारत के लिए हँसते-हँसते प्राण न्योछावर करने में मैं गर्व का अनुभव करूँगा।

अटल बिहारी जी का जन्म ग्वालियर में 25 दिसम्बर 1924 को हुआ था उनके माता पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी एवं कृष्णा वाजपेयी था। रामचंद्र वीर द्वारा रचित अमर कृति 'विजय पताका' पढ़कर अटल जी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। अटल जी की बी.ए. की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज में हुई। उन्होंने राजनीति शास्त्र से प्रथम श्रेणी में एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। एलएलबी की पढ़ाई को बीच में ही विराम देकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काम में लग गए। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से अटल जी भी प्रमुख नेताओं में थे। उन्होंने लम्बे समय तक पत्रकारिता करते हुए राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि अनेक पत्र-पत्रिकाओं के संपादक के रूप में कार्य किया। अटल बिहारी ने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ किया। सन् 1942 में जब गांधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया तो ग्वालियर में भी छात्र वर्ग आंदोलन की अगुवाई कर रहा था। अटलजी तो सबके आगे ही रहते थे। जब आंदोलन ने उग्र रूप धारण कर लिया तो पकड़-धकड़ होने लगी। अटल जी पुलिस की चपेट में आ गए। उस समय वे नाबालिग थे इसलिए उन्हें आगरा जेल की बच्चा बैरक में रखा गया।

जन नायक अटल बिहारी वाजपेयी ने खुद को आर.एस.एस. के समर्पित कार्यकर्ता रहने के बावजूद खुद को किसी खास विचारधारा के पहरेदार के रूप में कभी भी स्थापित नहीं होने दिया वो सदैव परस्पर संवाद करने की हामी थे वो इंसानियत के अंदर यकीन करते थे। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में कश्मीर से लेकर पाकिस्तान तक से बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ था। अलगाववादियों से बातचीत के फैसले पर सवाल उठा कि क्या बातचीत संविधान के दायरे में होगी? तो उनका जवाब था, इंसानियत के दायरे में होगी। अटल जी वास्तव में शब्दों के जादूगर थे। अटल बिहारी जी के राजनीतिक विरोधी भी उनकी वाकपटुता और अकाट्य तर्क के कायल रहते थे। पूर्व के कई राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक आज की भारतीय जनता पार्टी अटल जी के जमाने की पार्टी से भिन्न होती दिखाई देती है इसके साथ-साथ आज का एन डी ए भी उस समय के एन डी ए जैसा नहीं लग रहा है।

बंगलादेश के मुक्ति संघर्ष के वक्त इन्दिता जी ने संयक्त राष्ट्र संघ में जाने वाले प्रति मंडल का नेत्रत्व उन्हें सौंपा। 1994 में केंद्र की कांग्रेस सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत का पक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडल की नुमाइंदगी विपक्षी नेता अटल जी को सौंपी थी। काश: आज के माहोल में ऐसा हो पाता। अटलजी जब विदेश मंत्री बने तो विभाग के अधिकारीयों ने उनके कक्ष से प्रथम प्रधानमंत्री नेहरुजी की फोटो हटा दिया अटल जी ने नेहरूजी का फोटो वापस



डा. जे के गर्ग

लगवाया। उनकी लोकप्रियता का नतीजा था कि वे देश के विभिन्न प्रदेशों यथा उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से सांसद चुने गये। दो बार राज्यसभा के लिये भी निर्वाचित हुए। अटलजी सबसे लम्बे समय तक सांसद रहे थे। जब वे पहली दफा सांसद बने और उन्होंने संसद में अपना भाषण दिया तब तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरूजी ने कहा कि यह युवा सांसद एक दिन इस देश का प्रधानमंत्री बनेगा। वे दो बार राज्यसभा के लिये भी निर्वाचित हुए। पूर्वी पाकिस्तान के विघटन एवं बांग्लादेश देश के जन्म के समय अटल जी ने अपनी राजनैतिक प्रबल विरोधी इंदिरा गांधी जी जी की सराहना की। वाजपेयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पहिले प्रधानमंत्री बने। 2002 के गुजरात के साम्प्रदायिक दंगों में हुई सैकडों मौतों के बाद प्रधानमंत्री वाजपेयी जी ने अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री को राज धर्म के पालन करने की सीख देने की हिम्मत की थी।

वाजपेयी जी ने पाकिस्तान से सामान्य सम्बन्ध बनाने के लिए 19 फरवरी 1999 को लाहौर तक बस द्वारा सफर किया, वाघा बॉर्डर पर तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उनका स्वागत किया किन्तु पाकिस्तान ने 3 मई 1999 को कारगिल में अतिक्रमण कर उसे हड़पना चाहा, तब भारत ने उसे करारा जवाब दिया। यह संघर्ष 26 जुलाई तक चला, हमारी बहादुर सेना ने कारगिल को अपने कब्जे में ले लिया, इसलिए प्रति वर्ष 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं।

13 दिसम्बर 2001 को संसद पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमला हुआ जिसमें नो लोगों की मृत्यु हो गई। यही आतंकी हमला 2004 के चुनावों में प्रमुख मुद्दा बना और एन डी ए की पराजय का एक कारण बना।

वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों की संभावित नाराजगी की परवाह नहीं करते हुए राष्ट्र हित में 1998 में दूसरा परमाणु परीक्षण कर राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। स्मरणीय है कि उन्होंने इस परमाणु परीक्षण की अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की गुप्तचर एजेंसियों को भनक तक नहीं लगने दी। अटल जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख आदि नेताओं से राजनीति का पाठ पढ़ा था। अटल जी पहले विदेश मंत्री थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देकर देश को एवं हिन्दी को गौरवान्वित किया था। अटल जी की वाणी में सदैव विवेक और संयम होता है। गंभीर से गंभीर बात को हंसी की फुलझड़ियों के बीच कह देने की विलक्षण क्षमता उन्हीं में थी।

जननायक वाजपेयी जी ने एक सौ वर्ष से भी ज्यादा पुराने कावेरी जल विवाद को सुलझाया। उन्होंने संरचनात्मक ढाँचे के लिये कार्यदल, सॉफ्टवेयर विकास के लिये सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यदल, विद्युतीकरण में गति लाने के लिये केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग आदि का गठन किया। राष्ट्रीय राजमार्गों एवं हवाई अड्डों का विकास नई टेलीकॉम नीति तथा कोकण रेलवे की शुरुआत करके बुनियादी संरचनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिये कई प्रभावी कदम भी उठाये। ग्रामीण रोजगार सृजन एवं विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों के लिये बीमा योजना शुरू की। भारत भर के चारों कोनों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई व मुम्बई को राजमार्ग से जोड़ा गया।

चाहे प्रधान मंत्री के पद पर रहे हों या नेता प्रतिपक्ष बेशक देश की बात हो या क्रान्तिकारियों की, या फिर उनकी अपनी ही कविताओं की नपी-तुली और बेबाक टिप्पणी करने में अटल जी कभी नहीं चूके। अटल जी कहा करते थे कि इंसान बनो, केवल नाम से नहीं, रूप से नहीं, शक्ल से नहीं बल्कि हृदय से, बुद्धि से, ज्ञान से बनो। वे कहते थे कि "भारत को लेकर मेरी एक दृष्टि है- ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो।" अटलजी ने भारत के प्रजातंत्र को और मजबूती प्रदान की थी।

अटल जी ने अनेकों पुस्तके एवं काव्य संग्रह लिखे जिनमें मेरी इक्यावन कविताएँ, मृत्यु या हत्या, अमर बलिदान (लोक सभा में अटल जी के वक्तव्यों का संग्रह), कैदी कविराय की कुंडलियाँ, संसद में तीन दशक, अमर आग है, सेक्युलर वाद, राजनीति की रपटीली राहें, बिन्दु -बिन्दु विचार आदि मुख्य है। अटल बिहारी जी को अनेकों पुरस्कार और सम्मानों से नवाजा गया जिनमें प्रमुख हैं फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वार अवॉर्ड, भारत रत्न आदि। वे वास्तव में एक महामानव ही थे जिनको इतिहास सदैव याद करेगा। लम्बी बीमारी के बाद जनप्रिय अटल जी 16 अगस्त 2018 को शाम 5 बजे पंचमहाभूत में विलीन हो गये। उनका समाधि स्थल राजघाट के पास शांति वन में बनाया गया जिसे स्मृति स्थल के रूप में जाना जाता है, में है। अटल जी की अस्थियों को देश की सभी प्रमुख नदियों में विसर्जित किया गया। अटल जी के 98वें जन्मदिवस पर सभी भारतीय उन के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

**- डा. जे के गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक**
**कालेज शिक्षा, जयपुर**

# प्रस्तुतियों में दिखी गुजरात की लखूटी संस्कृति की झलक



**मुक्ताकाशी रंगमंच पर गुजरात के कलाकारों ने चोरवाड़ अंचल का टिप्पणी रास प्रस्तुत किया।**

**उदयपुर,** (कासं)। शिल्पग्राम उत्सव में दिन-ब-दिन यहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ ती जा रही है। वीकेंड पर उदयपुर पहुंच पर्यटक भी शिल्पग्राम पहुंचे वहीं रविवार को और अधिक लोग इस उत्सव का हिस्सा बनेंगे। इधर, चौथे दिन मुक्ताकाशी रंगमंच पर गुजरात की लखूटी संस्कृति की झलक देखने को मिली।

दोपहर में केन्द्र की ओर से मुख्य रंगमंच के समीप "क्ले मॉडलिंग" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता तथा गोवा के कला एवं संस्कृति विभाग के उप निदेशक अशोक परब ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। शाम को मुक्ताकाशी रंगमंच पर कार्यक्रम की शुरूआत लंगा लोक गायकों के गायन से हुई इसके बाद गुजरात के कलाकारों ने माण्डव रास से गुजराती संस्कृति का यशोगान प्रारम्भ किया। कार्यक्रम में चोरवाड़ अंचल का टिप्पणी रास बहुत रास आया। निर्माण कार्य में जमीन या छत कूटते हुए महिलाएं हाथ में अिप्पणी ले की गीत गाते हुए नृत्य करती हैं।। प्रस्तुति में आपसी सामंजस्य दर्शनीय बन सका।

इसके बाद मिश्र रास में युवक युवतियों ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में दर्शकों को गुजरात के विभिन्न प्रकार के रास देखने को मिले इनमें हूडो रास, घाघर रास प्रमुख हैं। इस अवसर पर ही गुजरात का ढ ाल तलवार रास वहां के शौर्य का प्रतीक प्रस्तुति बन सकी। गुजरात के सौराष्ट्र अंचल में ढ ाल तलवार रास की परंपरा है जिसमें नर्तक शरनाई व ढ ोल की लय पर हाथ में तलवार ले कर नृत्य करते हैं। जिसमें लयकारी के साथ कलाकारों का नर्तन उत्कृष्ट बन सका।

इस अवसर पर ही गुजरात की जनजाति संस्कृति की झलक छोटा उदयपुर के राठवा आदिवासियों की प्रस्तुति से हुई। सिर पर मोर पंख्या धारण कर राठवा युवक युवतियों ने अपसी तालमेल दिखाते हुए आकर्षक पिरामिड की रचना कर सौम्य दृश्य प्रस्तुत किया। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति डॉ. एस.एस.सारंगदेवोत मुख्य अतिथि थे।

# तीन मोरों का शिकार किया




**संजय वन में मोरों को लेकर पहुंचे ग्रामीण।**

**निवाई,** (निसं) गांव डांगरथल में शिकारियों द्वारा लगातार मोर का शिकार करने की घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो रहा है।

शुक्रवार की देर शाम को शिकारियों द्वारा जहरीला दाना खिलाकर तीन मोरों का शिकार किया गया। ग्रामीण राधेश्याम शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की देरशाम डांगरथल में कुछ शिकारियों ने मोरों का शिकार करने के लिए जहरीला दाना डाल दिया। दाना खाने के बाद मोरों के तड़फने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मौके पर एक मोर मृत मिला तथा दो मोर तड़फते हुए मिले। इस पर ग्रामीण दो मोटर साइकिल से मृत व घायल मोरों को लेकर रात्रि करीब साढे आठ बजे निवाई स्थित वन विभाग के कार्यालय संजय वन पहुंचे। वहां पर मौजूद कर्मचारी को उपचार के लिए दोनों मोरों को सौंपा। वनकर्मी ने घायल मोरों की सूचना अधिकारियों को दी। कुछ देर बाद घायल दोनों मोरों की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि 18 दिसंबर को भी डांगरथल के जंगल में मृत मोर के अवशेष व जहरीला दाना दिखाई दिया था। इसकी सूचना भी ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस को दी थी। साथ ही मौके पर खडी शिकारियों की मोटरसाइकिल भी वन कार्मिकों को सौंप दी थी। उन्होंने बताया कि मृत मोरों के शिकारियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।

## राशिफल रविवार 25 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र सांय 7:21 तक, व्याघात योग रात्रि 12:58 तक, कौलव करण प्रातः 8:25 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 7:21 तक है। त्रिपुष्कर योग दिन 8:25 तक है। रवियोग रात्रि 7:21 से आरम्भ होगा। आज क्रिसमस दिवस (ईसा जयन्ती) बड़ा दिन, महामना मालवीय जयन्ती है। आज तृतीया तिथि का क्षय हुआ है। आज से जमादि उलसानि मु. मास 6 आरम्भ होगा। आज अटल विहारी जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:35 से 9:52 तक, लाभ-अमृत 9:52 से 12:27 तक, शुभ 1:44 से 3:01 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 5:36

**मेष**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भरय बना रहेगा।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जा सकते हैं।

**सिंह**
अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में योजना बनेगी।

**तुला**
घर-परिवार के कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। रिश्तेदारों/परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**धनु**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत परेशानियों में कमी आयेगी। महत्वपूर्ण कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
व्यक्तिगत समस्या के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

**मीन**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

# वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद युवाओं में फूटा आक्रोश

## शनिवार सुबह सामान्य ज्ञान और मनोविज्ञान की परीक्षा देने एक्जाम सेंटर्स पर पहुंचे थे अभ्यर्थी, परीक्षा रद्द होने के बाद मायूस दिखे



द्वितीय श्रेणी अध्यापक परीक्षा रद्द होने के कारण सेंटर्स पर पहुंचे परीक्षार्थी मायूस हो गये।



नाराज भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शिक्षामंत्री बी.डी.कल्ला के सरकारी आवास पर ताला लगाया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ने भले ही पेपर रद्द कर दिया है, लेकिन इससे अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है। शनिवार को राजधानी जयपुर समेत तमाम परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह 9 बजे होने वाली सामान्य ज्ञान और मनोविज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी गई। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी सुबह जल्दी ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को पेपर वितरित कर दिया गया था कि अचानक परीक्षा केंद्रों को आरपीएससी की ओर पेपर रद्द करने की सूचना मिली, जिस पर आनन-फानन में परीक्षार्थियों से पेपर वापिस ले लिए गए और उन्हें वापस भेज दिया गया। अचानक ऐसा होने से परीक्षार्थी भी कुछ समझ नहीं पाए लेकिन जब उन्हें पेपर लीक होने की जानकारी मिली तो वह आक्रोशित हो गए। एक बार फिर भर्ती परीक्षा का पेपर रद्द होने से अभ्यर्थी काफी आक्रोशित नजर आए। उनका कहना था कि राजस्थान में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे उनकी सरकारी नौकरी पाने की राह मुश्किल हो गई है। अभ्यर्थियों ने कहा कि पेपर लीक के मामलों से परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। कई परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी देर तक बाहर ही खड़े रहे। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में एक बार फिर पेपर लीक की घटना के बाद परीक्षार्थियों ने हंगामा भी किया।

- **अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर पेपर वितरित कर दिया गया था, लेकिन अचानक परीक्षा केंद्रों को आरपीएससी के द्वारा पेपर रद्द करने की सूचना मिली, जिस पर आनन-फानन में परीक्षार्थियों से पेपर वापस ले लिए गए**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा के नेतृत्व में शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान के घर प्रदर्शन किया और इस्तीफे की मांग की।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कल्ला के सरकारी आवास पर जड़ा ताला

- **युवाओं को न्याय दिलाने के लिए निरंतर लड़ते रहेंगे : हिमांशु शर्मा**

**जयपुर।** सेकंड ग्रेड अध्यापक भर्ती परीक्षा का जीके का पेपर लीक होने की सूचना के बाद भाजयुमो ने सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक राजस्थान सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। भाजयुमो ने सबसे पहले युवाओं की आवाज उठाते हुए ट्वीटर पर सरकार के खिलाफ हैशटैग ट्रेंड करवाया। पेपर लीक गहलोत वीक हैशटैग को पूरे प्रदेशभर के युवाओं का साथ मिला। ये हैशटैग भारतभर में नंबर 1 पर ट्रेंड हुआ। इसके बाद भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के निर्देश पर राजस्थान के शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला के सरकारी आवास पर ताला लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता मंत्री बी डी कल्ला के आवास पर ताला लगाया। इस दौरान वहाँ उपस्थित पुलिस कर्मियों ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

पुलिसकर्मी हिरासत में लिए कार्यकर्ताओं को लेकर ज्योति नगर थाने पहुंचे। धीरे-धीरे थाने के बाहर बीजेपी कार्यकर्ता इकठ्ठे होने लगे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कुछ कार्यकर्ताओं पर क्रूरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज में कुछ कार्यकर्ताओं के चोट भी आयी। जिसके बाद उन्हें एम्बुलेंस से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। लाठीचार्ज में युवा मोर्चा कार्यकर्ता शिवम बैरवा के हाथ में भी फ्रेक्चर हुआ है। मारपीट की घटना होने के बाद भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा सहित कई कार्यकर्ता थाने पहुंचे। जिसके बाद हिरासत में लिए कार्यकर्ताओं को पुलिस ने छोड़ा। इस प्रदर्शन पर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि राजस्थान की भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होना एक परंपरा बन गई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पहले भी कई बार पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करता आया है। इसके बावजूद राजस्थान की सरकार का ध्यान पेपर की सुरक्षा की ओर नहीं गया है।

शर्मा ने कहा कि एक गरीब परीक्षार्थी बहुत दूरियां तय करके, पैसा खर्च करके परीक्षा स्थल तक पहुंचता है लेकिन वहां पहुंचने के बाद भी परीक्षा आयोजित नहीं होती। इससे वो काफी मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ता है, लेकिन सरकार उनकी पीड़ा को नहीं महसूस करती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने परीक्षार्थियों के आवाज को हमेशा उठाने का काम किया है और आगे भी करते रहेंगे। गौरतलब है कि पूर्व में भी भाजयुमो ने पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा के घर के बाहर नारी का बाड़ा लिखा था। शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला के घर पर ताला लगाने वाले कार्यकर्ताओं में भाजयुमो प्रदेश मंत्री रामकेश मीना, कार्यसमिति सदस्य राजू धेतरवाल, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पुरुवंशी, झुंझुनूं जिला प्रभारी यशपाल गुर्जर, विक्रम सिंह, गौरव गुर्जर आदि थे। इन सभी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में लेकर छोड़ दिया।

## बेखौफ पेपर माफिया समूचे परीक्षा तंत्र पर हावी : अरूण सिंह

- **बार-बार पेपर माफियाओं के पास क्यों चला जाता है : गुलाबचंद कटारिया**
- **4 वर्ष से कांग्रेस सरकार युवाओं के सपनों को छलने का काम कर रही है : विजया राहटकर**

**जयपुर।** वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि, राजस्थान वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 की पहली पारी का पेपर निरस्त होना, अशोक गहलोत की नाकामी का एक और प्रमाण है। बेखौफ पेपर माफिया समूचे परीक्षा तंत्र पर हावी युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि, आज फिर सेकेंड ग्रेड की परीक्षा का पेपर लीक होना, बार बार पेपर इन गैंग के पास क्यों चला जाता है? राजस्थान सरकार को अभ्यार्थियों की पीड़ा को समझना चाहिए और पेपर लीक करने वाली गैंग पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, सख्त कानून के बाद फिर हुआ पेपर लीक, प्रदर्शन कर रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं को मारपीट कर गिरफ्तार किया। क्या अब राजस्थान में पेपर लीक होने पर हमारे कार्यकर्ताओं को विरोध-प्रदर्शन करने का भी हक नहीं है? शिक्षा मंत्री के आवास पर लाखों युवाओं की आवाज बनकर विरोध दर्ज कराने पहुंचे भाजयुमो कार्यकर्ताओं के संघर्ष को प्रशासन लाठी के सहारे कुचलने का प्रयास ना करें। राष्ट्रीय मंत्री व सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि, 4 वर्ष से कांग्रेस सरकार युवाओं को छलने का काम कर रही है, फिर एक बार पेपर आउट हुआ कानून बनाने के बाद भी। यदि रीट के मामले में सीबीआई जांच होती तो बड़े-बड़े राजनैतिज्ञ सलाखों के पीछे होते तथा पेपर माफियाओं के होसले राजस्थान में बढ़े हुए हैं। राजस्थान देश में नंबर है पेपर लीक मामले में हैं।

## मेहनती युवाओं के सपने तोड़ रहे हैं : राठौड़

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 की पहली पारी का पेपर निरस्त होना वीक गहलोत सरकार व प्रशासन की नाकामी का एक और प्रमाण है। गहलोत शासन में बेखौफ पेपर माफिया समूचे परीक्षा तंत्र इस कदर हावी हो चुका है कि अब राज्य में निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न होना असंभव है।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में वनरक्षक, रीट, कांस्टेबल, लाइब्रेरियन भर्ती,एलडीसी और जेईएन जैसी दर्जनों भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक की घटनाएं सामने आ चुकी है जो सरकार के माथे पर कलंक है। दुर्भाग्य है कि मेहनती व मेधावी युवाओं के सपने को तोड़ने वाले भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि सरकार ने सदन में राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के उपाय) विधेयक-2022 भी पारित किया था जिसके बाद भी पेपर लीक हो रहे हैं, परीक्षा रद्द होने से परिश्रमी व मेधावी परीक्षार्थियों का मनोबल टूट रहा है और जिम्मेदार बेफिक्र है।

## कांग्रेस सरकार ने नौजवानों के सपने तोड़कर बड़ा पाप किया : डॉ.पूनियां


- **द्वितीय शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिया बयान**
- **'कांग्रेस सरकार वीक, पर्चा लीक और 2023 में प्रदेश का नौजवान इस सरकार की अक्ल करेगा ठीक'**

**जयपुर।** राजस्थान में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बयान जारी कर कहा कि, 2018 में काबिज हुई कांग्रेस सरकार ने किसानों के सपने तोड़े और बड़ा पाप किया नौजवानों के सपने तोड़े।

उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर राजस्थान में है और बेरोजगारी भत्ते के नाम पर युवाओं को ठगा लेकिन कोढ़ में खाज का काम हुआ कि लगातार एक के बाद एक जिस तरीके से राजस्थान में संगठित नकल का माफिया पनपा और उसके बाद जो पर्चे लीक हुए, और पर्चा लीक में जिस तरीके से राजनीतिक संरक्षण, लगातार उसी घटना में एक किस्सा और जुड़ गया जब सेकंड ग्रेड की भर्ती परीक्षा का पर्चा पहले लीक हो जाता है।

पूनिया ने कहा कि अशोक गहलोत सरकार को और कांग्रेस पार्टी को शायद इल्म नहीं है कि उन्होंने कितने राजस्थान के नौजवानों के सपने तोड़े हैं, वह 70 लाख बच्चे जिन्होंने परीक्षा दी जिनमें से एक लाख को रोजगार देने की बात मुख्यमंत्री कहते हैं, 69 लाख बच्चों के सपने को तोड़ने का काम इन पर्चों के लीक होने से हो रहा है। उस फेहरिस्त में एक काम और जुड़ गया, पर्चा तभी लीक होता है जब सरकार वीक होती है। मुझे लगता है कांग्रेस सरकार वीक, पर्चा लीक और 2023 में प्रदेश का नौजवान इस कांग्रेस सरकार की अक्ल ठीक करेगा।

## गुजरात में डॉ. सतीश पूनियां ने यज्ञ में आहुति दी



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियां ने स्वामी नारायण संस्थान के प्रमुख स्वामी महाराज के शताब्दी महोत्सव में शामिल होकर यज्ञ में आहुति दी।

**अहदाबाद/जयपुर।** गुजरात प्रवास पर भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अहमदाबाद में स्वामी नारायण संस्थान के प्रमुख स्वामी महाराज जी के शताब्दी महोत्सव में शामिल होकर उन्हें श्रद्धा से याद किया और यज्ञ में आहुति दी।

सतीश पूनियां ने कहा कि, प्रमुख स्वामी जी महाराज ने पूरी दुनिया में 45 वर्षों में 1100 सनातन हिंदू मंदिरों का निर्माण करवाया। धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, इतिहास और विरासत का जो पथ प्रदर्शन किया स्वामी जी महाराज ने, वह अलौकिक और अद्भुत है। अहमदाबाद में 600 एकड़ में जिस तरीके से स्वामीनारायण मंदिर और संस्थान की बसावट है, जहां एक जीवंत संस्कृति, धर्म और अध्यात्म का दर्शन कर सकते हैं। लाखों की संख्या में पूरे देश और दुनिया से अनुयायी यहां आ रहे हैं, मुझे भी यहां आकर एक अलौकिक आनंद की अनुभूति है।

सतीश पूनियां के साथ में सांसद देवजी भाई पटेल, जयपुर स्वामीनारायण मंदिर से अक्षर प्रेम स्वामी जी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव इत्यादि मौजूद रहे, जो स्वामी महाराज शताब्दी समारोह में शामिल हुये।

## रोक के बावजूद तबादला, अधिकरण ने लगाई रोक

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने प्रशासनिक सुधार विभाग की रोक के बावजूद ग्रेटर नगर निगम की कनिष्ठ अभियंता का तबादला करने पर प्रमुख स्थानीय निकाय सचिव, निदेशक और ग्रेटर निगम के आयुक्त सहित सांगानेर जोन के उपायुक्त को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अधिकरण ने तबादला आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। अधिकरण ने यह आदेश पूनम कुमारी मीणा की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अधिकरण ने कहा कि याचिकाकर्ता ग्रेटर नगर निगम के सांगानेर जोन में कनिष्ठ अभियंता के तौर पर कार्यरत है। डीएलबी ने गत 16 दिसंबर को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता सहित 15 अन्य सहायक अभियंताओं का तबादला कोटा कर दिय। जबकि प्रशासनिक सुधार विभाग ने गत एक अगस्त को आदेश जारी कर प्रशासन शहरों के संग अभियान में नियोजित यूडीएच व स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादलों पर रोक लगा रखी है। ऐसे में अपीलार्थी के तबादला आदेश को निरस्त किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ता के तबादला आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है।

## शिक्षक भर्ती में शामिल करने के आदेश

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने रीट पात्रता परीक्षा में साठ फीसदी से कम अंक लाने वाली सामान्य वर्ग की महिला अभ्यर्थी को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में शामिल करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश अवनी शर्मा की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अध्यापक ग्रेड तृतीय के लिए रीट पात्रता परीक्षा आयोजित की थी।


**NAME CHANGE**

I Army No 6297306Y Ex Hav Prasanta Kumar Bagchi S/I Hiranmay Bagchi R/o 59 Anand Vihar B Nangal Jaisa Bohra Dadi Ka Phatak Jaipur that I have changed my wife name from RINA BAGCHI is wrong entered in service record To RINA RANI (DOB 1/7/1948) vide affidavit dated 22 dec2022 before district notary Jaipur

**सूचना आम** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्यगण श्रीमति तनुजा तातेड़, आशा राणा, अमिता महयवाल एवं अरूणा मेहता निवासीगण जयपुर की कृषि भूमि जिसके सर्वे नं.6 रकबा 1.640 हेक्ट. सर्वे नं.7 रकबा 1.60 हेक्ट, सर्वे नं.8 रकबा 2.780 हेक्ट., सर्वे नं.9 रकबा 0.720 हेक्ट., सर्वे नं.13 रकबा 1.730 हेक्ट., सर्वे नं.41 रकबा 0.530 हेक्ट., सर्वे नं.72/1 रकबा 1.180 हेक्ट. एवं सर्वे नं.73 रकबा 0.740 हेक्टेयर कुल रकबा 10.480 हेक्टेयर जो गांव मुण्डला तहसील जावरा जिला रतलाम मध्यप्रदेश में स्थित है इस भूमि बाबत मेरी अभिभाष्यगण ने अपने सगे भाई विजयसिंह बाफना को मुख्यात्यार पत्र दि. 5.4.17 एवं 10.11.17 को दिया था इस मुख्यात्यार-पत्र को दि.15 एवं 16.12.22 को मेरी अभिभाष्यगण ने निरस्त करवा दिया है। कृपया सूचित रहें।

दिनांक-24.12.2022 सत्यपाल फागना एडवोकेट, EN.RN.R-113-1987, Mob.: 9829058772

**राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर**

क्रमांक:-DHC-II/2292 जाहिर आम सूचना दिनांक:-5/12/2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 13/500, मानसरोवर, जयपुर, क्षैत्रफल 47.520 वर्ग मीटर/ वर्गगज का आवंटन श्री शेर सिंह पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4079 दिनांक 27.02.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 15.07.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 396 दिनांक 14.06.2016 के द्वारा श्रीमती शीतल यादव पत्नी स्व. श्री शेर सिंह के नाम मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण कर दिया गया। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 58 दिनांक 17.04.2017 के द्वारा श्रीमती शीतल यादव पत्नी स्व. श्री शेर सिंह के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 13.03.2020 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती शीतल यादव की मृत्यु दिनांक 04.02.2022 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मंयक यादव पुत्र स्व. श्री शेर सिंह यादव ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं हलफनामा प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री मंयक यादव पुत्र स्व. श्री शेर सिंह यादव के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर


## राजस्थान देश का बड़ा औद्योगिक हब बने : मिश्र

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान को बड़ा ओद्योगिक हब बनाने का आव्हान किया है। उन्होंने औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के प्रभावी विकास के साथ वहां कार्यरत कार्मिकों के कुशल प्रबंधन और वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर कार्य दशाओं के निर्माण के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया है। मिश्र शनिवार को एक होटल में आयोजित द एम्पलायर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान 58 वें स्थापना दिवस और बेस्ट एम्पलायर अवार्ड 2022 समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्योग और सेवा क्षेत्र के अंतर्गत राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 'श्रमेव जयते' तथा 'सत्यमेव जयते' को समान महत्व देते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने देश के श्रम कल्याण कानूनों की चर्चा करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य यही है कि उद्योग या सेवा क्षेत्र में काम करने वाले प्रोत्साहित रहें।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## एसिकॉन 2022 का समापन

**जयपुर।** चार दिवसीय एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया (एसिकॉन) की 51 वीं वार्षिक कांफ्रेंस का समापन राजधानी जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में हुआ। एसिकॉन के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी संजय सारण ने बताया कि समापन अवसर पर कांफ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग और साइंटिफिक कमेटी मेंबर्स डॉ. प्रकाश केसवानी, डॉ. सैलेस लोढा, डॉ. प्रेम प्रकाश पाटीदार ,डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. राजीव कासलीवाल, डॉ. अजय शाह, डॉ. मनोज खंडेलवाल ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर सफल आयोजन पर देश विदेश से पधारे सभी डॉक्टर्स का धन्यवाद दिया। इसके अलावा पोस्टर, ओरल पेपर और क्विज के अवॉर्ड्स के अलावा कई डॉक्टर्स को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सभी गेस्ट्स और डॉक्टर्स ने एसिकॉन 2023 हैदराबाद में होने वाली कांफ्रेंस में मिलने का वादा किया।

## प्रदेश के चार जिलों में 21 नए करोना संक्रमित मिले शनिवार को

- **जयपुर में सर्वाधिक 17 नए संक्रमित पाए गए हैं**
- **जयपुर एयरपोर्ट पर आने वाली यात्रियों की रैंडम सैम्पलिंग के लिए बूथ स्थापित किए।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को चार जिलों में 21 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान 14 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 83 हो गए हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

राज्य में शनिवार को जयपुर में 17 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा दौसा में 2 तथा अलवर और चित्तौड़गढ़ में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले राज्य में शुक्रवार को 23 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में 14 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें झोटवाड़ा व शास्त्री नगर में 2-2 तथा आमेर, बनीपार्क, बस्सी, चांदपोल, सिविल लाइन, घाटगेट, कोटपूतली, शाहपुरा, सिरसी, सोड़ाला और ट्रांसपोर्ट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं दो मरीजों का पता गलत होने से उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका है। राज्य में शनिवार को 4987 जांचे की गई है।

प्रदेश में शनिवार को भी रिकवरी कम हुई है। इस दौरान राज्य में 14 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 83 हो गए हैं। इनमें 73 मामले जयपुर में हैं। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

उधर चीन सहित अन्य देशों में करोना के मामले तेजी से बढ़ने के साथ ही प्रदेश में चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। राज्य में एयरपोर्ट पर विदेशों से आने वाले यात्रियों की करोना जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वाली यात्रियों की रैंडम सैम्पलिंग के लिए बूथ स्थापित किए गए हैं।


**आम-सूचना**

'सुनीता सिंह पत्नी श्री गजेन्द सिंह, निवासी-ई-304, रामनगर विस्तार, सोड़ाला, जयपुर ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना नरेन्द्र नगर, सीतारामपुरा, जयपुर के भूखण्ड सं. 5 क्षेत्रफल 88.18 वर्गगज को मदन कंवर का होना बताते हुये तथा मदन कंवर का मृत्यु प्रमाण पत्र व नॉमिनी, पत्र व मूल दस्तावेज पेश कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण करवाने हेतु आवेदन किया है। यदि उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 30 दिवस की अवधि में सम्पर्क करें, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का हस्तान्तरण सुनीता सिंह पत्नी श्री गजेन्द्र सिंह के नाम जारी कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा।

भवदीय (हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट मो. नं. 9314511091

**खोया पाया**

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउन्सील जयपुर का फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन Certificate Original Regd.No. 20336 जयपुर में कहीं खो गया है मिले तो तुरन्त सूचित करें। राजेश कुमार यादव- 9887076103

मेरे मकान 13/250 मालवीय नगर जयपुर का मूल बल्लभ माहेश्वरी के द्वारा दिनेश कुमार अग्रवाल के पक्ष में का वसीयतनामा मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करें- विमला 7014396353

प्रारूप-13 (नियम 13 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (जयपुर)**

क्रमांक-न.पा.पाव.प्रा./2022-23/भूमि/5522 दिनांक-22/12/22

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी मे यह लाया गया है कि खसरा सं. 1970/4, 1970/2, 1970/1, 1970/5, 1972/2, 1973/3, 2023/3, 2861/2023, 2860/2023, 2027/1, 2027/2, 2028/3, 2028/2, 2028/1, 2028/4, 2028/5, 3037/2029, 3036/2029, 3038/2029, 3035/2029, 3039/2029, 3040/2029, 3050/2029, 3048/2032, 3047/2032, क्षेत्र नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के नारायण विहार ग्राम पावटा तहसील पावटा जिला जयपुर में स्थित भूमि या उसके भाग का 31 दिसम्बर 2021 से पूर्व-बाद की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने की दायी है।

अतः उक्त भूमि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों ने भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सकें। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2022 (वर्ष) के दिसम्बर (मास) के (22) दिन को जारी की जाती है।

मोहर अदालत

प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

# 'पेपर लीक के तार आर.पी.एस.सी. व उसकी गोपनीय शाखा से जुड़े हैं'

## किरोड़ी आर.पी.एस.सी. के पेपर लीक मामले में अजमेर पहुंचे

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक माध्यमिक प्रतियोगी परीक्षा 2022 ग्रुप-सी के पेपर लीक होने के मामले में भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा शनिवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग पहुंचे। मीणा आयोग के चेयरमैन संजय श्रोत्रिय से मिलने की बात पर अडे रहे लेकिन आरपीएससी अध्यक्ष के यहां नहीं होने की वजह से मीणा उपसचिव आशुतोष गुप्ता के चैम्बर में पहुंचे जहा मीडिया से वार्ता करते हुये उक्त मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई।

आरपीएससी में मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि पूर्व में भी जब भी आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तब इसके तार कहीं ना कहीं आयोग से जुड़े हुये होने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर शिव सिंह राठौड़ को भी संदेह के घेरे में लिया। उन्होंने कहा कि राठौड़ ने आरएएस 2018 के प्रश्न पत्र में आए एक सवाल का जवाब पहले ही व्हाट्सएप पर किसी को भेज दिया था। यह सवाल 10 नंबर का था, इससे जाहिर है की पेपर लीक के तार आयोग से ही जुड़े हैं। मीणा ने दावा किया कि वह आगामी दो-तीन दिन में इस संबंध में जल्द ही प्रमाण मीडिया व जनता के सम्मुख रखेंगे कि इस पूरे मामले के तार आयोग की गोपनीय शाखा से जुड़े हुए हैं।

मीणा ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे हैं। रीट के पेपर लीक होना इसका एक उदाहरण है। तब उन्होंने बोर्ड के अध्यक्ष डॉ डीपी जारोली पर आरोप लगाए थे और बाद में उन्हें बर्खास्त करना पड़ा। इस मामले में भी जो उन्होंने आरोप लगाए हैं, इसके प्रमाण बस जल्दी ही सबके सामने रखेंगे। राजस्थान लोक सेवा आयोग के शनिवार को हुए पेपर लीक होने के बाद आरपीएससी के बाहर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस का जाप्ता तैनात किया गया है।



एबीवीपी के बैनर तले सांसद मीणा आरपीएससी चेयरमैन को ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन अध्यक्ष नही मिले।

# देश से शरणार्थी पाकिस्तानी वापस जाने के लिए तैयार नहीं

## उनका कहना है कि पाकिस्तान में लोग अत्याचार कर रहे हैं, घर से निकलना भी मुश्किल

**बीकानेर, (कासं )।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर होने वाले अत्याचार से परेशान पचास से ज्यादा लोग इन दिनों भारत में शरण लेने की कोशिश में है। ये सभी लोग पाकिस्तान से धार्मिक वीजा पर भारत आए हैं लेकिन अब वापस जाने के लिए तैयार नहीं हैं। बीकानेर में घूमते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा के प्रतिबंधित एरिया में पहुंच गए, जहां पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल है।

दरअसल, बज्जू पुलिस को सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी नागरिक क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस पर पुलिस ने एक ट्रक से इन सभी को हिरासत में लिया। थाने में पूछताछ के दौरान सभी का वीजा दिखाया गया। बाद में इन्हें बज्जू एरिया में अनाधिकृत तौर पर घूमने पर गिरफ्तार किया गया, पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

पुलिस के अनुसार पाकिस्तान के पचास नागरिक गुरुवार सुबह अटारी बार्डर पर पहुंचे। वहां से एक किराए के ट्रक में बैठकर जोधपुर जा रहे थे। ये सभी बज्जू से निकल रहे थे। बज्जू विदेशी नागरिकों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र है। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने रोक लिया व पूछताछ की इन सभी के पास पाकिस्तान की नागरिकता व पांच साल का धार्मिक वीजा के प्रमाण पत्र मिले। इस ट्रक में पचास लोग सवार थे जिसमे अठारह पुरुष व अठारह महिलाएं तथा चौदह बच्चे शामिल थे।

**■ पाकिस्तान से धार्मिक वीजा पर भारत आए हैं लोग**

पाक के रहमियार खां जिले के नागरिक गोरधनराम भील ने पुलिस को बताया हम लोग पाकिस्तान में काफी पीड़ित थे। पाक सरकार की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल रही है। दिहाड़ी मजदूरी के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे थे, वहां के लोग हमारे साथ अत्याचार कर रहे हैं। जिसके चलते हम लोग हिंदुस्तान पहुंचे हमारे रिश्तेदार पहले से जैसलमेर जिले में रह रहे हैं हम लोग उनके पास रहेंगे। भील का कहना है कि हमें भारत पर भरोसा है लेकिन पाकिस्तान पर नहीं। पाक नागरिक दानाराम ने बताया की हम लोग पाकिस्तान में इतने पीड़ित थे कि रात को घर से बाहर निकलना मुश्किल था। हम किसी तरह से सुरक्षित नहीं थे।

उधर, सीओ खाजूवाला अरविन्द कड़वासरा ने बताया कि एक ट्रक में सवार पचास पाक नागरिक बज्जू क्षेत्र में पहुंचे। इन सभी के पास वीजा पासपोर्ट थे इनसे सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जानकारी ले ली गई, गलत रास्ते से बज्जू प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे इनको एफ आर ओ ऑफिस जोधपुर जाना था।

# शिक्षक भर्ती में ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**■ उड़ान कैरियर पॉइंट कोचिंग सेंटर संचालक व साथी को पकड़ा**

**नागौर, (निसं)।** सैकण्ड ग्रेड अध्यापक भर्ती परीक्षा में पास करवाकर सलेक्शन कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इसमें पीडित की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उसमें से एक नागौर की उडान केरियर पोइंट कोचिंग सेंटर का संचालक व दूसरा आरोपी सवाई माधोपुर जिले के बामणवास का निवासी है। पुलिस अब दोनों पूछताछ कर बरामदगी के प्रयास कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि नागौर की मरूधर कॉलोनी निवासी महेंद्र सिंह चारण पुत्र भवानीसिंह ने 23 दिसंबर को रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह प्रकाश सोलंकी की उडान केरियर पोइंट कोचिंग सेंटर में पढने जाता है। प्रकाश सोलंकी ने उसे बताया कि राजेश मीणा काफी लोगों को परीक्षाओं में पास करवा चुका है। वह आपका काम करवा देगा तथा बताया कि जिस दिन सैकण्ड ग्रेड परीक्षा होगी उससे पहले राजेश मीणा का फोन आएगा और वह आपका काम करवा देगा। इसके बदले में प्रकाश सोलंकी व राजेश मीणा ने पीड़ित परिवादी से डेढ़ लाख रुपए हडप लिए थे। पुलिस ने धोखाधडी का मामला दर्ज किया। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व डीएसपी विनोद कुमार सीपा के निकटतम सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी हनुमानसिंह चौधारी मय टीम व डीएसटी टीम ने मामले की जांच शुरू की।

मामले में अनुसंधान अधिकारी कोतवाली के उप निरीक्षक सुखराम ने त्वरित अनुसंधान कर साक्ष्य संकलन किए और आरोपी मानासर की शास्त्रीनगर निवासी प्रकाश सोलंकी पुत्र धनराज जाति दर्जी तथा सवाई माधोपुर के बामणवास तहसील के बिंजारी गांव निवासी राजेश मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा को गिरफ्तार कर लिा। जांच में सामने आया है कि राजेश मीणा पूर्व में 30-40 युवकों से ऐसी ही ठगी कर चुका है। पुलिस दोनों आरोपियों से और अधिक जानकारी जुटाने के लिए अनुसंधान प्रारंभ किया है।



एसपी के निर्देशन में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा बनी मजाक!

**झुंझुनूं, (निसं)।** शनिवार सुबह पहली पारी के जी के का प्रश्न पत्र निरस्त होने की सूचना ने जिलेभर में परीक्षा केंद्रों पर खलबली मचा दी। सुबह नौ बजे परीक्षा में बैठाकर पेपर बांटे जा चुके थे और कहीं पर तो अभ्यर्थियों ने हल करना भी शुरू कर दिया था। लेकिन अचानक जिला प्रशासन की ओर से आई पेपर निरस्त की सूचना के बाद अभ्यर्थियों से पेपर वापस लेकर उन्हें परीक्षा केंद्रों से बाहर निकाला गया।

अभ्यर्थी निर्मला का कहना है कि 'मैं कार से झुंझुनूं पेपर देने आई थी। परीक्षा केंद्र पर बैठाकर वीक्षकों ने पेपर बांटे और फिर वापस ले लिए। जब पुछा गया तो बताया कि पेपर आउट होने की वजह से रद्द किया गया है। इन सबके पीछे सरकार जिम्मेदार हैं।'

अभ्यर्थी रामकिशन मीणा का कहना है कि 'तय समय पर ओएमआरशीट भरनी शुरू कर दी थी। अचानक पेपर वापस ले लिया गया। यह सब सरकार के भ्रष्ट होने के नतीजों का परिणाम है।'

# सरकारी दस्तावेजों से भरा बोरा मिला

**■ आमसागर सरोवर में शनिवार को सफाई के दौरान मिला बोरा**

**■ बड़ी संख्या में आधार कार्ड, पहचान पत्र, जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र ऑरिजनल सहित कई दस्तावेज मिले**

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह कस्बे के आमसागर सरोवर में शनिवार को सफाई के दौरान सरकारी दस्तावेजों से भरा एक पशु आहार का कट्टा मिलने से क्षेत्र में खलबली मच गई वहीं पुलिस दस्तावेजों की पड़ताल में जुट गई।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों आमसागर सरोवर की सुरक्षा दीवार ढह जाने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से सरोवर को खाली करवा दिया। इन दिनों शहरी रोजगार गारन्टी योजना में लगे श्रमिकों द्वारा शनिवार को सरोवर में खुदाई का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान श्रमिकों को एक पशु आहार का कट्टा भरा हुआ मिला। जिसे खोलकर देखा तो इसमें सरकारी दस्तावेज भरे मिले। सूचना मिलने पर थानाधिकारी दातार सिंह व कस्बा पटवारी मिट्ठू लाल कुमावत मौके पर पहुंचे।

कट्टे में भरे मिले दस्तावेजों को देखा गया तो बड़ी संख्या में आधार कार्ड, पहचान पत्र, जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र ऑरिजनल एवं विवाह पंजीयन सहित अन्य सरकारी दस्तावेज होना सामने आया। थानाधिकारी ने बताया कि इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी दस्तावेज कट्टे में भरकर सरोवर में किसने डाला इसको लेकर पुलिस व कस्बा पटवारी सहित पालिका प्रशासन जांच कर रहा है। कस्बे में इसकी सूचना आग की तरह फैल गई व बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गये।

# मूल की जगह पेपर देने पहुंचा डमी अभ्यर्थी

**भरतपुर, (निसं)।** मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक पर पुलिस ने डमी अभ्यर्थी एवं मूल अभ्यर्थी को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी हुई है।

सरकार की लाख व्यवस्थाओं के बावजूद पेपर में गडबडी करने वाले लोग सक्रिय रहते हैं। इसी कडी में शनिवार को मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय विद्यालय में पुलिस ने मूल अभ्यर्थी की जगह पेपर देने पहुंचे डमी अभ्यर्थी को मूल अभ्यर्थी के साथ गिरफ्तार कर लिया। डमी अभ्यथी जालौर का रहने वाला है जो करौली निवासी मूल अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने के प्रयास में था। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा के अंतर्गत शनिवार को एक परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर जाकर परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्र के कमरे में अपनी सीट पर बैठा था तभी 5 मिनट बाद ही इसी रोल नम्बर का अन्य परीक्षार्थी भी उसी कमरे में परीक्षा देने के लिए पहुंचा। जिस पर वीक्षक को शक हुआ दोनों परीक्षार्थियों की गहनता से जांच करने पर एक परीक्षार्थी डमी परीक्षार्थी महसूस हुआ। दोनों के प्रवेश पत्र एवं मूल आईडी पर सिर्फ फोटो का ही अंतर था। जिस पर संदिग्ध मामला सामने आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दोनों अभ्यर्थियों को हिरासत में ले लिया। जहां पूछताछ में पता चला कि जालौर निवासी डमी अभ्यर्थी प्रकाश कुमार करौली निवासी मूल अभ्यर्थी योगेष कुमार की जगह परीक्षा देने के लिए आया था। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंद्याान मे जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि योगेश की जगह प्रकाश को पेपर देने के लिए 3 लाख में जयपुर में सौदा हुआ था। दोनों ही पेपर जयपुर में पेपर की तैयारी कर रहे थे, उस दौरान दोनों की जान पहचान एक दूसरे से हुई है।



**उदयपुर/ जालोर ( कासं )।** आरपीएसएसी सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को राजस्थान लोक परिवहन की बस में बैठाकर पेपर लीक का मामला उदयपुर में सामने आने के बाद बेकरिया थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पेपर लीक के मुख्य सरगना थेलिया सांचोर स्थित राजकीय विद्यालय के प्रिंसिपल, दो एमबीबीएस छात्रों सहित चार जनों व बस सवार में 45 परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है। परीक्षार्थियों में सात लड़कियां भी शामिल है। पुलिस ने बस, साथ चल रही कार, बस में मौजूद लेपटॉप व प्रिन्टर भी जब्त किए है।

# पेपर लीक मामले में युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**■ भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सरकार व शिक्षा मंत्री के खिलाफ हुई नारेबाजी**

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज्य में सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपसिंह वसुनिया के नेतृत्व में युवाओं ने मुख्यमंत्री गहलोत का पुतला फूंकते हुए सरकार व शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वसुनिया ने कहा कि राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक का सिलसिला थम नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा होने वाली थी लेकिन उदयपुर में एक बस से परीक्षा के पेपर्स बरामद होने की जानकारी मिलने के बाद राजस्थान लोक सेवा आयोग ने परीक्षा रद्द कर दी है। वसुनिया ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर अभ्यर्थियों से चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया कि भाजयुमो उनके साथ मजबूती से खडा है एवं उन्हें न्याय दिलाया जायेगा। युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिजीत जैन ने बताया कि विरोध प्रदर्शन करने वालों में जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमेश्वर मईडा, जिला उपाध्यक्ष सिताराम खराडी, जिला मंत्री मिलन पंड्या, नगर मंडल अध्यक्ष अनिल गहलोत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायण निनामा, पार्षद महेंद्र सिंह, जिला आईटी प्रभारी राहुल गणावा, महामंत्री कल्पेश सेवक राहुल राठौड, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, महेंद्र सिंह, सूरज बंजारा, नगर मंत्री कुलदीप सिंह, देव भावसार, रक्षित भावसार सहित अभ्यर्थी शामिल रहे।

## चूरू में पारा 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी अंचल में आज पारे में उतार-चढ़ाव के बीच कड़ाके की सर्दी पड़ी। साथ ही यहां आज दूसरे दिन भी सवेरे घना कोहरा छाया रहा। यहां मध्य रात्रि के बाद ही शुरू हुआ कोहरा वाहन चालकों के जी का जंजाल बन गया। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में शनिवार को न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

## रिश्वत लेने वाले पटवारी को जेसी भेजा

**टोंक, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक ने रिश्वत लेते हुए पकड़े पीपलू तहसील के सोहेला हल्का के पटवारी को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक ने एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए पीपलू तहसील के सोहेला हल्का पटवार हल्का के पटवारी नारायण लाल सैन को परिवादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जिसको भ्रष्टाचार निरोधक न्यायालय अजमेर में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# जेईई-मेन 2023 की आवेदन प्रक्रिया जारी

## बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत का मामला

**■ बोर्ड पात्रता प्रतिशत कम होने पर भी कई बड़े कॉलेज हैं विकल्प**

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब तक करीब 2.80 लाख स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके हैं। इधर, एनआईटी-ट्रिपलआईटी में प्रवेश बोर्ड पात्रता को लेकर असमंजस भी बरकरार है। स्टूडेंट्स 75 प्रतिशत बोर्ड पात्रता को लेकर स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहे हैं और आवेदन करने में देरी कर रहे हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 12 जनवरी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि ट्रिपलआईटी हैदराबाद, दिल्ली, बैंगलुरु, डिटीयू एनएसआईटी दिल्ली, एलएनएमआईआईटी जयपुर, निरमा अहमदाबाद, जेपी नोएडा, थापर पटियाला, जामिया दिल्ली, एआईटी पुणे, आईआईएससी बैंगलुरू में भी प्रवेश लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जेईई-मेन के आधार पर ही करीब 9 स्टेट ऐसे हैं जो अदर स्टेट कोटे से जेईई-मेन के आधार पर ही काफी पीछे की रैंक आने पर प्रवेश देते हैं, जिनमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, वेस्ट बंगाल, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा शामिल हैं। इन राज्यों के कॉलेजों में प्रवेश पात्रता 75 प्रतिशत से बहुत कम है। इन सभी राज्यों के तकनीकी संस्थानों में हर वर्ष जेईई-मेन के आधार पर हजारों विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं।

आहूजा ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड की रैंक के आधार पर आईआईटी के अतिरिक्त कई तकनीकी एवं रिसर्च के संस्थान ऐसे भी हैं जहां पर 12वीं बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत से कम है। इन संस्थानों में आईआईएसईआर मोहाली व अन्य कैम्पस, आईआईएससी बैंगलुरू, आईआईएसटी त्रिवेंद्रम, आरजीआईपीटी रायबरेली, आईआईएपी विशाखापट्टनम संस्थान शामिल है, इन संस्थानों में भी विद्यार्थी बोर्ड पात्रता पूरी नहीं होने पर प्रवेश ले सकता है।

## युवती ने की आत्महत्या

**■ तीन पेज का सुसाइड नोट लिखा**

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में बलात्कारी द्वारा उत्प्रेरित करने से युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मांडल थानाधिकारी विनोद कुमार मीणा ने बताया की किशोरी के फंदे पर झूलने की सूचना पर मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारा। शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन शौषण करने का मामला भीलवाडा कोतवाली में दर्ज किया गया था, जोकि कोर्ट में विचाराधीन चल रहा है।

बलात्कार के आरोपी को कुछ दिन पूर्व ही जमानत मिल गई थी जिस पर वह अपने पिता के साथ कोर्ट में पेशी पर आया था इसी दौरान पीडिता भी कोर्ट आई थी जिस पर आरोपी द्वारा परिसर में कटास किए गए जिससे अवसाद में आकर किशोरी ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। संतोकपुरा ग्राम में बीती रात्रि को 25 वर्ष की युवती ने 3 पृष्ठ का सुसाइड पत्र लिखकर कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड पत्र में युवती ने महावीर व उदय लाल नामक व्यक्तियों द्वारा उसे उत्प्रेरित और प्रताडित करने का आरोप लगाया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुख्यात हथियार तस्कर को किया गिरफ्तार

## पांच अवैध देशी कट्टा एवं 40 जिंदा कारतूस बरामद

**करौली, (नि.स.)।** करौली सदर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत 5 अवैध देशी कट्टा एवं 40 जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने करौली सदर थाना परिसर में कुख्यात हथियार तस्कर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्पेशल टीम एवं थाना अधिकारी सदर करौली की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए शातिर बदमाश भूपेंद्र पुत्र महेश परमार 26 निवासी कासौटी खेडा थाना सदर बाड़ी जिला धौलपुर को 5 अवैध देसी कट्टा एवं 40 कारतूस के अलावा एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

उन्होंने बताया कि शनिवार को स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल रविंद्र,करौली सदर थाना अधिकारी कृपाल सिंह को सूचना दी गई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से सरमथुरा की तरफ से करौली की ओर आ रहा है जिस पर अवैध हथियारों का जखीरा होने की पुख्ता सूचना है। सूचना मिलते ही थाना अधिकारी ने पुलिस जाब्ता को अवगत कराते हुए तत्काल प्रभाव से कोंडर मोड से आगे चैनपुर पुलिया पर नाकाबंदी शुरू कर दी गई नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार बताए गए हुलिए के अनुसार सरमथुरा की ओर से करौली की तरफ तेज गति से आता हुआ नजर आया जिसके पीछे-पीछे सरकारी बोलेरो जीप स्पेशल टीम की आ रही थी मोटरसाइकिल सवार को थाना अधिकारी ने रुकने का इशारा किया तो पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल को वापस घुमा कर युवक भागने का प्रयास करने लगा जिसे तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम के जवानों ने धर पकडा।

पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम भूपेंद्र पुत्र महेश परमार ठाकुर होना बताया जिसकी तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल की टंकी पर प्लास्टिक के कट्टे के थैले में 5 अवैध देसी कट्टा एवं 40 कारतूस मिले जिन्हें मौके पर नियमानुसार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर करौली सदर थाना पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है उन्होंने बताया कि आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने हथियारों के जखीरे को अंकित पुत्र विजेंद्र परमार निवासी बाड़ी से तथा 40 कारतूसों को मुर्रा उर्फ देवेंद्र ठाकुर निवासी बरखेड़ा थाना सेपउ से खरीद कर लाना बताया अवैध हथियार के कारोबार में लिप्त लोगों के बारे में पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

उन्होंने बताया कि टीम में सदर थाना अधिकारी कृपाल सिंह, हैड कांस्टेबल देवकीनंदन, कांस्टेबल धवल सिंह , नेमीचंद, सतीश कुमार,रमाकांत वाहन चालक के अलावा जिला स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल रविंद्र,विजय सिंह,कांस्टेबल एस.के कॅवर,रणवीर सिंह, तेजवीर, बृजेश एवं मनीष कुमार साइबर सेल टीम की विशेष सराहनीय भूमिका रही।



करौली पुलिस की गिरफ्त में हथियार तस्कर भूपेन्द्र परमार।

# सौम्या गुर्जर को महापौर के पद से हटाने को लेकर असमंजस में राज्य सरकार?

## यह चर्चाएं इसलिए हैं क्योंकि सौम्या गुर्जर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद 25 नवंबर को स्वायत्त शासन निदेशक को नोटिस का जवाब पेश किया था, उसके बाद से पूरा प्रकरण ठंडे बस्ते में है

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर को पद पर रखना है या नहीं, इसे लेकर राज्य सरकार असमंजस में दिख रही है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद स्वायत्त शासन विभाग से मिले नोटिस का सौम्या गुर्जर ने एक माह पहले 25 नवंबर को ही जवाब दे दिया था, लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने नोटिस का निरीक्षण कराने के बाद कोई फैसला नहीं किया गया है। जिसके बाद से फाइल निदेशालय की सतर्कता शाखा में पड़ी है।

सूत्रों की मानें तो स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा को नोटिस का लिखित जवाब पेश करने से पहले महापौर सौम्या गुर्जर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात करके भी अपनी बात रखी था।

तब से यही कयास लगाए जा रहे थे कि अब राज्य सरकार का उन पर फिलहाल कार्रवाई का कोई मूड नहीं है। अब जिस तरह से समय बीत रहा है, उससे यही कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार उन्हें पद से हटाने के पक्ष में नहीं है। जबकि हाईकोर्ट ने गत 10 नवंबर को सौम्या गुर्जर की बर्खास्तगी आदेश को रद्द करते हुए जब राज्य



महापौर सौम्या गुर्जर

सरकार को आदेश दिया था कि उन्हें न्यायिक जांच के आधार पर सुनवाई का मौका दिया जाकर नये सिरे से कार्रवाई की जाये।

हाईकोर्ट के आदेश के अगले ही दिन 11 नवंबर को स्वायत्त शासन विभाग ने सौम्या गुर्जर को नोटिस थमाकर 7 दिन में जवाब पेश करने को कहा था। इसके बाद महापौर ने 30 दिन का समय मांगा था, जिस पर 7 दिन का अतिरिक्त देते हुए 25 नवंबर तक का समय दिया गया था। ऐसे में लग रहा था कि राज्य सरकार सौम्या गुर्जर के खिलाफ कार्रवाई करना चाह रही है, लेकिन जब महापौर सौम्या ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद स्वायत्त शासन निदेशक को नोटिस का जवाब पेश किया है, उसके बाद से पूरा मामला ठंडे बस्ते में है।

गौरतलब है कि गेंद सरकार के पाले में हैं और सरकार कानूनन रूप से जब चाहे सौम्या गुर्जर के जवाब का परीक्षण करने के बाद उन्हें हटाने की कार्रवाई कर सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर सरकार सौम्या गुर्जर को पद से हटाती है तो उस स्थिति में दुबारा चुनाव होंगे।

ऐसे में फिर से भाजपा का ही महापौर बनेगा, क्योंकि ग्रेटर निगम के बोर्ड में भाजपा पार्षदों का संख्याबल ज्यादा है। ऐसे में राज्य सरकार या कांग्रेस पार्टी को कोई फायदा नहीं होने वाला है। इस वजह से भी सरकार कार्रवाई से बचना चाह रही है। अगर सौम्या गुर्जर को पद से हटाया जाता है तो 10 नवंबर के ग्रेटर निगम में हुए महापौर उपचुनाव के नतीजे ही घोषित किए जाएंगे या फिर नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। इसे लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अभी तक इस मामले को लेकर भी कोई अध्ययन या एएजी की राय नहीं ली गई है। अगर 10 नवंबर के ही चुनाव नतीजे घोषित किए जाते हैं तो भाजपा की रश्मि सैनी की जीत तय मानी जा रही है। वहीं अगर दुबारा नये सिरे से चुनाव होते हैं तो कांग्रेस व भाजपा को नये सिरे से पुनः महापौर प्रत्याशी बनाना पड़ेगा।

- **इससे पूर्व हाईकोर्ट ने न्यायिक जांच के आधार पर की गई सौम्या गुर्जर की बर्खास्तगी को रद्द करते हुए नये सिरे में सुनवाई का मौका देने का आदेश दिया था, तब अदालती आदेश के अगले ही दिन स्वायत्त शासन निदेशक ने उन्हें नोटिस थमा दिया था**
- **सूत्रों की मानें तो सरकार के असमंजस का एक कारण और भी है कि अगर सौम्या गुर्जर को पद से हटाया जाता है तो दुबारा चुनाव होंगे, जिसमें संख्याबल के आधार पर फिर से भाजपा का ही महापौर बनने की संभावना है। ऐसे में राज्य सरकार या कांग्रेस पार्टी को कोई फायदा नहीं होने वाला है।**
- **इसके अलावा असमंजस का दूसरा कारण यह भी है कि अगर सौम्या गुर्जर को पद से हटाया जाता है तो 10 नवंबर के चुनाव के नतीजे ही घोषित किए जाएंगे या फिर नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। अभी तक इस मामले को लेकर भी कोई अध्ययन या एएजी की राय नहीं ली गई है।**

## चचेरे भाई-बहन का शव पेड़ से लटका मिला

**जयपुर** (कासं)। बिंदायका इलाके में शनिवार सुबह चचेरे भाई-बहन का शव पेड़ से लटका मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए है। मृतक भाई-बहन शुक्रवार रात को घर से अचानक गायब हुए थे। पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह मुंडियारामसर गांव में एक पेड़ से लड़का-लड़की का शव लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। मृतक की शिनाख्त ओमी बंजारा (20) और मृतका की संजू बंजारा (14) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई-बहन है और दोनों मुंडियारामसर गांव में ही रहते है। देर शाम से ही दोनों चचेरे भाई-बहन घर से गायब थे। पुलिस सुसाइड के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## जवाहर नगर में घायल लेपर्ड की उपचार के दौरान मौत

- **7 दिन पहले तेज रफ्तार वाहन ने मारी थी टक्कर**

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर बाईपास पर 17 दिसंबर को घायल अवस्था में मिले लेपर्ड की इलाज के दौरान मौत हो गई है। सीनियर एनिमल डॉक्टर अरविंद माथुर ने बताया कि लेपर्ड किसी भारी वाहन से टकराया था। जिसकी वजह से उसकी रीड की हड्डी पूरी तरह से टूट चुकी थी। वहीं, शरीर में खून के थक्के जम गए थे। ऐसे में इलाज के बावजूद 7 दिन के संघर्ष के बाद शनिवार को लेपर्ड ने दम तोड़ दिया। ऐसे में पोस्टमार्टम के बाद नाहरगढ़ रेस्क्यू सेंटर में ही लेपर्ड का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

दरअसल, पिछले शनिवार को जयपुर के अरण्य भवन के नजदीक जवाहर नगर बाइपास पर रात झालाना के जंगल से निकलकर लेपर्ड सड़क पर आ गया था। इस दौरान वहां से गुजर रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। रात 8:30 बजे वन विभाग को सूचना मिली कि सड़क किनारे लेपर्ड घायल पड़ा है। रात करीब 9 बजे टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे चले रेस्क्यू के बाद उसे पकड़कर पिंजरे में बंद किया। गाड़ी से लेपर्ड की टक्कर इतनी भयंकर थी कि कमर के नीचे का पूरा हिस्सा जख्मी हो गया था। इसकी वजह से वह चल भी नहीं पा रहा था। दीवार का सहारा लेकर वह धीरे-धीरे रेंगते हुए जंगल में जाने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद वन विभाग की टीम उसे नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क ले गई है। जहां उसका उपचार जारी था।

## दुष्कर्मी गिरफ्तार

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में पिछले नौ माह से चल रहे एक आरोपी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया आरोपित अरविंद जागा निवासी मानटाउन (सवाई माधोपुर) को गिरफ्तार किया है। बजाज नगर पुलिस ने नौकरानी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिव कुमार (49) निवासी बरकत नगर, बजाज नगर को दबोचा है।

## सार-समाचार

### स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित



**जयपुर** । राजस्थान यूथ फाउंडेशन, जयपुर की ओर से किशनगढ़ के नजदीकी गांव बांदरसिंदरी के महात्मा गांधी सरकारी स्कूल, रेगरान बस्ती के जरूरतमंद बच्चों को यूनिफार्म के स्वेटर वितरित किए गए। प्रधानाध्यापक बृजराज सिंह ने बताया कि फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश सचिव पीयूष गौतम, संस्थापक सदस्य गुरजंट सिंह धालीवाल, समाजसेवी अरूण कुमार मालपानी ने समस्त बच्चों को अल्पाहार के पश्चात स्वेटर वितरित किए। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार एक हजार जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत अब तक 550 बच्चों को स्वेटर वितरित किए जा चुके हैं।

### आर्य समाज ने बलिदान दिवस मनाया

**जयपुर** । आर्य समाज जयपुर में समाज की प्रधान मृदुला सामवेदी की अध्यक्षता में अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर सभी शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भजनों की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. मधु यादव ने ''त्वं ही नःपिता वसो'' के बोल दहाडा था'' आधारित स्वामी जी के जीवन पर कविता प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षा मृदुला सामवेदी ने स्वामी शृद्धानंद जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के बी सिंह ने स्वामीजी के जीवन से संबंधित रोचक घटनाओं से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिरुद्ध साहनी ने किया। इस अवसर पर रवि नैयर, बलदेव राज आर्य, प्रो घनश्याम धर त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू

**जयपुर** । हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में शनिवार को रामनिवास बाग के शिव सत्संग भवन के सामने स्थित स्काउट गाइड सभागार में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने सुबह 11 से शाम पांच बजे तक कथा श्रवण कराया। उन्होंने श्रीमद्भागवत के माहात्म्य की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत के दर्शन, श्रवण और पूजन से पापों का नाश हो जाता है। परमात्मा आनन्द स्वरूप है। आनंद मनुष्य के अंदर रहता है। लेकिन मनुष्य उस आनन्द को संसार की जड़ वस्तुओं में खोजता है। जिस प्रकार दूध में मक्खन होने पर भी हमें दिखाई नहीं देता है, उसी प्रकार वह आनंद स्वरूप परमात्मा भी मनुष्य के अंदर विद्यमान रहते हुए भी दिखाई नहीं देते। दूध से मक्खन प्राप्त करने के लिए दूध को गर्म करके दही बनाकर उसका मंथन करने पर मक्खन प्राप्त होता है, उसी प्रकार मनुष्य को मनो मंथन करके उस आनंद को प्रकट करना पड़ेगा। एक अन्य प्रसंग में उन्होंने कहा कि संसार में रहकर सभी कार्य करते हुए भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। तुम घर में रहो, लेकिन घर को अपने मन में मत रखो। घर में रहना पाप नहीं है। घर को मन में रखना पाप है। घर में रहते हुए, अपने सभी व्यवहार निभाते हुए, आसक्ति रहित होकर के प्रभु की प्राप्ति का मार्ग हमें श्रीमद् भागवत सिखाती है।

### मानसरोवर में कायाकल्प शिविर शुरू

**जयपुर** । मध्यम मार्ग मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केंद्र में शनिवार को दो दिवसीय कायाकल्प शिविर का शुभारंभ हुआ। संयोजक सुशील शर्मा और सह संयोजक हरिराम गुप्ता ने बताया कि शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, घुटनों का दर्द सहित अन्य बीमारियों के रोगियों ने विशिष्ट हवन सामग्री से आम की लकड़ी जलाकर हवन किया। यज्ञाग्नि के धुंआ रहित वातावरण में एक घंटे तक योग और प्राणायाम का अभ्यास किया।

## मोहंती पर लगाए चार्ज संशोधित करने का प्रार्थना पत्र खारिज

**जयपुर,** (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने 23 वर्षीय एमबीए छात्रा से दुष्कर्म से जुड़े मामले में आरोपी पूर्व आईएएस बीबी मोहंती पर कोर्ट की ओर से लगाए चार्ज संशोधित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

प्रार्थना पत्र में विशेष लोक अभियोजक ललिता संजीव महरवाल ने बताया कि मामले में आरोप पत्र पेश होने के बाद कोर्ट ने मोहंती के खिलाफ सिर्फ 354ए और 376(2) के तहत ही चार्ज लगाए थे। जबकि मोहंती पीड़िता को आईएएस की तैयारी करा रहे थे और शिक्षक की भूमिका में थे। इसके अलावा मोहंती ने पीड़िता के साथ साथ बार-बार दुष्कर्म किया था। ऐसे में मोहंती के खिलाफ 376(2)(एफ) और 376(2) के तहत भी चार्ज लगाए जाने चाहिए। इसका विरोध करते हुए मोहंती की ओर से कहा गया कि अभियोजन पक्ष ने मामले की सुनवाई में देरी करने के लिए यह प्रार्थना पत्र पेश किया है। बचाव पक्ष की ओर से वर्ष 2021 में ही अंतिम लिखित बहस पेश की जा चुकी है, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अब तक अपना जवाब पेश नहीं किया है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

गौरतलब है कि 23 वर्षीय एमबीए छात्रा ने 25 जनवरी 2014 को तत्कालीन आईएएस बीबी मोहंती के खिलाफ महेश नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि मोहंती ने आईएएस की तैयारी कराने के नाम पर डेढ़ साल तक उसके साथ कई जगह ले जाकर दुष्कर्म किया था। मालूम हो कि इससे पूर्व पीड़िता ने अपने हॉस्टल संचालक के खिलाफ भी दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था, लेकिन अदालत में पक्षद्रोही होने के कारण अदालत ने हॉस्टल संचालक को बरी करते हुए पीड़िता के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया था।

# व्यापारी को बेटे के अपहरण की धमकी देकर 10 लाख रुपये फिरौती मांगने वाला दबोचा

## व्यापारी के घर की रैकी करते समय पुलिस टीम के हत्थे चढ़ा बदमाश

**जयपुर** (कासं)। विधाधर नगर पुलिस ने व्यापारी को बेटे के अपहरण की धमकी देकर 10 लाख की फिरौती मांगने वाले बदमाश को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। फ़िलहाल, पुलिस आरोपित से पूछताछ में जुटी है।

डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया गिरफ्तार आरोपित शाहरुख खान (26) हसनपुरा-ए सदर स्थित मकान संख्या बी-34 का रहने वाला है। आरोपित ने वारदात के लिए चोरी के मोबाइल और सिम को उपयोग में लिया था। वह व्हाट्सप्प वाइस कॉल पर व्यापारी को धमकी देकर मोबाइल स्विच ऑफ कर लेता था। पुलिस ने बदमाश को चिन्हित कर उसके मेन मोबाइल नंबर को ट्रेस किया और शनिवार को व्यापारी के घर की रेकी करने के दौरान उसे पकड़ लिया। आरोपित ने पूछताछ में व्यापारी के बेटे को किडनैप करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने की वारदात कबूल की है, जिसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपित शाहरुख़ नयाखेडड़ा निवासी व्यापारी को 14 दिसम्बर से लगातार धमकी दे रहा था। बेटे को किडनैप करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग करता। धमकी देने के बाद मोबाइल नंबर को स्विच ऑफ कर लता था। पुलिस ने मोबाइल नंबर ट्रेस आउट किए तो मोबाइल चोरी का निकला। आरोपित ने धमकी देकर रुपयों से भरा बैग अजमेर पुलिया के नीचे रखने को कहा। रुपए के बैग को रखने की चिह्नित जगह पर पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए जाल भी बिछाया था, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने जगह पर मूवमेंट के हिसाब से काफी मशक्कत के बाद आरोपित को चिन्हित किया। शनिवार को व्यापारी के घर की रैकी करने के दौरान पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया।

- **इससे पहले आरोपी ने फोन पर धमकी देकर 10 लाख रु. से भरा बैग अजमेर पुलिया के नीचे रखने के लिए व्यापारी को कहा था, जहां पुलिस ने जाल बिछाया लेकिन पकड़ नहीं सके**



विधाधर नगर पुलिस ने व्यापारी को बेटे के अपहरण की धमकी देकर 10 लाख की फिरौती मांगने वाले बदमाश को शनिवार को गिरफ्तार किया।

## एटीएम बूथ से छह बैट्री चोरी

**जयपुर** । सिंधी कैंप इलाके स्थित एटीएम बूथ में से कीमती बैट्रियां चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया घटना सिंधी कैंप मेट्रो स्टेशन के नीचे स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ की है, जहां गत दिनों अज्ञात चोर एटीएम की 6 कीमती बैट्रियां चुरा ले गए। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

## पौषबड़ा वितरित

**जयपुर** । अशोक मार्ग स्थित श्री सीतारामजी मंदिर में बेस्ट कैपिटल की ओर से पौषबड़े-हलवे का भगवान को भोग लगाया गया, इसके बाद प्रसादी बांटी गई। आयोजक अरूण बगड़िया ने बताया कि हर साल पौष माह में यह आयोजन किया जाता है। इस मौके पर पूनम बगड़िया, रामविलास शर्मा, इंद्र सिंह भाटी, पंकज विजयवर्गीय, सुरेंद्र सिंह, मोहन बगड़िया, जीतू यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हथियार समेत बदमाश दबोचा

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने बिंदायका इलाके में किसी वारदात की फिराक में घूम रहे एक बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल सहित सात कारतूस जब्त किए हैं। डीसीपी परिस देशमुख ने बताया गिरफ्तार आरोपित विश्राम सिंह प्रजापत (27) भुसावर (भरतपुर) हाल हनुमान नगर बिन्दायका का रहने वाला है, जिसके कब्जे से एक पिस्टल सात कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित विश्राम सिंह का पड़ौसियों से झगड़ा होने के कारण व लोगों को डराने-धमकाने के लिए हथियार रखता है और बड़ी वारदात करने की फिराक मे था। आरोपित शराब का आदि है। वह करौली से पिस्टल और 9 कारतूस 35 हजार रूपए में खरीद कर लाया था, जिसमें से दो राउंड दीपावली पर फायर कर दिए थे।

## नौ लपके पकड़े

**जयपुर** । पर्यटक पुलिस ने देशी-विदेशी पर्यटकों को परेशान कर लपकागिरी करने वाले नौ लपकों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी परिस देशमुख ने बताया आरोपित आनंद, साबिर खान, सादिक खान, मोहम्मद रजाक निवासी आमेर रोड, किशन स्वामी निवासी ब्रह्मपुरी, नरेन्द्र सिंह निवासी झोटवाडा, जितेन्द्र सिंह निवासी वैशाली नगर, अफजल बेग निवासी रामगंज और सुरेन्द्र सिंह निवासी खातीपुरा को गिरफ्तार किया है।

## युवक से नकदी लूटी

**जयपुर** (कासं)। आदर्श नगर इलाके में एक युवक के साथ लूट की वारदात हुई। जांच-अधिकारी एसआई धर्मेंद्र शर्मा ने बताया धन्नादास की बगीची, लालकोठी निवासी जुनेद कुरैशी 22 दिसंबर की रात करीब 11 बजे अपने भाई के साथ पर स्कूटी पर सवार होकर कैश डिपॉजिट मशीन में रूपए जमा करवाने निकला था। रास्ते में दो मशीनों में पैसे जमा नहीं हुए तो बर्फखाने चौराहे के पास एटीएम पहुंचा। यहां 22 हजार रूपए मशीन में जमा करवाने के बाद बाकि 17 हजार रूपए वापिस लेकर जा रहा था। रास्ते में अशोक चौक के पास एक बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने रोका और कान पर पिस्टल लगा कर 17 हजार रूपए लूट ले गए।

# जयपुर ज्वैलरी शो में विजिटर्स की उमड़ती भीड़ से एग्जीबिटर्स में उत्साह की लहर

**जयपुर** । सीतापुरा स्थित जेईसीसी में चल रहे जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के दूसरे दिन शनिवार को भारी संख्या में आभूषण प्रेमी उमडे। इनमें न सिर्फ जयपुरवासी, बल्कि ईयरएंड पर जयपुर घूमने आए कई बाहरी पर्यटक भी दिसंबर शो के नाम से प्रसिद्ध जेजेएस का भाग बने। विजिटर्स ने स्टॉल ओनर्स के साथ विभिन्न प्रकार की ज्वैलरी की जानकारी प्राप्त कर इसकी खरीददारी भी की। खरीददारी के इच्छुक व्यक्तियों की क्वेरीज का समाधान कर उनकी डिमांड को पूरा करना शो के एग्जीबिटर्स के लिए भी उत्साहवर्धक रहा।

उल्लेखनीय है कि जेजेएस के प्रति व्यापारियों के विश्वास की वजह से शो के 86 प्रतिशत एग्जीबिटर्स गत कई वर्षों से लगातार जेजेएस के साथ जुड़े हुए हैं। शो में इस बार विजिटर्स को पारंपरिक हैवी गोल्ड ज्वैलरी से लेकर लाइट वेट ज्वैलरी के नए ट्रेंड्स भी देखने को मिल रहे हैं। शो में जडाऊ ज्वैलेरी, एमरल्ड, कुंदन, मीना और पोल्की की ज्वैलरी विजिटर्स को खासा लुभा रहीं है। वहीं साउथ की टैम्पल ज्वैलरी भी विजिटर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शो में भगवान की मूर्तियां भी विजिटर्स को काफी पसंद आ रही है। इसमें सोने-चांदी से बनी भगवान सालासर और खाटू श्याम की मूर्तियां, तिरूपति बालाजी का दरबार कुछ प्रमुख हैं। तिरूपति बालाजी के दरबार को चांदी से तैयार किया गया है और साथ ही इस पर किया गया पोल्की वर्क इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है।

जेजेडीएफ में तीन ब्रांड्स - मलीहा, नीरजा ब्लू पॉटरी और प्रिंसेज दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) की ओर से भी बूथ लगाए गए हैं, जिन पर लोकल मैटेरियल्स के जरिए बनाई गई हैंडीक्राफ्टेड ज्वैलरी प्रदर्शित की जा रही है। मलीहा की ओर से जहां वुडन ज्वैलरी डिस्प्ले की गई हैं, वहीं नीरजा ब्लू पॉटरी के बूथ पर ब्लू पॉटरी व व्हाइट मैटल से बनी खूबसूरत ज्वैलरी प्रदर्शित की जा रही है। इसी प्रकार पीडीकेएफ की ओर से फेब्रिक व क्रोशिए से बनी कलात्मक ज्वैलरी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां कलात्मक रूप से जेमस्टोन डिस्प्ले करने के लिए एक आर्ट गैलरी बनाई गई है, साथ ही सेमिनार्स, पैनल डिस्कशन, ज्वैलरी का वर्चुअल डिस्प्ले जैसी कई गतिविधियां रखी गई हैं। इनके अतिरिक्त यहां लाइब्रेरी, कैफेटेरिया और लाइव म्यूजिक का आनंद भी उठाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि जेजेएस की ओर से वर्ष 2017 में बेहतरीन ज्वैलरी और शानदार रत्नों की मार्केटिंग के साथ-साथ जैमस्टोन बनाने की कला व नगीनों को तराशने के हुनर, जयपुर के आभूषणों की अनमोल विरासत, व नायाब कारीगरों के कौशल को भी समुचित रूप से प्रदर्शित करने के उदेश्य से जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल शो (जेजेडीएफ) की शुरुआत की गई थी। जिसका विजन जेम और डिजाइन की कला को प्रोत्साहन देने के साथ ही विभिन्न ज्वैलरी व डिजाइन संस्थानों के कारीगरों और यंग डिजाइनर्स को एक मंच प्रदान करना भी है।



जेजेएस में पहुंचे लोगों ने स्टॉल ऑनर्स से रत्न-जेवरातों पर चर्चा की।

## श्रद्धांजलि देने के लिए रोड शो आज

**जयपुर** । सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क के सदस्यों द्वारा गुरू गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों व माता जी की शहादत को श्रद्धांजलि देने व जन समूह को संदेश देने के लिए 25 दिसंबर को स्टेच्यू सर्किल पर एकत्रित होकर रोड शो निकाला जाएगा। सोसायटी के सदस्य, सूर्य उदय सिंह ने बताया कि लगभग 40 बच्चे साहिबजादों की तरह तैयार होकर शहादत से संबंधित बैनर और तख्तियां लेकर खडे होंगे। जिनमें चित्रों-स्लोगन के माध्यम से शहादतों को दर्शाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सिक्खों के दसवें गुरू, सरबंसदानी गुरू गोबिन्द सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बडी शहादत माना जाता है। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार 7 पोष से 14 पोष तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता है। इन दिनों में गुरूजी के बडे साहिबजादे बाबा अजीत सिंह (उम्र 19 वर्ष) और बाबा जुझार सिंह (उम्र 15 वर्ष) मुगलों का सामना करते हुए चमकौर के युद्ध में शहीद हो गए। छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह (उम्र 9 वर्ष) व बाबा फतेह सिंह (उम्र 7 वर्ष) मुसलमान बनने से इन्कार करने पर धर्म रक्षा करते हुए मुगल फौजदार वजीर खान के आदेश पर जिंदा दीवार में चिनवा दिए गए।

# युवक का अपहरण कर लूटपाट करने वाले पांच बदमाश पकड़े

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में युवक का अपहरण कर उसके साथ लूटपाट करने वाले 5 बदमाशों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी राजीव पचार ने बताया कि सांगानेर सदर इलाके में वाटिका रोड पर भैरव सर्किल ने आरोपियों ने कुंदन गुर्जर का अपहरण किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी गीताराम गुर्जर, पहलवान गुर्जर, धारा सिंह, शोभाराम व दिलखुश गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली।

डीसीपी ने बताया कि 23 दिसंबर को रात 9 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर अज्ञात व्यक्ति ने सूचना दी थी कि वाटिका रोड पर भैरव सर्किल से 5-6 लोग एक युवक को जबरन कार में पटककर ले गए। पुलिस ने सूचना देने वाले व्यक्ति से बात की तो वह भी कार के नंबर और बदमाशों को हुलिया नहीं बता पाया, क्योंकि उसने भी दूर से ही वारदात देखी थी। इस पर पुलिस ने मुखबिरों और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर कार के नंबर मालूम किये और पुलिस टीम को बदमाशों के पीछे लगाया। इसी बीच बदमाशों को पुलिस द्वारा पीछे किये जाने की भनक लग गई और वे लोग पीड़ित कुंदन गुर्जर को प्रताप नगर में हल्दीघाटी मार्ग पर पटककर फरार हो गए। पुलिस ने 3-4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बदमाशों का सुराग लगाया और उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी गीताराम गुर्जर टोंक के उटिटाना का रहने वाला है, जबकि पहलवान गुर्जर उनियारा के टाटीथली, धारा सिंह उनियारा के हरदतपुरा, शोभाराम सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा तथा दिलखुश गुर्जर टोंक के अरनिया केदार का रहने वाला है। बदमाशों को पकड़ने में कांस्टेबल बजरंगलाल व शंकरलाल की अहम भूमिका रही।



प्रताप नगर पुलिस ने युवक का अपहरण करने वाले 5 बदमाशों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया।

## Christmas Trees

Christmas trees were first used by ancient Egyptians and Romans. The origin or the use of Christmas trees goes way back to ancient Egyptians and Romans. They used evergreen trees like fir or pine trees, wreaths, and garlands. And the use of modern Christmas trees started in Germany in the 16th century. Instead of the glitzy decorations that we see on them today, they were decorated with fruits and nuts. Wet bet you didn't know this interesting fact about the Christmas tree!



# At their peak, Dhoni & Kohli perfect captains in every format: Tharoor



Shashi Tharoor.

> "Watching a Test match unfold is like reading a novel. An ODI is, at best, a short story. As for T20, it's a sitcom. Each lingers in the memory only as much as these equivalents do"



Lokendra Pratap Sahi
*Senior Journalist*

London-born Dr Shashi Tharoor is such a delight to interact with. The sitting MP from Thiruvananthapuram (a former Union minister, by the way) is precise with answers and, naturally, exceedingly well informed.

Indeed, engaging with the 66-year-old 'Mr Articulate' is fascinating.

Dr Tharoor, restricted somewhat by torn ligaments in his left ankle, wasn't comfortable taking questions on politics. However, he happily obliged when it came to a cricket-specific Q&A.

Excerpts...

***Q: Have been curious... What attracted a former Under-Secretary General of the UN, a three-time Congress MP and celebrated author to cricket... From The Oval in London (twice) to Eden Gardens in Kolkata, I've had opportunities to lob questions at you...***

**A:** My cricket fandom goes back much before my years at the UN... I was introduced to Test matches on a sunny afternoon in Bombay, by an indulgent father (late Chandran Tharoor), at age seven. That was at the lovely Brabourne Stadium in January 1964, when a depleted England team were touring under Mike Smith. The Englishmen were so ravaged by an assortment of maladies that they played both wicketkeepers and enlisted the fielding of India's 12th man, (late) Hanumant Singh! Hanumant went on to score a century on debut against them, in the next Test... Whatever the strength of the visitors, though, cricket on Day III was marvellous. I watched enthralled as (late) Budhi Kunderan, India's opener and wicket-keeper, who looked like a West Indian and played like one, pulled John Price, England's fastest bowler, for six over square leg. The ball landed practically at my feet! Kunderan almost instantly repeated the shot, this time just failing to clear the rope... In less time than the difference between a four and a six could be explained to me, Kunderan was on 16. But he tried too often, sending up a skier that swirled in a gigantic loop over mid-on. As the ball spiralled upwards, Kunderan began running. When it was caught by a relieved (late) Fred Titmus in the deep, Kunderan continued running, hurled his bat skywards with an exuberant war-whoop, caught it by the handle and ran into the pavilion.

***Q: Incredible recall...***

**A:** It was exhilarating stuff and I was hooked for life!

***Q: Early favourites?***

**A:** Crowd-pleasers... Those who combined cricketing brilliance with skills to entertain, like the ability to hit a six into that portion of the stands cheering for one the loudest. I have seen both (late) ML Jaisimha and Salim Durrani do that in the 1960s.

***Q: What's the No.1 difference from the time you first went to the Brabourne and now?***

## #DIFFERENT STROKES

**A:** Limited overs cricket, undoubtedly, and much greater athleticism. When I started watching, it was not unusual to see players almost waddling after the ball as they 'chased' it to the boundary!

***Q: You've been a traditionalist – in cricket, at least... Does the Test format remain the premier test of skill and character?***

**A:** Very much so. No doubt about it. For the true cricket fan, watching a Test unfold is like reading a novel. An ODI is, at best, a short story. As for T20, it's a sitcom. Each lingers in the memory only as much as these equivalents do! It saddens me to see that, now, Tests are played to depleted audiences as the emanation of 'serious' cricket, to be endured only by the true believers. I'm so pleased about the 'Bazball' model, pioneered by Brendon McCullum and Ben Stokes's England that is changing all that for the better.

***Q: My next question, in fact, was on head coach McCullum and captain Stokes! We keep talking of the threat to Test cricket, but England smashed 500-plus in a single day against Pakistan earlier this month... Pundits who spelt doom five-six years ago, would see that the format is actually alive and kicking... Were you too skeptical at a point in time?***

**A:** I had the patience, perhaps because I rarely had the time in recent years to watch more than the Test highlights, or snatches of play, while on a treadmill or at a meal.

***Q: Graham Gooch, whom I interviewed recently, felt ensuring more than 90 overs in a day would be difficult in quite a few countries, but cutting down the number of Test match days from five to four could be considered. Your take – would any change attract more to the oldest format?***

**A:** I don't care! The purist will settle for nothing less than a five-day Test match. The only innovation I'm prepared to embrace is the occasional day-night Test, on view from late 2015. However, I'd still prefer sunshine, blue skies and green grass, together with a gentle breeze, as the ideal Test match setting.

***Q: Eternal Test cricket romantic! You've described T20 as a sitcom, but it has a phenomenal following...***

**A:** It's an exciting diversion...Enjoyed and, usually, soon forgotten!

***Q: The obvious financial aspect is one part of the T20 story. How has the format made batters and bowlers better?***

**A:** Look, T20 has certainly led to innovative strokes, like the scoop, clinical reverse sweeps... Bowlers have sharpened the yorker and improved targeted use of the bouncer... And, of course, the format has taken fielding to amazing new heights.

***Q: Minuses?***

**A:** Audiences and batters think that, in T20, every ball has to be whacked. It has probably made them more impatient than is wise for them. Also, put the batters in a Test environment, without the circle-related fielding restrictions, and some of them become lesser players instantly.

***Q: But, qualitatively, is the T20 generation cricketer better?***

**A:** Every sportsman can only be judged by the demands of his era.

***Q: There are divergent views... Has T20 improved captaincy in any way?***

**A:** Tactically, yes. But a good captain is a good captain regardless of the format.

***Q: While on captaincy, are you in favour of one voice in the dressing room or separate captains for Test cricket and the two white-ball formats?***

**A:** Both approaches can work, depends on the individuals... At their peak, (Mahendra Singh) Dhoni and (Virat) Kohli were perfect captains in every format. I'm not sure many T20 captains would do a good job in a First-Class match, let alone a Test.

***Q: England have struck gold with Stokes's daring in Tests and Jos Buttler lifting the T20 World Cup last month... Must India be rigid? Why not Hardik Pandya as captain in T20Is, if not both ODIs and the shortest format?***

**A:** Perhaps, why not? But give Pandya some matches more to prove his worth. He's done very well so far, but you're talking of one IPL season (2022, successfully captaining Gujarat Titans) and a few Internationals. No more.

***Q: Did you expect the IPL to be such a game-changer?***

**A:** I did expect the IPL to be just that, mainly in terms of attracting fans back into the stands. But how much of a game-changer? Even the IPL's most enthusiastic backers could not have predicted.

***Q: Reality is that the IPL has grown at the cost of the more established domestic tournaments. Says quite a bit about the Board of Control for Cricket in India's priorities...***

**A:** Yes. I'm so glad to see the Ranji Trophy and the Duleep Trophy back this season in traditional manner.

***Q: We've forgotten to win a World event (Champions Trophy victory was back in 2013) and, this month, even lost the ODIs in Bangladesh! How healthy is our cricket?***

**A:** Oh, come on. No team wins all the time. Moreover, look at our injury list.

***Q: Surprises, however, never cease... MoM in the first Test against Bangladesh, Kuldeep Yadav, got dropped in the second! Jaydev Unadkat, who last played a Test in 2010, got picked instead. Terrific for Unadkat, yes, but even a horses-for-courses move must make sense. Kuldeep's confidence has been clobbered...***

**A:** I was shocked by Kuldeep's omission... With his astonishing variations, he represents a far more challenging option than, say, an Axar Patel... We're speaking at the end of Day I, but I do feel the easy win fans have been dreaming of could be more difficult to execute without Kuldeep in the XI.

***Q: Back in 2007, when I met you for the first time, at The Oval, you were a hard-core admirer of Rahul Dravid's batting. He was then India's captain. Fifteen years later, Dravid has completed a year as head coach... McCullum is an exception, but greatness as a player is no guarantee of similar success in coaching... Your thoughts?***

**A:** Agree with you. Some of the most successful coaches around the world (late Bob Woolmer, John Buchanan for example), were not star players themselves. Just like many editors and literary critics can't write great books!

***Q: You're among the most passionate supporters of Sanju Samson, who definitely deserves a better deal. Merely a case of one Keralite rooting for another?***

**A:** Samson is not just a Keralite, he's a constituent of mine, from Thiruvananthapuram! I first watched him play when he was 14. It was in a club match in the city and I told him he could be the next Dhoni. I know comparisons are invidious, but Samson has got that extra-special quality. Most of his peers and elders in the cricketing fraternity recognise it. Samson has been maddeningly unlucky in some of the opportunities he's had.

***Q: A year has gone by, but Virat's sacking as the ODI captain hasn't been forgotten. I remain convinced that bitter episode was the trigger for him to give up the Test captaincy (having already relinquished it in T20Is). How closely did you follow that chapter in our cricket?***

**A:** Only in the newspapers. I don't move around in cricketing circles and, so, don't hear the 'inside' stories. It was a sad episode.

***Q: Where would you place Virat as captain?***

**A:** Kohli has been amongst the very best. No.1 in passion and wearing his emotions on the sleeve. No one could accuse him of disengaged leadership.

***Q: We've been blessed with outstanding captains this Century... Sourav Ganguly, Dravid, Dhoni, Virat...***

**A:** Correct. Different strengths in each case, but all inspiring leaders.

***Q: Without limiting yourself to India, who has come across as the most inspirational captain?***

**A:** Perhaps because I was unduly influenced by the purists, I'd still pick Mike Brearley. He won irrespective of the resources and helped players perform beyond their normal abilities. Today, in a very different way, I'd say Stokes has an X factor.

***Q: What set Brearley apart from the rest?***

**A:** Combination of personal skill, understanding of the game, tactical acumen and man-management qualities.

***Q: Most inspirational politician?***

**A:** One who brings more out of his followers than they thought they possessed, while making them feel respected and valued. Also, making them feel they are stakeholders in his success.

***Q: Like?***

**A:** No names please!

***Q: Leaders in the field of politics and captains in cricket... What qualities are common to both? Or, what should both possess?***

**A:** All that I said in response to your question on "most inspirational politician."

***Q: How closely do you follow the goings-on in the Board?***

**A:** Hardly at all. Especially since all I know is what's in the Media and I cannot be sure any of that is fully accurate!

***Q: Did Sourav make a mistake by taking the BJP's help to become the Board president? Three years later, he was shown the door...***

**A:** No comment, for the reason mentioned in my previous answer.

***Q: Lastly... High-level politics, it appears, will always influence what happens in the Board... Your take?***

**A:** Unsurprising – politics affects everything in our country!

writetoarbit@rashtradoot.com




Virat Kohli.



MS Dhoni.



Ben Stokes.



Mike Brearley.

## #PSYCHOLOGY

## Hidden Good In Villains

Inside, villains are a little less evil than they outwardly seem while heroes are fully good guys inside and out.



Both adults and children more often reported that villains were inwardly good than that heroes were inwardly bad, a study finds.

"In other words, people believe there is a mismatch between a villain's outward behaviours and their inner, true self, and this is a bigger gap for villains than for heroes," says Valerie Umscheid, a doctoral student in psychology at the University of Michigan and the study's lead author.

Inside, villains are a little less evil than they outwardly seem while heroes are fully good guys inside and out.

Umscheid and colleagues conducted three studies with 434 children (ages 4-12) and 277 adults to determine how individuals make sense of antisocial acts committed by evildoers. They focused on participants' judgments of both familiar and novel fictional villains and heroes, such as Disney's Ursula from The Little Mermaid and Pixar's Woody from Toy Story."



The first study established that children viewed villains' actions and emotions as overwhelmingly negative. This suggests that children's well-documented tendency to judge people as good does not prevent their appreciation of extreme forms of villainy.

The second and third studies assessed children's and adults' beliefs regarding heroes' and villains' moral character and true selves, using an array of converging evidence, including how a character felt inside, whether a character's actions reflected their true self, and whether a character's true self could change over time.

Across these measures, the research indicated that both children and adults consistently evaluated villains' true selves to be overwhelmingly evil and much more negative than those of the heroes. At the same time, researchers also detected an asymmetry in the judgments, wherein villains were more likely than heroes to have a true self that differed from their outward behavior.

Both children and adults believed characters like Ursula had some inner goodness, despite the bad/immoral actions they regularly engage in, Umscheid says.

## #CLEAN-UP

## How to Clean Your Keyboard

With the right supplies and our trusty tips, your keypad will look good as new in no time.



Spending hours at your computer, whether for work or play, is unavoidable for many of us. Constant use is going to take a toll on your keyboard. Dust and hair build up is inevitable, fallen tortilla chips and sandwich crumbs, not so much. But we're not here to judge, we're here to help you clean up. In this guide we'll highlight the supplies you might need and run through how to clean your keyboard step-by-step.

It's time to get to work. Start by turning your computer off, disconnecting your keyboard, and removing cables. Clear your desk or table and assemble your cleaning tools.

Shake, Brush, Blow, and Vac

For relatively well-kept keyboards, the following four steps might be enough:

- Begin by turning your keyboard upside down and gently shaking it to see what falls out.
- Use your brush to gently sweep debris loose. It works best if you tilt your keyboard one way then another and brush down the rows.
- If you have compressed air, use short blasts (but don't get too close) to dislodge dirt that's lodged in the depths. Tilt your keyboard at different angles and blow into the gaps.
- If you have a small brush tool for your vacuum or a handheld vac, use it to suck up the dirt you've uncovered and run it gently over the keyboard.

### Tackling Stubborn Grime

If you have spills, stains, or oily residues, you might need to try the following steps:


- Use your microfiber cloth or cotton swabs to clean around keys and crevices.
- Dip your cloth or swab in water, but dry it slightly before you try cleaning again (they should only be slightly damp - you don't want to drip any water inside your keyboard). If water isn't working, use isopropyl alcohol, but use it sparingly, and make sure your room is well ventilated. Spray the alcohol on the cloth, not directly on the keyboard.
- For stubborn marks or grime, use a magic eraser. It works like very fine sand paper, so be gentle and don't use it too often. You can also try a regular pencil eraser and sweep away the bits that crumble off.
- A toothpick can be effective for carefully scraping away anything that has refused to budge.
- Once you've dislodged the grime, repeat steps 1 and 2 as necessary.

### Deep Clean


Still dirty? If you have a mechanical keyboard (do not attempt to take any other kind of keyboard apart), there is one final set of steps you can try:



- Take a photo of your keyboard.
- Use your keycap removal tool to very carefully detach your keycaps. Some keyboards can be further disassembled, but check in with the manufacturer to ensure you know how to put it back together again before you take it apart.
- Pop keycaps in a bowl of warm soapy water and use a sponge, cloth, or brush to give them a scrub.
- Try spraying a little isopropyl alcohol on a microfiber cloth, rub on stubborn stains, and dunk keycaps in the soapy water again to rinse.
- Make sure everything is completely dry before you put your keyboard back together, and use your photo to ensure you put all the keys back in the right places.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# भाई ही निकला बहिन का हत्यारा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## घनश्याम ने सात वर्ष पूर्व बहन के प्रेमी के पिता की भी हत्या की थी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 20 दिसम्बर 2022 को दिहौली थाना क्षेत्र में किसी मिली महिला की लाश की पहचान गांव आयेला जिला आगरा निवासी पिंकी ठाकुर के रुप में हुई थी। पिंकी ठाकुर की पहचान के दौरान ही यह पता चल गया था कि उसे उसका भाई घनश्याम सिंह ही 12 दिसम्बर 2022 को अपने साथ ले गया था तथा पिंकी ठाकुर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी मृत्यु गोली मारने से हुई थी।

एसपी के निर्देश पर दिहौली थाना प्रभारी ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया व टीम गठित कर घनश्याम सिंह को मथुरा से गिरफ्तार किया। धौलपुर में घनश्याम सिंह से की गई पूछताछ में उसने अपनी बहिन पिंकी ठाकुर की हत्या गोली मारकर करना स्वीकार किया। अपनी बहिन पिंकी ठाकुर को मारने का कारण पूछने पर



दिहौली थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

घनश्याम सिंह ने बताया कि 7 वर्ष पूर्व उसकी बहिन गांव के ही एक दूसरी जाति के लड़के के साथ भाग गयी थी। जिस पर उसने गुस्से में उस लड़के के पिता जंगलिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इस हत्या के बाद पिंकी ठाकुर अपने घर वापस आ गयी, परन्तु उसे

- **बहन के गांव के प्रेमी संग भाग जाने से था नाराज**
- **दिहोली थाना इलाके में मिला था महिला का शव**

उसके ससुराल व पीहर पक्ष दोनों ने ही रखने से इन्कार कर दिया था। तब पिंकी ठाकुर ग्राम मदैला थाना अम्बाह मुरैना मध्य प्रदेश में बुआ की लड़की प्रेमवती के पास रहने लग गई। ऊधर इस हत्या में घनश्याम सिंह भी गिरफ्तार होकर जेल चला गया, जो कि 7 वर्ष जेल में रहने के बाद जमानत पर छूटकर एक माह पूर्व ही बाहर आया था। घनश्याम सिंह को इस बात का गुस्सा था कि पिंकी की वजह से उसकी पूरी जिन्दगी व घर बर्बाद हो गया, अत: घनश्याम ने सोच लिया था कि पिंकी को बाहर निकलते ही मारूंगा। प्लानिंग के तहत 14 दिसम्बर 2022 को घनश्याम सिंह ग्राम अयेला से गाडी लेकर अपने दो दोस्तो के साथ ग्राम मढौला अम्बाह पहुंचा तथा कहा कि पिंकी का कहीं रिश्ता करना है, अत: उसे ले जाना है।

इस विश्वास पर पिंकी अपने भाई के साथ चल दी। घनश्याम सिंह रात करीब 12-1 बजे अपनी तय जगह सामौर के पास सड़क पर पहुंचा तथा बहिन पिंकी को बाहर निकल कर चलने को कहा। पिंकी के थोड़ा आगे चलते ही घनश्याम सिंह ने उसके सीने मे गोली मार दी तथा पिंकी के गिरने पर दूसरी गोली उसके सिर पर मार दी तथा पिंकी के मरने पर उसे गड्डे में डालकर ऊपर मिट्टी डाल दी तथा वहां से भाग आया।

# जैसलमेर में बीमारी से मरी सैकड़ों भेड़-बकरियां

## अधिकारियों से नहीं मिल रहा संतोषजनक जवाब



जैसलमेर के सावता गांव में भेड़ की मौत के बाद दुखी किसान।

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर जिले के सावता गांव में भैड़, बकरियां में चल रही बीमारी से दो महीने में लगभग 3 सौ भैड़, बकरियां मर चुकी हैं। पशु चिकित्साधिकारी जैसलमेर ने बताया कि दवाइयां जयपुर से मंगाई हुई है, वर्तमान में दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। गांव के पशुपालक चिंतित हैं, उनकी आजिविका का साधन पशु है और पशु मरते रहे तो परिवार का पालन पोषण कैसे करेंगे।

वन्यजीव प्रेमी सुमेर सिंह भाटी सावता ने अधिकारियों से बात की लेकिन कोई संतुष्ट जनक जबाब नहीं मिला। पशुपालक भवरसिंह व खैतसिह ने बताया कि दो तीन दिन पशु बीमार रहते हैं और तरड़िया छुट कर मर जाते हैं। हम पशु चिकित्सालय के चक्कर काट रहे हैं वहां कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते। रासला पशु चिकित्सालय में पद खाली है उसके बारे में भी कई बार उच्चअधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# पेपर लीक की सूचना पर परीक्षार्थियों ने किया हंगामा

- **सीएम के खिलाफ नारेबाजी की**

**भरतपुर, (निस)।** परीक्षा सेंटर पर उस वक्त हंगामे की स्थिति बन गई जब राजस्थान लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 का जीके का पेपर लीक हो जाने के बाद परीक्षार्थियों को पेपर निरस्त होने की जानकारी दी। जिसके बाद भरतपुर में परीक्षार्थियों ने हंगामा कर दिया। पेपर लीक होने की सूचना पर परीक्षार्थियों ने सेंटर के बाहर आकर सीएम गहलोत के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दिया। भरतपुर में वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए 78 सेंटर बनाए गए थे। पेपर आउट होने के बाद परीक्षार्थियों ने कहा कि वे इतनी मेहनत से पेपर की तैयारी करते हैं और पेपर आउट होने के बाद उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अभ्यर्थियों ने बताया कि सुबह 9 बजे से टीचर सैकेंड ग्रेड का पेपर था। स्टूडेंट परीक्षा देने के लिए क्लास रूम में बैठे थे। तभी परीक्षा केन्द्र पर बताया गया कि पेपर निरस्त कर दिया गया है। जिससे सभी परीक्षार्थियों को गहरी निराशा हुई। जब स्टूडेंट ने पर्यवेक्षक से पेपर लेने का कारण पूछा तो पर्यवेक्षक ने बताया कि पेपर आउट हो गया है। जिसके बाद सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा केन्द्रों के बाहर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर मथुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइस कर अभ्यर्थियों को शांत कराया।

# साढ़े सात हजार लीटर वॉश नष्ट की

**छबड़ा, (निसं)।** आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने षनिवार को सुबह लक्ष्मीपुरा गांव में दबिष देकर तीस लीटर अवैध हथकढ़ षराब जब्त कर साढ़े सात हजार लीटर वॉष व 25 भट्टियां नश्ट की और चार महत्वपूर्ण एवं एक साधारण सहित कुल पांच अभियोग दर्ज किए गए।

जिला आबकारी अधिकारी तपेशचंद जैन एवं डीएसपी पूजा नागर के निर्देषन में की गई इस कार्रवाई में सीआई राजेष मीणा, कोटा उत्तर प्रहराधिकारी गुलाब नवी, दक्षिण प्रहराधिकारी हेमराज, बारां प्रहराधिकारी प्रमोदसिंह, छबड़ा प्रहराधिकारी मदनलाल मीणा सहित कोटा, बारां, छबड़ा टीम व पुलिस जाप्ता षामिल रहा।

# डॉ. शिखा ने भूरथल में सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया

- **तीन महिने के सिलाई प्रशिक्षण में 35 महिलाएं भाग लेंगी**

**चौंमू/कालाडेरा, (नि.स.)।** शनिवार को गांव भूरथल में वेदांता ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड और स्वामी विवेकानंद महिला मंडल के द्वारा 3 महीने का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ शिखा मील बराला के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र जयपुर के तत्वधान में स्वामी विवेकानंद महिला मंडल भूरथल द्वारा 3 महीने के सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुल 35 किशोरी बालिका महिलाओं ने भाग लिया। इसमें नेहरू युवा केंद्र के द्वारा महिलाओं को सिलाई का पूरा सामान उपलब्ध करवाया जाएगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ शिखा मील बराला ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से



सिलाई प्रशिक्षण के शुभारम्भ अवसर पर डॉ. शिखा मील बराला के अलावा जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

आजीविका के लिए आगे बढ़ने के नये अवसर मिलते है। वहीं डॉ शिखा मील बराला के द्वारा समय-समय पर महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान के लिए लगातार अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरपच चौथमल सैनी ने की विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य ज्योति कंवर, ने की। वहीं ममता संस्था से कलस्टर कोऑर्डिनेटर खुशबू कुमावत, महिला मंडल अध्यक्ष दीपिका सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने की भी कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से पप्पू शर्मा, वार्ड पंच सुभाष सैनी, सुवालाल बडगूजर, पीटीआई शंकर सिंह तंवर, भानु प्रताप सिंह, अरुण योगी, सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन युवा नेता दिलीप सिंह किया।

# गहलोत सरकार में मची हुई है खलबली: सुरेंद्रसिंह राठौड़

**राजसमंद, (निसं)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने कुंभलगढ विधानसभा के चारभुजा मंडल में आयोजित जन आक्रोश विधानसभा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत चार वर्षों से प्रदेश में कुशासन चल रहा है। प्रदेश के नागरिक इस सरकार से बिल्कुल खुश नहीं हैं। आज स्थिति यह हो गई है कि प्रदेश के सभी वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है जिला मीडिया प्रवक्ता अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में गहलोत सरकार को युवाओं की बद्दुआएं लगने वाली है जो युवा बेरोजगार महीनों सालों की मेहनत के बाद परीक्षा देने अपने सेंटर पर पहुंचता है और पेपर का इंतजार करते करते आंखे थक जाती है। लेकिन उस युवा बेरोजगार को पेपर नहीं दिया जाता है और बस इतना सा कह दिया जाता है कि आपका पेपर आउट हो गया है और उनको सेंटर से निकाल दिया जाता है।



सीएम अशोक गहलोत के पूतले का दहन करते भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीण।

युवाओं के साथ महिला वर्ग और अन्य वर्ग भी इस गहलोत सरकार से संतुष्ट नहीं है। कुंभलगढ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गहलोत सरकार में खलबली मची हुई है और वो इस लिए है कि उनको मालूम चल गया है कि अबकी बार हमारी सरकार आने वाली नही है। गहलोत सरकार अब प्रदेश में कभी वापिस नहीं आएगी यह उनका सपना ही रह जाएगा। सम्मेलन को प्रमोद सामर, रक्षा भंडारी, आजाद शर्मा आदि पदाधिकारियो ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान कुंभलगढ विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

चारभुजा मंडल की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूतले का दहन कर जन आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाहरठ ने कहा कि कांगे सइस जंगलराज में युवाओं के साथ अन्याय हुआ है। आये दिन उनकी मेहनत पर पानी फेरता जा रहा है वो जितनी मेहनत पढ़ाई में करते है वो सारी मेहनत उनकी बेकार चली जाती है गहलोत सरकार भर्तियों की घोषणा तो करती है लेकिन उनके पेपर आउट हो जाते है गहलोत सरकार के इस कारण से युवाओं के साथ खिलवाड कर रही है। सुशील कटारा ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और इसी देश गहलोत राज में युवाओं का गला घोंटा जा रहा है युवा रो रहे है। लेकिन सुनने वाला कोई नही है। यहीं युवा आनेवाले चुनावो में सबक सिखाने के लिए तैयार है। इस दौरान अशोक रांका, महेंद्र कोठारी, हरदयालसिंह चौहान, नर्बदा शंकर पालीवाल सहित स्थानीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

# पेट से डेढ़ किलो की गांठ निकाली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 89 वर्षीय महिला के गर्भाशय से 1.6 किलो की गांठ को ऑपरेशन द्वारा निकाला गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर के चिकित्सा प्रभारी डॉ अंकुर स्वामी ने बताया कि शुक्रवार को दिन में एक तथा रात में चार सफल ऑपरेशन हुए। जिसमें एक 89 वर्षीय महिला के गर्भाशय से 1.6 किलो की गांठ को ऑपरेशन द्वारा निकाला गया। शुक्रवार को ही एक सिजेरियन डिलीवरी, एक फिस्टुला, एक ग्लूटेल एब्सेस, एवं एक हिस्ट्रेक्टोमी के ऑपरेशन किए गए। ऑपरेशन टीम में डॉ जितेंद्र यादव (सर्जन), डॉ ओम प्रकाश सामोता (निश्चेतक विशेषज्ञ), ओटी टेक्निशियन रतन सिंह (नर्सिंग ऑफिसर) ओटी असिस्टेंट सुरेंद्र कुमार (नर्सिंग ऑफिसर) वार्ड अटेंडेंट केदार मल सैनी आदि ने उपस्थित रहकर ऑपरेशन ओं में सहयोग किया।

# जेवरात बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजतालाब थाना पुलिस ने बड़ी सफलता दर्ज कराते हुए 15 लाख की कीमत के सोने चांदी के जेवर बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजतालाब थानाधिकारी रामरुप मीना ने बताया कि गत 24 नवंबर को दीपक पुत्र गोपाल तेली निवासी भवानपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 23 नवंबर को अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में रतलाम गया था। दूसरे दिन पड़ौसी सविता देवी ने उसे चोरी की सूचना दी। जब उसने घर आकर देखा तो अल्मारी में रखे सोने के जेवरात 7.5 तोला व चांदी के लगभग 1 किलो जेवरात व गुल्लक में रखे दस हजार रुपये चोरी हो गये।

अनुसंधान के दौरान प्रार्थी दीपक तेली ने एक रिपोर्ट और दी कि उसने जयदीप पंचाल से वर्ष 2020 से 2022 तक चांदी के लगभग 60 आईटम जिनका वजन लगभग 17-18 किलो था गिरवी रख थे वे भी चोरी हो गये। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी कानसिंह भाटी व पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ के निर्देशन में टीम गठित की। जिसमें थानाधिकारी रामरुप मीना, एएसआई जगदीशप्रसाद, रघुवीर सिंह, हेड कांस्टेबल विशाल सिंह, कांस्टेबल दिग्पाल सिंह चौहान, दिग्पाल सिंह सिसोदिया, शंकरलाल, इन्द्रजीत सिंह व शैलेन्द्र सिंह को शामिल किया गया।

अनुसंधान व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पुत्र नागजी खराड़ी निवासी गारिया को डिटेन कर पूछताछ की गयी तो दिनेश ने बताया कि मेरे दोस्त जयदीप पंचाल पुत्र लक्ष्मीलाल पंचाल निवासी खांदू कॉलोनी ने बताया कि दीपक तेली रतलाम गया हुआ है और मैनें उसके वहां काफी सोना-चांदी गिरवी रखा है। इसके अलावा भी उसके घर काफी सोना चांदी है जो अलमारी में रखे हैं।

# बीकानेर में संभाग का सबसे ऊंचा तिरंगा स्थापित हुआ

- **आपदा प्रबंधन मंत्री और ऊर्जा मंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर किया आरोहित**

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर संभाग का सबसे ऊंचा तिरंगा शनिवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में स्थापित हुआ। आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल तथा ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने रिमोट का बटन दबाकर इसे आरोहित किया। इस दौरान वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ माहौल को देशभक्ति मय कर दिया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक देशवासी की आन और स्वाभिमान का प्रतीक है। देश को आजादी दिलाने में असंख्य भक्तों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। हमें इनके प्रति कृतज्ञता अर्पित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि व्यापारी ,अधिकारी, चिकित्सक और अधिवक्ता सहित लगभग 700 नागरिकों की सहभागिता से स्थापित यह तिरंगा बीकानेर को विशेष पहचान दिलाएगा। यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों लोगों को इसके सम्मान का अवसर मिलेगा। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि संभाग का सबसे ऊंचा तिरंगा स्थापित होना बीकानेर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संविधान ने 140 करोड़ लोगों को एक सूत्र में पिरोया हैए उसी प्रकार तिरंगा भी समूचे राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने इस नवाचार की सराहना की। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया।

संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन ने बताया कि सात सौ लोगों द्वारा दो-दो हजार के सहयोग से 151 फीट का संभाग का सबसे ऊंचा तिरंगा स्थापित किया गया है। इस पर लगभग 14 लाख रुपए व्यय हुए हैं। इसका ध्वज 30 गुना 20 फुट आकार का है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त एएच गोरी ने आभार जताया। इससे पहले बीएसएफ के बैंड द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सुमधुर स्वर लहरियां बिखेरी गई। पुलिस के दस्ते ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया।पुलिस एवं बीएसएफ बैंड और स्काउट गाइड द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया। इस अवसर पर केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोतए भूदान यज्ञ बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासराए जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल बीकानेर पंचायत समिति प्रधान लाल चंद आसोपा जिला प्रभारी सचिव आलोक गुप्ता, महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खाद की किल्लत से किसान परेशान

**डूंगरपुर, (निसं)।** रबी की बुवाई के बाद किसान खाद की किल्लत झेल रहा है। किसान सुबह होते ही खाद के लिए लाइनों में लग रहे हैं। किसानों को डिमांड के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है। इससे किसान परेशान हैं। डूंगरपुर जिले को 500॰मीट्रिक टन यूरिया खाद की डिमांड है, लेकिन अब तक आधे से भी कम 119 मीट्रिक टन खाद ही मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी की बुवाई पूरी हो गई है। सर्दी का असर भी बढ़ने लगा है। किसानों को अब यूरिया खाद की जरूरत पडने लगी है।

किसान खाद के लिए क्रय विक्रय केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है। वहीं कई बार खाद खत्म हो जाने से किसानों को बिना खाद लिए ही बैरंग लौटना पड रहा है। डूंगरलाल पटेल ने बताया कि 4 दिनों से खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन रोज नंबर आने से पहले खाद खत्म हो जाती है। शनिवार सुबह 8 बजे से लाइनों में लगे हैं। उनके साथ कई किसान खाद के लिए खडे हैं। वहीं जेपी पटेल ने कहा कि रबी की बुवाई को अभी खाद की जरूरत है,लेकिन खाद नहीं मिल रही है। क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष रतनलाल पाटीदार ने बताया कि 500 मीट्रिक टन यूरिया खाद की डिमांड भेजी गई है, लेकिन अभी तक 119 मीट्रिक टन खाद ही आई है। अभी 33.75 मीट्रिक टन 750 बैग खाद ही उपलब्ध है।

# महिला सरपंच अपने पति के साथ पानी की टंकी पर चढ़ीं

## अतिक्रमण हटाने की मांग पर हुए लिखित समझौते के बाद उतरे

**लालसोट, (निसं)।** अतिक्रमण हटाने एवं मारपीट के लोगों की गिरफ्तारी आदि की मांगों को लेकर नवीन बस स्टैंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़े महिला सरपंच व उसके पति का ड्रामा दिनभर चला।

ग्राम पंचायत चांदसेन की सरपंच कौशल्या देवी मीणा खुद के पति महेश मीणा के साथ शनिवार को अलसुबह मौका देख कर नए बस स्टैंड स्थित पानी की टंकी के ऊपर चढ़ गए। विरोध प्रदर्शन को देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। दंपत्ति द्वारा दोपहर 12 बजे तक मांगें नहीं मानने पर कूदने की दी धमकी पर पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत टंकी के आस-पास जाल लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए। सरपंच कौशल्या देवी ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में भू माफियाओं एवं प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण करने का दौर जारी है एवं कई जगह अतिक्रमण हो चुका है, लेकिन उन को रोकना चाहती है पर पुलिस व प्रशासन उनका साथ नहीं दे रहा है एवं पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण तेजी से हो रहे हैं।

प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा दंपत्ति को आश्वस्त किया गया कि



बस स्टैंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ी सरपंच कौशल्या देवी एवं सरपंच पति महेश कुमार मीणा।

उनकी मांगों को तुरंत पूरा किया जाएगा, लेकिन दंपत्ति ऊंची टंकी से नहीं उतरे। इसी बीच अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा एवं पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार, एसडीएम बृजेंद्र मीणा व तहसीलदार मदन लाल मीणा एवं अतिरिक्त तौर पर दौसा डिप्टी एसपी कालूराम मीणा द्वारा दंपत्ति को टंकी से नीचे उतारने एवं मांगों को पूरा करने को लेकर भाजपा नेता रामविलास मीणा वह चांदसेन के पूर्व सरपंच शंभू दयाल यादव की मध्यस्थता में कई दौर की समझाइश से वार्ता की गई। जहां महिला सरपंच व उनका पति ग्राम पंचायत में हुए अतिक्रमण को तुरंत तोड़ने की मांग अड़े रहे।

इसके बाद अंतिम दौर की वार्ता में प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर निरस्त हुए सीआरपीसी 145 का इस्तगासा नवीन रूप से सोमवार को दोबारा से पेश करने एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने एवं जरूरत पड़ने पर एसडीएम वह पुलिस से जाब्ता मांगने एवं मौके पर उपस्थित रहकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने व 1 जनवरी तक अतिक्रमण हटाने के साथ मौजूदा ग्राम विकास अधिकारी को हटाकर दूसरा लगाने के साथ किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने के लिखित समझौते के बाद सरपंच कौशल्या देवी मीणा एवं उनके पति महेश कुमार शाम करीब पांच बजे टंकी से नीचे उतर गए। इसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा राहत की सांस ली गई।

इस मामले को लेकर भाजपा नेता रामविलास मीणा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार के मंत्री एवं उनके कार्यकर्ता क्षेत्र में भू माफियाओं को पनपाने का कार्य करने के साथ अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समझौते के अनुसार अगर आठ दिन में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई तो दोबारा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की रहेगी।




मैंने बीती रात ज्यादा सो नहीं सकता। थोड़ा उत्साहित था। नर्वस भी था कि नीलामी कैसी होगी। लेकिन बहुत खुश हूं और अभिभुत हूं कि मुझे इस राशि में खरीदा गया। मुझे इस राशि की उम्मीद नहीं थी। - सैम करन

इंग्लैंड के क्रिकेटर, आईपीएल में मिले 18.5 करोड़ की राशि पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ एंजेल डी मारिया



**फीफा** विश्व कप फाइनल मैच में अर्जेंटीना की फ्रांस पर नाटकीय पेनल्टी शूटआउट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एंजेल डी मारिया अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। टीवाईसी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कहा कि 34 वर्षीय जुवेंटस विंगर ने पहले घोषणा की थी कि वह कतर में फुटबॉल विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। डि मारिया के अब 2024 कोपा अमेरिका कप में खेलने की संभावना हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# भारत 145 के लक्ष्य के सामने लड़खड़ाया, 45 रन पर चार विकेट गंवाये

## बांग्लादेश के विरुद्ध दूसरे टेस्ट में भारत को जीत के लिए 100 रन की जरूरत, 6 विकेट हाथ में



ढाका, 24 दिसंबर। भारत ने बंगलादेश के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को 45 रन पर चार विकेट गंवा दिये। भारत को जीत के लिये अब भी 100 रन की दरकार है और हाथ में सिर्फ छह विकेट होने के कारण टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा है। अक्षर पटेल (26 नाबाद) और जयदेव उनाडकट (तीन नाबाद) विकेट पर मौजूद हैं।

भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए रक्षात्मक रवैया अपनाया और 45 रन बनाने के लिये 23 ओवर खेले। बंगलादेश ने दोनों छोर से स्पिन गेंदबाजों को लगाकर भारत पर दबाव बनाया, जिसका उन्हें फायदा भी मिला। मेहदी हसन मिराज़ ने शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को आउट किया, जबकि शाकिब अल हसन ने लोकेश राहुल को दो रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। अक्षर ने चौका लगाकर दिन का खेल समाप्त किया, हालांकि भारत का रन रेट दो रन प्रति ओवर से भी कम है।

इससे पूर्व, सलामी बल्लेबाज ज़ाकिर हसन (51) और लिटन दास (73) के जुझारू अर्द्धशतकों की मदद से बंगलादेश ने भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। ज़ाकिर ने 135 गेंदों की पारी में पांच चौके लगाकर 51 रन बनाये, जबकि लिटन ने 98 गेंदों पर सात चौकों के साथ 73 रन का योगदान दिया।

भारत ने तीसरे दिन की अच्छी शुरुआत की और 70 रन पर बंगलादेश के चार विकेट गिरा दिये। ज़ाकिर अपना अर्द्धशतक पूरा करने के बाद उमेश यादव (32/1) का शिकार हो गये, जबकि अक्षर पटेल (68/3) ने मेहदी हसन मिराज़ को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया। बंगलादेश के छह विकेट 113 रन पर गिरने के बाद विकेटकीपर नूरुल हसन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर 31 रन बनाये। लिटन और नूरुल के बीच सातवें विकेट के लिये 46 रन की साझेदारी हुई, जबकि नूरुल का विकेट गिरने के बाद लिटन और तस्कीन अहमद ने भी आठवें विकेट के लिये 60 रन जोड़े। इन दोनों साझेदारियों की मदद से बंगलादेश ने 231 रन बनाकर भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। तस्कीन 46 गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिये मोहम्मद सिराज ने और रविचंद्रन अश्विन ने दो-दो विकेट लिये, जबकि जयदेव उनाडकट को एक विकेट हासिल हुआ।

## हम फिलहाल मजबूत स्थिति में है : लिटन

ढाका, 24 दिसंबर। बंगलादेश के उपकप्तान लिटन दास ने दूसरे टेस्ट का तीसरा दिन समाप्त होने के बाद शनिवार को कहा कि उनकी टीम फिलहाल मैच में आगे है और जीत हासिल करना उनके लिये मुमकिन है। लिटन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''बिल्कुल जीतना संभव है। अगर हम सुबह जल्दी एक या दो विकेट ले लेते हैं तो यह संभव है। निश्चित रूप से हम इस समय आगे हैं और वे दबाव में हैं। अगर कल हम एक अच्छी योजना के साथ आते हैं तो वे बिखर जायेंगे। यह हमारा लक्ष्य है। हमें जीतने की जरूरत है।'' बंगलादेश ने भारत को टेस्ट क्रिकेट में कभी नहीं हराया है। दोनों टीमें खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अब तक 12 बार आमने-सामने आयी हैं जहां 10 बार भारत ने जीत दर्ज की है जबकि दो बार मुकाबला ड्रॉ रहा है। बंगलादेश के स्पिनरों ने हालांकि उन्हें भारत के विरुद्ध पहली जीत दर्ज करने का मौका दिया है। भारत ने 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 45 रन पर चार विकेट गंवा दिये हैं। बंगलादेश को जहां जीत के लिये छह विकेटों की दरकार है, वहीं स्पिनरों के लिये मददगार पिच पर भारत लक्ष्य से 100 रन पीछे है। लिटन ने कहा, ''हम जानते हैं कि मीरपुर में चौथी पारी में बल्लेबाजी करना कितना कठिन है। हम जानते थे कि हमें उन्हें 200-220 का लक्ष्य देना है लेकिन जो स्कोर हमने उनके सामने रखा है, उन्हें अभी भी 100 रन की जरूरत है और यह अभी भी मुश्किल है। अगर हम कल एक या दो जल्दी विकेट ले लेते हैं तो वे दबाव में आ जायेंगे। मुझे लगता है कि यह लक्ष्य जीत के लिए काफी है।'' लिटन ने भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने के लिये खुद भी 73 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 98 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके लगाये। लिटन का मानना है कि भारत को जीत तक पहुंचाने के लिये ऋषभ पंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## आईओसी ने की टोक्यो 2020 के संतुलित बजट की पुष्टि

जिनेवा 24 दिसंबर। अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने टोक्यो 2020 ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के संतुलित बजट की पुष्टि की है। आईओसी न्यूजलेटर ने शुक्रवार को घोषणा की कि आईओसी पुष्टि करना चाहता है कि टोक्यो 2020 आयोजन समिति ने 5.8 अरब अमरीकी डॉलर का संतुलित बजट हासिल किया है। विस्तृत बजटीय कार्य के लिए धन्यवाद। आईओसी ने कहा कि यह आंकड़े बजट प्रक्रिया के बाद प्रदान किए गए थे। प्रक्रिया में टोक्यो 2020 आयोजन समिति, टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार और जापान सरकार शामिल थी। बजट जून 2022 में टोक्यो 2020 की आखिरी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में पेश किया गया था।

## पीसीबी आर्थर को फिर से पाकिस्तान के मुख्य कोच के तौर पर लाने की कोशिश में जुटा : सूत्र

कराची, 24 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की नजम सेठी की अगुआई वाली क्रिकेट प्रबंधन समिति दक्षिण अफ्रीका के मिकी आर्थर को फिर से राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर लौटने के लिये मनाने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्र के अनुसार सेठी ने आर्थर से संपर्क किया जो इस समय इंग्लैंड में डर्बीशर टीम से जुड़े हुए हैं। आर्थर 2016 से 2019 के बीच पाकिस्तान के मुख्य कोच थे और उनके मार्गदर्शन में टीम ने 2017 में चैम्पियंस ट्राफी जीती थी जिसके कप्तान सरफराज अहमद थे।

## दिल्ली को संतोष ट्रॉफी में पहली जीत की तलाश

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप (संतोष ट्राफी) में त्रिपुरा से ड्रा खेलने के बाद मेजबान दिल्ली ग्रुप-एक के अपने दूसरे मैच में लद्दाख से मुकाबला करेगी। अंबेडकर स्टेडियम पर दोपहर 1230 बजे से होने वाले मैच में दिल्ली अपनी पहली जीत तलाश करेगी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर होने वाले अन्य मैचों में मजबूत कर्नाटक को उत्तराखंड से जबकि गुजरात को त्रिपुरा से खेलना है। संतोष ट्रॉफी के अब तक खेले गये मैचों में कर्नाटक एकमात्र मुकाबला गुजरात से जीत पाई है, जबकि दिल्ली और त्रिपुरा की तरह ही लद्दाख और उत्तराखंड के बीच का मुकाबला ड्रॉ रहा था।

## खराब मौसम के कारण कराची में खेला जायेगा दूसरा टेस्ट

लाहौर, 24 दिसंबर। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुल्तान में होने वाला दूसरा टेस्ट खराब मौसम के कारण कराची में स्थानान्तरित कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने यह जानकारी दी। पीसीबी ने यहां जारी बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और न्यूजीलैंड क्रिकेट खराब मौसम की स्थिति के कारण मुल्तान में होने वाले दूसरे टेस्ट को कराची में स्थानांतरित करने के लिये सहमत हो गये हैं। खराब मौसम के कारण पहले ही कई उड़ानें बाधित हो चुकी हैं और संभावित रूप से खेल का नुकसान भी हो सकता है।''

# भारत को मैच जीतने के लिए एक बल्लेबाज से लंबी पारी की जरूरत : सिराज

मीरपुर, 24 दिसंबर। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 45 रन तक चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं क्योंकि किसी एक बल्लेबाज की लंबी पारी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी होगी। सिराज ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' मुझे लगता है कि हमें अभी ज्यादा नहीं सोचना चाहिए क्योंकि हमने सिर्फ चार विकेट गंवाए हैं। हमें लगभग 80 (100) रन और चाहिए। हमें सिर्फ एक बल्लेबाज से लंबी पारी की जरूरत है, अक्षर क्रीज पर सही इरादा दिखा रहा है।'' मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय अक्षर पटेल 26 जबकि जयदेव उनादकट तीन रन बनाकर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए और 100 रन की जरूरत है। सिराज ने कहा, '' हां, हमने दो विकेट अतिरिक्त गंवाए लेकिन अक्षर ने पिच से सामंजस्य बैठा लिया है, वह मजबूत जज्बा दिखा रहा है। इसके बाद हमारे पास ऋषभ (पंत) और श्रेयस (अय्यर) भी हैं, इसलिए हमें ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए।'' भारतीय टीम अगर 145 रन बना लेती है तो इस मैदान पर चौथी पारी में जीत दर्ज करते हुए यह तीसरा सबसे बड़ा स्कोर होगा। इससे पहले इस मैदान पर चौथी पारी में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 209, 205 और 103 रन बने है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने लोकेश राहुल (02) और चेतेश्वर पुजारा (06) के विकेट जल्दी गंवा दिये जिसके बाद कोच राहुल द्रविड़ ने अक्षर को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। सिराज ने कहा, '' अक्षर भेजना प्रबंधन का फैसला था। मुझे लगता है कि अगर बायें और दायें हाथ के बल्लेबाज है तो गेंदबाजों के लिए सामंजस्य बैठाना मुश्किल होता है। हैदराबाद के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में मोमिनुल हक (पांच) और लिटन दास (73) के विकेट चटकाये जिससे भारत ने बांग्लादेश की पारी को 231 रन पर समेटा। सिराज ने कहा, '' इस पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त उछाल है, इसलिए मैं बल्लेबाजों के लिए मुश्किल क्षेत्र में जितना संभव हो सके उतना गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था। हमें अतिरिक्त उछाल मिल रही थी और हमारी योजना गेंद को जोर से टप्पा खिलाने की थी।''

# भारतीय फुटबॉल के मूलभूत विकास के लिये संतोष ट्रॉफी जरूरी : प्रभाकरन

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को कहा कि संतोष ट्रॉफी भारतीय फुटबॉल के मूलभूत विकास के लिये बेहद जरूरी है और यह नये खिलाड़ियों को उनका करियर शुरू करने में मदद करेगी।

डॉ. प्रभाकरन ने कहा, भारत एक बहुत बड़ा देश है। यह लगभग अपने आप में एक महाद्वीप जैसा है और हमें यहां हर स्तर पर फुटबॉल के प्रतिस्पर्धी आधार को बढ़ाने की जरूरत है। हर राज्य संतोष ट्रॉफी में भाग लेने के लिए उत्सुक है और उन्हें बेहतर अवसर देने का मतलब है कि वे अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर के संचालन में सुधार करने के लिए प्रेरित होंगे, ताकि लंबे समय तक प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया जा सके।

उन्होंने कहा, देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भले ही हीरो आईएसएल या हीरो आई-लीग में खेल रहे हों, लेकिन संतोष ट्रॉफी में खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत करना चाहते हैं। कई लोग टूर्नामेंट को एक सीढ़ी के रूप में उपयोग करते हैं, और अच्छे प्रदर्शन का मतलब हो सकता है कि उन्हें बड़े क्लबों के साथ अनुबंध मिले। यह टूर्नामेंट कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी पाने में भी मदद करता है। यह विशेष रूप से निचले स्तर पर खिलाड़ियों के लिए आवश्यक है क्योंकि वे अपनी तिजोरी में सुरक्षित आय के साथ फुटबॉल खेलना जारी रख सकते हैं।

संतोष ट्रॉफी के लिये 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुक्रवार से शुरू हो गयी है और इसका उद्देश्य खेल को देश के हर कोने तक फैलाना है। डॉ प्रभाकरन ने राज्यों और खिलाड़ियों को अधिक मैच देने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे टीमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास संतोष ट्रॉफी को पुनर्जीवित करना है, इसे भारतीय फुटबॉल परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक के रूप में वापस लाना है और हर स्तर पर फुटबॉल को सक्रिय करना है। अधिक खेलों के साथ, राज्य भी अधिक गंभीरता के साथ अपनी टीमों को तैयार करेंगे और वे अधिक स्थानीय प्रतिभाओं को खोजने का प्रयास करेंगे।

# पर्थ टेस्ट से पहले मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं था : वॉर्नर



मेलबर्न, 24 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने शनिवार को स्वीकार किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ उनकी अनबन के कारण वह पर्थ टेस्ट से पहले मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं थे। गौरतलब है कि वॉर्नर ने उनके कप्तान बनने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपील की थी। वॉर्नर और बोर्ड दोनों ही बंद दरवाज़ों के पीछे इस मामले पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित समिति इस काम को सार्वजनिक रूप से करना चाहती थी। वॉर्नर ने इसके बाद अपनी अपील वापस लेते हुए कहा था कि वह ''अपने परिवार को क्रिकेट के गंदे कपड़े धोने वाली मशीन नहीं बनाना चाहते।'' ऑस्ट्रेलिया ने 30 नवंबर को शुरू हुए पर्थ टेस्ट में वेस्ट इंडीज का सामना किया था। यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 164 रन से जीत लिया था, हालांकि वॉर्नर मैच की दो पारियों में क्रमशः पांच और 48 रन ही बना सके थे। वॉर्नर ने कहा, पर्थ टेस्ट से पहले मेरा मानसिक स्वास्थ्य शायद वहां नहीं था जहां मुझे 100 प्रतिशत होने की जरूरत थी। उस समय यह चुनौतीपूर्ण था। अगर मैं इस काम को अपने तरीके से करता तो हम इसे हल कर लेते।

## हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित है जोश लिटिल

डबलिन, 24 दिसंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अनुबंध हासिल करने वाले आयरलैंड के पहले खिलाड़ी तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने इसे 'अविश्वसनीय अवसर' करार दिया तथा कहा कि वह भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने कोच्चि में शुक्रवार को हुई आईपीएल नीलामी में 23 वर्षीय लिटिल को चार करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा था। टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा के कोच रहते हुए अपने पदार्पण सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीता था। लिटिल ने क्रिकेट आयरलैंड के बयान में कहा,'' मैं बहुत खुश हूं कि मुझे मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने अनुबंधित किया है। मैं इतनी शानदार टीम में हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा,'' मैं कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं और टाइटंस के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।'' बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने अभी तक 22 वनडे और 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं।

## चेतन शर्मा के नेतृत्व बनी समिति कर सकती है श्रीलंका के लिए टीम का चयन

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रों के अनुसार चेतन शर्मा की निर्वतमान चयन समिति तीन जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी घरेलू श्रृंखला के लिये सीमित ओवरों की दो भारतीय टीम का चयन करेगी क्योंकि नये पैनल का फैसला एक हफ्ते में नहीं हो पायेगा। उम्मीद है कि क्रिकेट सलाहकार समिति द्वारा चयन समिति के सदस्यों को चुनने के लिये चुने हुए उम्मीदवारों के साक्षात्कार 26 से 28 दिसंबर के बीच होंगे।

इसकी जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ''पुरानी चयन समिति शायद श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सफेद गेंद की टीम का चयन करेगी। उन्होंने कहा, ''अभी तक ऐसा नहीं लगता है कि रोहित शर्मा की ऊंगली टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक होगी इसलिये ऐसी सूरत में हार्दिक टीम की अगुआई करेंगे। जहां तक केएल राहुल का संबंध है तो उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के दिन गिने चुने लगते हैं। ''

ऐसी भी संभावना है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में केवल उस प्रारूप के ही विशेषज्ञ हों। कुछ खिलाड़ियों जैसे विराट कोहली को टी20 प्रारूप से ब्रेक दिया जा सकता है। भारतीय टीम के टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद चेतन की अगुआई वाली पूरी समिति को बर्खास्त कर दिया गया था और नये चयनकर्ताओं को चुनने की प्रक्रिया में उम्मीद से ज्यादा समय लग गया। अधिकारी ने कहा, ''चेतन और उनकी समिति अब भी घरेलू क्रिकेट देख रही है। उन्होंने पूरे विजय हजारे ट्राफी के मुकाबले देखे और रणजी ट्राफी के पहले दो दौर के मैच भी।

## पीसीबी ने शाहिद अफरीदी को बनाया चयन समिति का अंतरिम अध्यक्ष

लाहौर, 24 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को राष्ट्रीय चयन समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। पीसीबी ने शनिवार को यहां जारी विज्ञिप्त में बताया कि अब्दुल रज्जाक और राव इफ्तिखार अंजुम समिति के अन्य सदस्य हैं, जबकि हारून राशिद संयोजक होंगे। यह चयन समिति केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू शृंखला के लिये नियुक्त की गयी है। इस समिति के ऊपर मोहम्मद वसीम के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा चयनित टेस्ट टीम की समीक्षा की जिम्मेदारी होगी।

पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने कहा, मैं अंतरिम राष्ट्रीय चयन समिति का स्वागत करता हूं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीमित समय के बावजूद वे साहसी निर्णय लेंगे जो हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा, शाहिद अफरीदी एक आक्रामक क्रिकेटर रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान बिना किसी डर के क्रिकेट खेला। उनके पास लगभग 20 वर्षों का अनुभव है।

उन्होंने सभी प्रारूपों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने हमेशा युवा प्रतिभाओं का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि सेठी की नयी प्रबंध समिति ने गुरुवार को पदभार ग्रहण करने के एक दिन बाद ही 2019 के पीसीबी संविधान के तहत गठित सभी समितियों को भंग कर दिया था, जिसमें मोहम्मद वसीम की चयन समिति भी शामिल थी।


**कार्यालय पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-3004 दिनांक-16/12/2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शेष इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य भूप सिंह की गली व अमीचंद की गली कासीयो की ढाणी ततारपुर | 26.12.22 12AM तक | 26.12.22 2PM तक | 26.12.22 3PM तक | 7.00 | 14000 | 200 |
| 2 | रसोईघर निर्माण कार्य पुलिस थाना परिसर मुंडावर | 26.12.22 12AM तक | 26.12.22 2PM तक | 26.12.22 3.30 PM तक | 6.00 | 12000 | 200 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

प्रधान, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) NIB. ZAL2223A1020 UBN ZAL2223GLLB01438 विकास अधिकारी, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोरखाकलां पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-29 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-22/12/2022

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सोरखाकलां के ग्राम ठाकुरों का बास बिरटोली में सुरजन सिंह के घर से स्कूल तक टाइल निर्माण कार्य | 30.12.22 12 PM तक | 30.12.22 2PM तक | 30.12.22 3PM तक | 8 लाख | 16000/- | 200/- |
| 2 | सीवर लाइन निर्माण कार्य भूप सिंह के घर से ततारपुर रोड की ओर ग्राम चकोलिया | 30.12.22 12 PM तक | 30.12.22 2PM तक | 30.12.22 4PM तक | 10 लाख | 20000/- | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत सोरखाकलां, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) NIB. ZAL2223A1055 UBN ZAL2223GLLB01494 ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सोरखाकला, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डावर (अलवर) पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-92 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2020-21** दिनांक-23/12/2021

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पानी की टंकी निर्माण कार्य वार्ड नंबर 6 मुंडावर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM बजे तक | 02.01.2023 को 3.0 PM बजे तक | 1.0 | 2000/- | 500/- |
| 2 | पानी की टंकी निर्माण सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास मुंडावर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM बजे तक | 02.01.2023 को 3.0 PM बजे तक | 1.0 | 2000/- | 500/- |
| 3 | ग्राम पंचायत मुंडावर के ग्राम मुंडावर में एससी मोहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM बजे तक | 02.01.2023 को 3.0 PM बजे तक | 10.0 | 20000/- | 500/- |
| 4 | सीसी इंटरलॉकिंग मय नाली मुख्य सडक से लक्ष्मण सैनी के घर की ओर मुंडावर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM बजे तक | 02.01.2023 को 3.0 PM बजे तक | 10.0 | 20000/- | 500/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत मुण्डावर, जिला-अलवर (राज.) NIB. ZAL2223A1057 UBN ZAL2223GLLB01499 ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मुण्डावर, जिला-अलवर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डावर (अलवर) पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-93 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2020-21** दिनांक-23/12/2021

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीसी इंटरलॉकिंग श्रीचंद आहूजा के घर के सामने सार्वजनिक चौक मुंडावर | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM तक | 02.01.2023 को 3.0 PM तक | 2.95 लाख | 5900/- | 500/- |
| 2 | सीसी इंटरलॉकिंग मय नाली रामअवतार दुबे के घर से दुर्गा पंडित के घर की ओर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM तक | 02.01.2023 को 3.0 PM तक | 4.14 लाख | 8280/- | 500/- |
| 3 | समस्त वार्डों में उपलब्ध जगह पर कचरा पात्र निर्माण कार्य। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM तक | 02.01.2023 को 3.0 PM तक | 1.62 लाख | 3240/- | 500/- |
| 4 | सीसी इंटरलॉकिंग मय नाली मुख्य सडक से भजनलाल के घर की ओर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM तक | 02.01.2023 को 3.0 PM तक | 4.22 लाख | 8440/- | 500/- |
| 5 | सीसी इंटरलॉकिंग मय नाली बाबूलाल गोठवाल के घर से श्रीराम मेघवाल के घर की ओर मुंडावर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM तक | 02.01.2023 को 3.0 PM तक | 4.22 लाख | 8440/- | 500/- |
| 6 | सीसी मुख्य सडक से अमीलाल पंच के घर की ओर मुंडावर। | 02.01.2023 को 12.0 PM तक | 02.01.2023 को 2.0 PM तक | 02.01.2023 को 3.0 PM तक | 2.69 लाख | 5380/- | 500/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत मुण्डावर, जिला-अलवर (राज.) NIB. ZAL2223A1056 UBN ZAL2223GLLB01498 ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मुण्डावर, जिला-अलवर (राज.)

## संक्षिप्त

### आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

**अलवर,** (निसं)। मत्स्य जनकल्याण एवं उपचार मेडिकल हाल की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ आचार्य पंडित राजेंद्र शर्मा की और से मंत्रोच्चारण के साथ शुरू किया गया । शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने जांच कराइ एवं निशुल्क दवाई प्राप्त की। आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में ख्याति प्राप्त चिकित्सक बी.एन मिश्रा, हुकमचंद गौतम, डॉक्टर कमलेश कुमार अग्रवाल, मुकेश प्रजापत, डॉक्टर बीवी गौतम, प्रेम चन्दशर्मा वैध, मुरारीलाल भरद्वाज वैध की और से चिकित्सा एवं परामर्श दिया गया। शिविर में होम्योग्लोबिन शूकर कैल्शियम सहित अन्य जाँच निःशुल्क की गई इस अवसर पर 210 लोगो ने निशुल्क जांच कराइ।

### ज्वैलर्स की दुकान से लाखों की चोरी

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भांकरी में ज्वेलरी शॉप का शटर तोडकर चोरों ने दुकान में रखे लाखों रुपए के गहने व नगदी सहित 42 इंची एलईडी की चोरी कर ली। दुकान संचालक रामू सोनी ने बताया कि शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर दुकान पहुंचे तो देखा कि नीचे से शटर टूटा हुआ है। तत्काल घटना की सूचना प्रागपुरा थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस ने दुकान पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आवश्यक पडताल की। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। चोरी की इस घटना के बाद लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

### चाकसू में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे के गरुडवासी मोड पर न्यायालय के सामने स्थित 33 केवीएस मुख्य कार्यालय में 33 केवीएस पर 33 केवी फीडर पर आवश्यक रखरखाव के कारण इस फीडर से विद्युत वितरण रविवार को सवेरे 9 से 1 बजे तक बंद रहेगा। अधिशासी अभियंता केएन मीणा ने बताया कि इस फीडर से सम्बंधित चाकसू, कादेडा, कोटखावदा, शिवदासपुरा, देहलाला एवं आईओसीएल फिडरो की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी दोपहर एक बजे बाद ही विद्युत वितरण संभव हो सकेगा।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनाया क्रिसमस-डे

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में निमोडिया रोड स्थित शिक्षण संस्थान अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने धमाल मचाया। इस दौरान सांता क्लॉज ने बच्चों को उपहार भी भेंट किए। छात्रा भाविका, ध्रुवन, सनाढ्य, विवान, मिस्बा, अनस, शिवांश, विजया आदि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांता क्लॉस बने छात्र शिवांश ने बच्चों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका सुनैना कंवर राजावत ने प्रभु यीशु के त्याग व आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला।

### पौषबड़ा प्रसादी पाई

**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा में स्थित बाग वाले प्राचीन हनुमान जी महाराज के शनिवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तो द्वारा हनुमान जी महाराज के हलवा-पकौड़ी का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बावड़ी, मांदरी, डुंगा का बास, प्रेमपुरा सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चो ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा ने मंदिर में धोक देकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। संपूर्ण कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से किया गया।

### विवेकानंद संदेश यात्रा आज

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में स्वामी विवेकानंद के संस्कारों विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर रविवार 25 दिसंबर को प्रातः 7 बजे बालाजी बाईपास सड़क स्थित ज्योतिबा फूले सर्किल से पांच बत्ती चौराहे तक रन फॉर विवेकानंद दौड़ (विवेकानंद संदेश यात्रा) आयोजित की जाएगी। समाजसेवी पवन कुमावत ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी, राजस्थान प्रांत की ओर से आयोजित रन फॉर विवेकानंद के लिए 15 वर्ष से अधिक आयु के युवा सम्मिलित होंगे।

# टोंक स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा ने बिखेरे उल्लास के रंग

**टोंक,** (निसं)। टोंक के 1077वें स्थापना दिवस पर शनिवार को घाड़े, ऊंट, बैलगाडी, बैंड के साथ चल रहे टोंक के सेंकडों लोगों की शोभायात्रा ने हर टोंक निवासी के दिल को अपने स्थापना दिवस के लिए गर्व से भर दिया।

टोंक स्थापना महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुजीत सिंहल ने बताया कि शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। जिला कलेक्टर

> ■ शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया

चिन्मयी गोपाल और जिला प्रमुख सरोज बंसल कलेक्ट्रेट से गांधी खेल मैदान तक पैदल चली और उनके साथ नन्ही बालिकाओं सहित महिलाओं ने जम कर सेल्फी ली। शोभा यात्रा का समापन गांधी खेल मैदान में चल रहे बनास उत्सव के भव्य स्टेज पर हुआ।

यहां जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल और टोंक स्थापना महोत्सव के पदाधिकारियों ने मिलकर तलवार से केक काटकर टोंक का जन्मदिन सेलिब्रेट किया। शोभा यात्रा में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, जिला प्रमुख सरोज बंसल, सीईओ देशलदान, कृष्णा हनुमान सिंहल, सुधा अग्रवाल, टोंक स्थापना महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुजीत सिंहल, नरेश बंसल गोरधन हिरोनी, सुनील बंसल, हनुमान सिंह सोलंकी, राष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार, अंतर्राष्ट्रीय शायर जिया टोंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराना, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज गाता, चंद्रवीर सिंह चौहान, कमलेश सिंगोदिया, दीपक संगत, शाहीन अफरोज, मोहम्मद सहित सेंकडों लोग साथ रहे।

इससे पूर्व टोंक शहर के ऐतिहासिक गढ में विधिवत पूजा अर्चना के साथ टोंक स्थापना दिवस कार्येक्रम की शुरुआत हुई।



टोंक स्थापना दिवस पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल और जिला प्रमुख सरोज बंसल कलेक्ट्रेट से गांधी खेल मैदान तक पैदल चली।

## अतिक्रमण नहीं हटाने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। नगरफोर्ट क्षेत्र की गुराई पंचायत के जैल गांव में सार्वजनिक गणेश मंदिर से अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से गुस्साए लोगों ने नगर फोर्ड तहसील के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत गुराई के गांव जैल में सार्वजनिक गणेश मंदिर तथा गणेश मंदिर की जमीन पर हो रखे अतिक्रमण हटाने को लेकर लेकर राजस्व विभाग गंभीर नहीं है। जिसके कारण लोगों को जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तहसील के सामने विरोध प्रदर्शन कर जैल गांव के ग्रामीणों ने नगरफोर्ट तहसील कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि खसरा नंबर 315 तथा 316 गैर मु. सिवायचक भूमि देवीशंकर पुत्र कंवरी लाल खाती की कब्जा सुदा भूमि थी। जिसको 4 सितंबर 2009 को ग्राम के सर्व समाज पंच पटेलों के सामने यह भूमि गणेश मंदिर के नाम दान की थी। जिस पर गांव के ही अर्जुन लाल पुत्र रघुनाथ मीना ( अध्यापक ) ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिसके कारण गणेश जी की पूजा अर्चना नहीं हो पा रही है।

## सार-समाचार

### 1100 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली



**नरैना,** (निसं)। कस्बे में शनिवार को 1100 महिलाओं के द्वारा निकाली गई भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। गाजे बाजे के साथ निकली कलशयात्रा में अलग अलग समूह में मंडलिया बनाकर भक्तगण भजन कीर्तन करते हुए नाचते गाते चल रहे थे। कलशयात्रा का प्रारंभ श्रीमदनमोहन जी का मंदिर गायों की गोर से प्रारंभ होकर कटला बाजार बस स्टैंड होते हुए रूपनगढ़ रोड़ स्थित संत श्री दादूदयाल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केपास बाकूल माता मंदिर परिसर में कथा स्थल पहुंची। कलशयात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। कलशयात्रा में स्थानीय व आसपास के गांवों के करीब 2500 से अधिक जनसमूह ने हिस्सा लिया। आयोजनकर्ता श्रीमद् भागवत गीता को अपने सर पर रखकर कलशयात्रा के साथ चल रहे थे। सम्पूर्ण कलशयात्रा के दौरान शांति व्यवस्था व अनुशासन के लिये पुलिस के जवानो के साथ कस्बे के युवाओं ने सहयोग किया।

### बच्चों को स्वेटर बांटे



**जयपुर,** (निसं)। जीवन लक्ष्य फाउंडेशन जयपुर द्वारा शनिवार को सेठ छगन लाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम धानोता तहसील शाहपुरा एवं इसी परिसर में संचालित आंगनबाड़ी में स्वेटर वितरण एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के ट्रस्टी प्रमित कुमार ने बताया कि संस्था के इस कार्यक्रम में लगभग 70 बच्चों को स्वेटर एवं जैकेट्स का वितरण किया गया। संस्थापक सदस्य सोनू गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले तीन वर्षों में तीन हजार से भी ज्यादा बच्चों को स्वेटर दिये हैं। साथ विद्यालय के प्रतिभावान एवं योग्य विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मीना कुमावत, प्रमित कुमार, सोनू गुप्ता, रेणु पारीक आदि उपस्थित रहे।

### ब्यूटी पार्लर का हुनर सीखा

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन व ममता वेदांता संस्था रूडसेट एवं ग्राम पंचायत डाबड़ी के संयुक्त तत्वावधान में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का समापन डाबड़ी नंद घर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डाबड़ी रामपुरा ग्राम पंचायत सरपंच शैलेश बोरा, स्कूल अध्यापक सुशील व रूडसेट संस्था से डायरेक्टर अजय कुमार मीणा, करण, कलस्टर कोऑर्डिनेटर खुशबू कुमावत एवं भामाशाह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित संयुक्त लगभग 40 सौभाग्य ने कार्यक्रम में भाग लिया। ममता वेदांत नंद घर परियोजना और उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई सुपरवाइजर द्वारा कौशल से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पिंकी शर्मा ने ब्यूटी पार्लर से संबंधित डेमो सेशन दिया रूड सेट की निर्देशक अजय कुमार मीणा ने में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण करवाने पर सहमति दी।

### वर्धमान सागर महाराज का मंगल प्रवेश



**निवाई,** (निसं)। वात्सल्य वारिधि राष्ट्र गौरव आचार्य वर्धमान सागर महाराज का निवाई शहर में ससंध शनिवार को सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गाजेबाजे के साथ मंगल प्रवेश किया। आचार्य महाराज के मंगल पदार्पण को लेकर हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम निवाई बाईपास पर एकत्रित होकर बैंडबाजों के द्वारा जुलूस रवाना हुआ। मंगल प्रवेश का जुलूस निवाई बाईपास रेलवे फाटक से रवाना हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि शनिवार को आचार्य का मंगल प्रवेश का जुलूस निवाई बाईपास तहसील कार्यालय रोड रेल्वे फाटक होते हुए अग्रवाल जैन मंदिर पहुंचा। जहां आचार्य ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए। इसके बाद जुलूस धर्म सभा में विसर्जित हुआ।

### पौषबड़ा महोत्सव 28 को

**फुलेरा,** (निसं)। श्री सिद्ध गणेश व्यापार मण्डल के तत्वावधान में प्रथम पौषबड़ा पंगत प्रसादी का आयोजन 28 दिसंबर बुधवार को सायं 4:15 से किया जाएगा। समाजसेवी धनराज शर्मा ने बताया कि उक्त पौषबड़ा पंगत प्रसादी गणेश मन्दिर के निकट स्थित बस स्टैण्ड के पास किया जाएगा।

## पूनिया 26 को राजगढ़ में आमसभा करेंगे

**राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे के बस स्टैंड पर 26 दिसंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की जन आक्रोश आमसभा आयोजित होगी। इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजय नरूका ने भाजपा नेताओं के साथ जैन मंदिर नसिया जी में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में भाजपा कांग्रेस सरकार के कुशासन, बढ़ती आपराधिक घटनाएं, महिला उत्पीड़न एवं पेपर लीक प्रकरण सहित अनेक मुद्दों को जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से घर घर तक पहुंचा चुकी है। यात्रा के दौरान लोगों ने भरपूर समस्याएं शिकायत पेटी में दर्ज कराई थी।

इसको लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगह-जगह सरकार की नाकामी को लेकर आमसभा के माध्यम से जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के गोलाकाबास में दोपहर 1:बजे एवं राजगढ बस स्टैंड पर आम सभा को संबोधित करेंगे।

# बेटियों को भी बेटों के समान उच्च शिक्षा का अवसर दें: यादव

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने शनिवार को स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में देवनारायण व काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 94 छात्राओं को स्कूटियों का वितरण किया।

> ■ देवनारायण व काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 94 स्कूटी वितरित की

इस मौके पर मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि आधुनिक युग प्रतिस्पर्धा का है। बेटियां दो परिवारों का नाम रोशन करती है। उन्हें भी बेटों के समान उच्च शिक्षा का अवसर देगें तो समाज उन्नति करेगा। यादव ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने की बात कहते हुए बताया कि कोरोना काल में भी कोटपूतली क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा में अनेक कार्य हुए है। उन्होंने क्षेत्र के विकास में संसाधनों की कमी नहीं आने की बात कहते हुए छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, एनएसएस समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख मूलचंद मीणा ने भी विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारडिया ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. सत्यवीर सिंह व डॉ. आर.पी.गुर्जर ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. मधु नागर, डॉ. आरके सिंह, प्रो. सुरेश कुमार यादव, विजय सिंह यादव, डॉ. पीसी जाट, डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ. बाबूलाल मीणा समेत विधार्थी मौजूद रहे। इसी प्रकार डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में यादव ने रूसा योजना के अन्तर्गत नवनिर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया। साथ ही 51 छात्राओं को स्कूटियों का वितरण भी किया।



गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने छात्राओं को स्कूटी वितरित की।

## "फ्रेशर पार्टी 2022" का आयोजन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के जीडीएमएल पटवारी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में "फ्रेशर पार्टी 2022" का आयोजन महाविद्यालय के सचिव प्रिया शरण पटवारी की अध्यक्षता व डॉ. मनोहर शरण दास महंत गोपीनाथ मंदिर के मुख्य आतिथ्य एवं ज्योति वर्मा नायब तहसीलदार व बाबूलाल चौधरी अध्यक्ष अग्रवाल समाज एवं आशा अग्रवाल जेसीटीओ श्रीमाधोपुर के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई।

महाविद्यालय सचिव ने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराते हुए भावी योजनाओं के बारे में बताया। फ्रेशर पार्टी में महाविद्यालय की सीनियर छात्राओं ने बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने राजस्थानी ,फिल्मी गानों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस दौरान चार चरण के उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका सैनी मिस फ्रेशर चुनी गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता किरण शर्मा ,पूनम जांगिड़, मोना सोनी एवं सुमन चौधरी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समन्वयक दिनेश कटारिया, महेंद्र कुमार, रेहाना ,रामअवतार बर्रा, पवन सैनी, आरती बजाज, सुमन राठौड़, महेंद्र वर्मा ,सोहनलाल फर्सवाल, प्रशांत शर्मा, राजू देवी एवम महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कलश यात्रा के साथ रामायण शुरू

**मालपुरा,** (निसं)। श्रीराम कथा सेवा समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा 24 से 31 दिसम्बर तक पंचमहाजन धर्मशाला में आयोजित रामलखन दास महाराज वैदान्ति की द्वितीय तिरोभाव महोत्सव के शुभारम्भ पर अखाडा पार्टी के साथ कलश यात्रा निकाली गई। गणेश मंदिर से बैण्ड-बाजो व भगवान राम की झांकी के साथ शुरू हुई शोभायात्रा कथा स्थल पर पहुंची। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रामकथा की आरती उतारी गई। अखाडा पार्टी के पट्टेबाजों द्वारों एक से बढकर एक हैरतअंगेज कारनामे दिखाये गये। समिति अध्यक्ष घीसालाल बलदवा व घासीलाल वैष्णव,भरत शर्मा,पवन पालीवाल ने बताया कि सात दिवसीय नवाहन 108 पारायण रामायण पठन कथा के शुभारम्भ पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

## एम्बुलेंस जाम में फंसी

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ के मुख्य चौराहे के पास ओवरलोड डंपरों पर कार्यवाही नहीं होने से ओवरलोड वाहनों की आपसी टक्कर के कारण लगभग 5 किलोमीटर तक लगे लंबे जाम में आईसीयू एम्बुलेंस ऑन व्हील्स तथा अन्य एंबुलेंस भी फंस गई।

बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 पर बहरोड़ मिडवे के पास मुख्य चौराहे के पुल पर चढ़ते समय ओवरलोड क्रेशर रोड़ी से भरे डंपरों की भिड़ंत कस्बे से करीब 5 किलोमीटर तक जाम की स्थिति होने से आईसीयू एंबुलेंस ऑन व्हील्स आरजे 20 पीबी 1298 तथा अन्य एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। वहीं बहरोड़ सीओ आनंद राव की सतर्कता से थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह तथा भीम सिंह आदि सहित पुलिस व्यवस्था ने जाम की स्थिति को व्यवस्था अनुसार काफी मशक्कत करने के बाद लगभग 2 घंटे में चालू कराया गया।

## गैराज में खड़ा डंपर चोरी

**बोराज,** (निसं)। महला रोड स्थित मोटर गैराज सर्विस सेंटर पर शुक्रवार रात्रि को अज्ञात लोग राहुल प्रजापत उर्फ लाखा गैराज के गेट का ताला तोड़कर गैराज में खड़े डंपर को चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी पर मौके पर मौजमाबाद थाना अधिकारी जय प्रकाश चौधरी मय जाप्ता , महला चौकी प्रभारी मनोहर लाल व बीट अधिकारी रामनिवास ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

# ग्रामसभा में कई विकास कार्यों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। शनिवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्राम जन एकत्रित हुए। ग्राम सभा में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को अवगत करवाया गया।

वहीं ग्राम सभा में ग्राम जनों द्वारा कालाडेरा बस स्टैंड पर स्थित आबादी भूमि खसरा नंबर 1598 में ग्राम कालाडेरा के विकास में अतुलनीय योगदान देने वाले सेठ रामेश्वर लाल सहरिया की मूर्ति लगाने, उनके नाम से सहरिया पार्क विकसित करने और आमजन की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय के निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी के साथ पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा बस स्टैंड पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाए जाने की कार्य का भी समर्थन किया गया।

कालाडेरा ग्राम पंचायत के सरपंच अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम सभा में प्रमुख रूप से कस्बे में कृषि महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय, नगर पालिका बनाने, उप तहसील, आयुर्वेद औषधालय, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान विषय खुलवाने, बालिका पुस्तकालय, तथा पशु चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटित करने एवं वर्तमान पशु चिकित्सालय का उपयोग सामान्य अस्पताल में करने व वर्तमान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का विस्तार करने तथा सार्वजनिक भूमियों से अतिक्रमण हटाने क्रय विक्रय सहकारी समिति को भूमि आवंटन तथा समस्त राजकीय भूमियों को आमजन के हित में आरक्षित करने सहित बस स्टैंड पर व्यवसाय करने वाले गरीब थड़ी धारको के पुनर्वास के लिए कमेटी बनाकर निर्णय लेने की बात कही है। वहीं पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाईन डालने टंकी निर्माण करने बस स्टैंड पर सड़क सीमा में टाइल्स लगाने बड़ी हाई मास्ट लाइटें व कॉलेज मोड से डेयरी तक स्ट्रीट लाइटें लगाने सहित अनेक प्रस्ताव ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किए गए।

> ■ ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया

कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम सभा में शनिवार को कालाडेरा कस्बे के बस स्टैंड पर संचालित पुलिस चौकी की भूमि के पट्टे के लिए आवेदन किया गया। और पूर्व में भी कई बार पट्टे के लिए आवेदन किए गए हैं लेकिन अभी तक ग्राम पंचायत के द्वारा पुलिस चौकी की भूमि के लिए कोई भी पट्टा जारी नहीं किया गया है जबकि पुलिस चौकी 1984 से यहां पर संचालित है।



राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## फायरिंग से दहशत का माहौल, पुलिस जांच में जुटी

**पावटा,** (निसं)। ग्राम पंचायत सुदरपुरा ढाढा में शनिवार दोपहर को दहशत का माहौल हो गया जब ग्रामीणों ने फायरिंग की आवाज सुनी। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी।

क्षेत्र में खनन गतिविधियां संचालित होती हैं। घटना के बारे में जानकारी देते हुए सरपंच उमेश कुमार

> ■ बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो सरपंच व ग्रामीणों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की

यादव ने बताया कि फायरिंग कर भागते हुए बदमाशों को उन्होंने रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने सरपंच व ग्रामीणों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। वहीं पुलिस ने पंचायत भवन के समीप से एक व समीप ही खनन क्षेत्र से गोली के दो खोल बरामद किए हैं। छोटे बच्चों और महिलाओं में इतना भय हो गया कि डर के कारण घर से बाहर नहीं निकल रहे। जहां माइनिंग हो रही है वहां पास ही स्कूल भी है। अवैध ब्लास्टिंग के कारण लोगों के घरों में दरारें भी आ गई है।

इस वारदात के बाद सरपंच उमेश सहित ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाना पहुंचकर पुलिस को शिकायत देते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया है कि आए दिन खनन माफियाओं में आपसी विवाद के चलते इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस गंभीर मामले में विराटनगर वृत्ताधिकारी संजीव चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों व लीज धारक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। जिसमें झगड़ा होने पर एक पक्ष ने फायरिंग कर दी।

मौके पर प्रागपुरा थाना पुलिस ने पहुंच छानबीन व मौका मुवायना किया। आरोपियों को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि ढाढा गांव में फायरिंग हुई थी। माइनिंग व ब्लास्टिंग को लेकर कोई विवाद है।



फायरिंग के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।



न्यू मैक्सिको में आबो मिशन के अवशेष सालीनस पैब्लो मिशन्स नैशनल मॉन्युमैंट का भाग हैं। समुद्र स्तर से 6100 फीट की ऊंचाई पर स्थित ये स्मारक कथित तौर पर चौदहवीं सदी के हैं। उस समय यह क्षेत्र एक प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था। सन् 1962 में इस क्षेत्र को नैशनल हिस्टॉरिक लैण्डमार्क घोषित किया गया था। यह क्षेत्र 370 एकड़ में फैला है और यहां कई ऐसे पैब्लो अवशेष हैं जिनका अभी भी उत्खनन नहीं हुआ है। इनकी संख्या और आकार को देखकर कहा जा सकता है कि, वर्ष 1581 में जब स्पैनिश यहां आए थे तब यहां फलता- फूलता समुदाय रहता था। वर्ष 1622 में फ्रे फ्रैन्सिस्को फोन्ते को आबो मिशन पर भेजा गया था। स्थानीय लोगों के साथ काम करते हुए फोन्ते ने 1623 में एक छोटा कॉन्वैन्ट और चर्च बनाया। इस चर्च के कॉन्वैन्ट में एक गोलाकार कीवा था। कीवा असल में एक भूमिगत गोल चैम्बर था जिसका इस्तेमाल यहां के पुरुष धार्मिक कार्यों के लिए करते थे। आबो का सबसे पहला एतिहासिक उल्लेख सन् 1583 का है, जब स्पैनिश खोजी एन्टोनियो डी एस्पेहो यहां आया था। स्पैनिश मिशन का काम 1622 में शुरु हुआ और 1629 में पहला चर्च बना। लेकिन 1672 में इस क्षेत्र को त्याग दिया गया, संभवतया सूखे और अपैची (स्थानीय मूल निवासियों का समूह) के हमले की वजह से। इतिहास के अनुसार, इसके बाद आबो के लोग रिओ ग्रैन्ड वैली चले गए जहां 1680 में पैब्लो बगावत में उन्होंने स्पेन का साथ दिया था। सन् 1938 में सरकार ने आबो का अधिग्रहण कर लिया व एतिहासिक स्थल के रुप में इसका संरक्षण किया।

# "हाथ से हाथ मिलाओ" कार्यक्रम आखिर कैसे संचालित होगा

## ना जिलों में और ना ही ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस कमेटी का गठन हुआ है

जयपुर, 24 दिसम्बर (का.प्र.)। भारत जोड़ो यात्रा की समाप्ति के बाद कांग्रेस ने एक नए कार्यक्रम की घोषणा की है। ब्लाक और जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को नाम दिया गया है, "हाथ से हाथ मिलाओ," लेकिन इस कार्यक्रम को लेकर राजस्थान में बड़ी असमंजस की स्थिति है कि, आखिरकार जिला और ब्लॉक स्तर पर इस कार्यक्रम को चलाएगा कौन ?

दरअसल सचिन पायलट को प्रदेश अध्यक्ष पद तथा उपमुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद लगी इस्तीफों की झड़ी के कारण आनन-फानन में तमाम जिला और ब्लॉक कमेटियाँ भंग कर दी गईं, प्रदेश कार्यकारिणी भंग कर दी गई, विभाग, प्रकोष्ठ भंग कर दिए गए। इनमें से अभी तक ब्लॉक और जिला कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है। ना ही विभाग, प्रकोष्ठ बन पा रहे हैं। ऐसे में "हाथ से हाथ मिलाओ" कार्यक्रम कैसे तथा कौन लोग आगे बढ़ाएगा, यह भी तय नहीं है।

दरअसल, राजस्थान में जुलाई 2020 में ही प्रदेश कार्यकारिणी, विभाग, प्रकोष्ठ, जिला और ब्लॉक तक की तमाम कमेटियों को भंग कर दिया गया था। सचिन पायलट के बाद गोविंद सिंह डोटासरा को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया तो गया, लेकिन उन्हें काम करने के लिए नाम मात्र लोगों की कार्यकारिणी मिली, और जिला व ब्लॉक अध्यक्ष बनाने का सिलसिला लंबा नहीं चल पाया। मात्र एक दर्जन के आसपास जिला अध्यक्ष बनाए गए,लेकिन उनमें से भी कूलिंग पीरियड के कारण जिला अध्यक्षों को बदलने की जरूरत आ गई। ऐसे में इस समय सिर्फ पांच जिला अध्यक्ष हैं ,वहीं 400 ब्लॉक अभी नए अध्यक्षों का इंतजार कर रहे हैं।

- **दरअसल सचिन पायलट को प्रदेश अध्यक्ष पद तथा उपमुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद लगी इस्तीफों की झड़ी के चलते आनन-फानन में तमाम जिला और ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कमेटियां भंग कर दी गई थीं।**

हालांकि, कहने को तो कांग्रेस ने यह भी कहा था कि, अब संगठन का विस्तार मंडल स्तर पर किया जाएगा। लेकिन, मंडल स्तर की बात तो बहुत दूर की है,अभी तक तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों को लेकर भी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से दिए गए हाथ से हाथ मिलाओ कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक और जिला स्तर पर कैसे होगा। वैसे कहा तो यह जा रहा है कि, निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष और निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षों से ही इन कार्यक्रमों का संचालन कराया जाएगा और विधायक और विधायक प्रत्याशी इनको सहयोग करेंगे।

वैसे एक संभावना यह भी जताई जा रही है कि, आने वाले दिनों में 15 जनवरी के बाद शायद कुछ जिला अध्यक्षों को लेकर फैसला हो जाए, लेकिन दूसरी ओर जिस तरह से कांग्रेस में इस समय खींचतान जारी है, उसमें फिलहाल यह होता संभव नहीं लग रहा। यह भी कहा जा रहा है कि, वैसे भी, प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा अभी राजस्थान के बारे ज्यादा जानकारी नहीं रखते हैं। इसलिए पहले वे इस बारे में फीडबैक लेंगे, नेताओं से मिलेंगे, उसके बाद ही संगठन विस्तार को लेकर कोई चर्चा आगे बढ़ पाएगी। अब देखना यह है कि क्या 26 जनवरी से शुरू होने वाले कांग्रेस के इस नए कार्यक्रम से पहले संगठन का विस्तार हो जाएगा या फिर आधी अधूरी तैयारी के साथ कार्यक्रमों का संचालन होगा।

## 'दोषियों को सख्त ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ज्ञान की परीक्षा को अहतिहातन निरस्त किया गया है जिससे किसी भी मेहनतकश युवा के साथ अन्याय ना हो। बाकी परीक्षाएं यथावत् जारी रहेंगी।

मुख्यमंत्री गहलोत न कहा, मैं परीक्षार्थियों को होने वाली परेशानी महसूस कर सकता हूं परन्तु अनुचित तरीके से परीक्षा पास करने के मंसूबे पाल कर आए लोगों का चयन नहीं होने दिया जाएगा। राजस्थान में सिर्फ मेहनती युवाओं को ही उनका हक मिलेगा। मेरी अपील है कि किसी के बहकावे में आने की बजाय आप अपनी तैयारी करें।

उन्होंने आगे कहा, दुर्भाग्य से देशभर में पेपर लीक करने वाले गैंग पनप गए हैं जिससे कई राज्यों में, यहां तक कि, जूडिशिएरी एवं मिलिटरी तक में पेपर लीक जैसी घटनाएं होती हैं। राजस्थान में सख्त कार्रवाई कर बेईमानों को जेल में बंद किया गया है भर्ती परीक्षाओं में पार्दर्शिता के लिए हमारी सरकार ने सख्त कानून बनाया है।

# अदालती आदेश के बावजूद नदी भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया

## राजस्थान हाई कोर्ट ने कलेक्टर और एस.डी.ओ. को अवमानना नोटिस जारी किया

जयपुर, 24 दिसंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद झुंझुनू के नाटास गांव के पास काटली नदी की करीब आठ सौ बीघा जमीन पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर स्थानीय कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी, उदयपुरवाटी एसडीएम रामसिंह राजावत और गुढ़ागौडजी तहसीलदार गजेन्द्र सिंह को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस एम.एम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश सुमित्रा की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मवीर ठोलिया और अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने अदालत को बताया कि, काटली नदी की कुल करीब 17 सौ बीघा जमीन में से करीब आठ सौ बीघा जमीन पर स्थानीय प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं। इसके चलते नदी के बहाव क्षेत्र में पानी नहीं आता और नदी सूख रही है। नदी भूमि पर लोगों ने कुएं, ट्ययूबवेल भी खोद लिए हैं। अवमानना याचिका में कहा गया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सेल को आदेश दिए थे कि वह अतिक्रमियों को सुनवाई का मौका देकर तीन माह में अतिक्रमण हटाने पर निर्णय करे। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत भी दी गई। इसके बावजूद भी अवमाननाकर्ता अफसरों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

- **यह मामला झुंझुनूं के नाटास गांव में काटली नदी के पास की 800 बीघा जमीन के अतिक्रमण का है।**
- **बताया जाता है कि, काटली नदी की 1700 बीघा जमीन में से 800 बीघा पर स्थानीय प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, इससे नदी के बहाव क्षेत्र में पानी आना बंद हो गया है।**

## पांच देशों से आने वालों के लिए आर.टी.पी.सी.आर टैस्ट अनिवार्य

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। दुनिया के कई देशों में जानलेवा करोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं, इसको लेकर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है और पूरी सावधानी बरत रही है। इसके मद्देनज़र अब चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आर.टी.-पी.सी.आर. टैस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा है कि अगर इन देशों के किसी भी यात्री में करोना के लक्षण पाए जाते हैं या टैस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो उन्हें तुरंत क्वारंटीन कर दिया जाएगा।

चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले अन्तर्राष्ट्रीय यात्रियों के स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी देने के लिए कोविड-19 एयर सुविधा फॉर्म भरना अनिवार्य किया गया है।

# 20 साल की टीवी एक्ट्रेस टुनिशा शर्मा ने शूटिंग के सेट पर खुदकुशी की

## टुनिशा शर्मा अलीबाबाः दास्तान-ए काबुल में लीड रोल निभा रही थीं

मुंबई, 24 दिसम्बर। अलीबाबाः दास्तान-ए काबुल फेम 20 साल की टीवी एक्ट्रेस टुनिशा शर्मा ने खुदकुशी कर ली है। टुनिशा इस वक्त सब टीवी के शो दास्तान ए काबुल में लीड रोल प्ले कर रही थीं ऐसे में उन्होंने ये इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इस बात से सब हैरान हैं।

टुनिशा ने शो के सेट पर ही ये कदम उठाया और शो के लीड एक्टर के मेकअप रूम में ही फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। हालांकि पुलिस के मुताबिक वो बाथरूम में मृत पाई गईं हैं। पुलिस के मुताबिक ये बात शनिवार की दोपहर 3.45 की है। जिसके बाद उन्हें 4.20 पर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- **टुनिशा ने शो के लीड एक्टर के मेकअप रूम में ही फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।**
- **पुलिस के मुताबिक वो बाथरूम में मृत पाई गईं। पुलिस के मुताबिक यह बात शनिवार की दोपहर 3.45 की है। टुनिशा को 4.20 पर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**

हालांकि इससे ज्यादा जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। पुलिस अब इस मामले की पूरी छानबीन में जुटी हैं। टुनिशा वसई के एक स्टूडियो में शूटिंग कर रही थीं और उन्होंने ऐसा क्यों किया और इतना बड़ा कदम उठाने के पीछे क्या वजह रही होगी फिलहाल इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है। लेकिन सेट पर इस तरह का कदम उठाने से हर कोई दंग रह गया है। टुनिशा महज 20 साल की थीं और इतनी कम उम्र में ही चर्चित शो में उन्हें लीड रोल निभाने का मौका मिला। ऐसे में ये उनके लिए काफी अच्छा समय था। वो फेमस होती जा रही थीं।

मौत से महज कुछ देर पहले ही टुनिशा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक मोटिवेशनल पोस्ट लिखा था। हालांकि फिर कुछ देर बाद उन्होंने खुद ही आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठा लिया, जिसके बाद अब फैंस ऐसा कह रहे हैं कि वो ऐसा नहीं कर सकतीं।

## सैकंड ग्रेड ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

चुके थे। जिन्हें परीक्षा देने से पूर्व एक निश्चित स्थान पर छोड़ने के लिए सांचोर लोक परिवहन की बस को उदयपुर मंगवाया था।

सुखेर से सभी छात्रों को इसमें बिठाकर लाया गया। रात दो बजे प्रश्नपत्र मिलने के बाद बस में सवार छात्रों को प्रश्न पत्रों के उत्तर बताए जा रहे थे। गिरफ्तार सभी छात्र जालोर क्षेत्र के हैं, जो आपस में कहीं ना कहीं परिचित है।

उनमें सात लड़कियां तथा दो डमी छात्र भी शामिल हैं। मुख्य सरगना सुरेश विश्नोई 8 से 15 लाख रूपये लेकर परीक्षा देने के लिए साथ लेकर आने तथा सभी को एक स्थान पर वापस छोड़ने की जानकारी सामने आई है।

# क्या शशिकला "चिनम्मा" अन्नाद्रमुक...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

फायदा उठाने के लिए अपनी चालें चल रही हैं। समन्वयक एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम को पार्टी से बाहर किए जाने के बाद अन्नाद्रमुक का नेतृत्व अब पूर्ण रूप से पलानिस्वामी के हाथों में हैं। पलानिस्वामी अब एक तरह से कमजोर पड़ चुके हैं और आगामी लोकसभा चुनाव अथवा वर्ष 2022 में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में वह किसी वोट काटने वाले के सामने स्वयं को अक्षम महसूस करेंगे।

वोटों का जितना बिखराव होगा, सत्तारूढ़ द्रमुक (डी.एम.के.) और उसकी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के लिए उतना ही बेहतर होगा। इसीलिए अन्नाद्रमुक की गतिविधियों पर द्रमुक बारीकी से नज़र रखे हुए है ओर ए.आई.ए.डी.एम.के. नेतृत्व में आसन्न किसी विभाजन से उसे खुशी ही होगी। यदि अन्नाद्रमुक चुनाव हार जाती है तो वह शशिकला अपनी शपथ को पूरा करने के लिए राजनीतिक चाले चल सकती हैं जिन्हें जयललिता शासन के दौरान सत्ता की बैक पावर माना जाता था। अब यह देखना शेष है कि शशिकला वास्तव में कितनी घातक हो सकती हैं।

तमिलनाडू की राजनीति को निकट से जानने वाले शशिकला को एक ऐसी ताकत मानते हैं जो क्षीण हो चुकी है। उनके भतीजे टी.टी.वी. दिन करन ने अपनी खुद की क्षेत्रीय पार्टी बनाई थी, लेकिन वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी एक भी सीट जीतने में विफल रही। ये सभी भिन्न राजनीतिक ताकतें अपनी छाय छोड़ने की कोशिशें कर रही है। बता दें कि विधानसभा चुनावों में यदि संघर्ष कांटे का रहा तो इनकी उपस्थिति सतारूढ़ या विपक्ष के प्रत्याशियों की संभावनाओं को बना सकती है या बिगाड़ सकती है।

शशिकला पार्टी में अपने समर्थकों और शुभचिन्तकों के साथ वार्तालाप करती रही हैं। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों से कहा कि "मैं इसे लेकर सुनिश्चित हूं कि अन्नाद्रमुक के सभी गुट एकजुट होकर उस डी.एम.के. को हटाएंगे जिसने अम्मा को हर तरह से परेशान किया था। उन्होंने कहा कि वह और अम्मा पहले कई तूफानों को शांत चुकी है। उन्होंने करूणानिधि द्वारा दी गई सारी परेशानियों से जनता को अवगत कराते हुए बताया कि उन्होंने और अम्मा ने उसे कैसे पार पायी थी।

क्रिसमस मनाने को लेकर चेन्नई में हुए। एक कार्यक्रम में उन्होंने मीडिया कर्मियों से कहा कि "मुझे विश्वास है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व अन्नाद्रमुक सभी स्त्री-पुरूष एकजुट जो जाएंगे। एक राजनीतिक विश्लेषण ने बताया कि "शशिकला बावूबी जानती है कि राजनीति में उनका पुनः प्रवेश केवल अन्नाद्रमुक से ही हो सकता है, इसलिए वे इसमें सेंध लगाने का प्रयास कर रही हैं। वह कोई भी कदम उठाए, लेकिन उसका परिणाम शून्य ही होगा।

## आधार व पैन कार्ड लिंकिंग

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (वार्ता)। आयकर विभाग ने सभी पैनधारकों से जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं से 31 मार्च 2023 तक पैन को आधार से जोड़ने की अपील करते हुये आज कहा कि इसके बाद पैन निष्क्रिय हो जायेंगे।

- **आयकर विभाग ने कहा है कि, 31 मार्च 2023 तक पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक नहीं किया तो ऐसे पैन कार्ड बंद हो जायेंगे।**

विभाग ने यहां कहा कि आयकर अधिनियम,1961 के अनुसार, सभी पैन धारकों के लिए जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं, 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। जो पैन आधार से नहीं लिंक किए गए हैं,वे पैन एक अप्रैल 2023 से निष्क्रिय हो जाएंगे। विभाग ने कहा कि जो अनिवार्य है, वह आवश्यक है। देर न करें, आज ही लिंक करें।

# श्रीकृष्ण की मूर्तियाँ खोजने के लिए आगरा की मस्ज़िद का सर्वे कराया जायेगा?

मथुरा, 24 दिसम्बर। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने एक बार फिर दावा किया है कि मुगल शासक औरंगजेब ने भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर को तुड़वाकर उसमें स्थापित ठाकुर केशवदेव के श्रीविग्रह यानी कि मूर्ति को आगरा भिजवाकर लाल किले की मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबवा दिया था। उन्होंने शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन नीरज गौड़ की अदालत में उपरोक्त याचिका दाखिल कर एक बार फिर अनुरोध किया है कि बेगम साहिबा की मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबे इन विग्रहों को निकाल कर ठाकुर केशवदेव मंदिर में स्थापित किया जाए।

अपनी याचिका में सिंह ने कहा है कि विग्रहों को मंदिर में स्थापित होने तक उन सीढ़ियों पर सभी का आवागमन बंद किया जाए। अदालत ने इसकी सुनवाई के लिए 23 जनवरी, 2023 की तारीख मुकर्रर की है। अदालत में दर्ज किए गए दावे में वादी महेंद्र प्रताप सिंह और वृंदावन निवासी श्यामा नंद पंडित उर्फ शिवचरन अवस्थी ने केंद्रीय सचिव दिल्ली, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, तिलक मार्ग, नई दिल्ली के महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आगरा के अधीक्षक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मथुरा के निदेशक के माध्यम से भारत संघ को प्रतिवादी बनाया है।

- **श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास ने मथुरा फास्ट ट्रैक कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि, औरंगज़ेब ने केशव मंदिर तुड़वाकर मूर्तियाँ मस्ज़िद की सीढ़ियों में दबवा दी थीं।**

वादी ने कहा कि मुगल शासक औरंगजेब ने सन 1670 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने ठाकुर केशवदेव के मंदिर को विध्वंस करा दिया था। मंदिर में स्थापित कीमती रत्नजड़ित छोटे एवं बड़े देव विग्रहों को आगरा ले जाया गया, जिन्हें लाल किले की बेगम साहिबा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबा दिया। उन्होंने याचिका में कहा कि देव विग्रह आज भी मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दफन हैं, जो प्रतिवादीगण के अधीन है।

वादी ने इस संबंध में कई ऐतिहासिक साक्ष्यों का भी हवाला दिया है।

वादी ने कहा है कि इस संबंध में औरंगजेब के मुख्य दरबारी मुस्ताक खान द्वारा लिखित पुस्तक 'मासर ई आलमगीरी' में उल्लेख किया गया है, जिसका यदुनाथ सरकार ने अरबी भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद किया है। उनके अलावा प्रख्यात इतिहासकार बी.एस. भटनागर द्वारा लिखित पुस्तक में भी यह वर्णन मिलता है। महेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत से प्रार्थना की है कि उक्त सीढ़ियों पर लोगों को आने जाने से रोका जाए तथा सीढ़ियों को खुदवा कर उनमें दफन किए गए विग्रहों को निकाल कर ठाकुर केशवदेव मंदिर में स्थापित किया जाए। वादी ने बताया कि इससे पूर्व पहले भी सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में यह दावा किया गया था, लेकिन तब अदालत ने पहले सभी प्रतिवादियों को 2 माह का नोटिस देकर पुनः दावा दाखिल करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद अब यह दावा सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में किया गया, लेकिन यह मामला त्वरित अदालत में सुना गया। वादीगण वकील महेंद्र प्रताप सिंह, भगवान शर्मा एवं दिलीप शर्मा ने बताया कि अदालत ने इसकी अगली सुनवाई के लिए 23 जनवरी की तारीख तय की है।

## लीक हुए ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

आगामी 29 जनवरी को दोबारा होगी।

आर.पी.एस.सी ने कहा है कि, परीक्षा की शुचिता भंग करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्यवाही की गई है।

इस संबंध में आयोग की फुल कमीशन बैठक में आरोपी अभ्यर्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त करते हुए प्राथमिक तौर पर सदैव के लिए परीक्षाओं से वंचित करने का निर्णय लिया गया है।

आयोग ने अभ्यर्थी हित में स्थगित की गई परीक्षा की नई तिथि की घोषणा भी कर दी है। अब ग्रुप-सी की सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान परीक्षा का आयोजन 29 जनवरी 2023 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना यथा समय जारी कर दी जाएगी।

आगामी 26 एवं 27 तारीख को आयोजित होने वाली परीक्षाओं में विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं अहतियात बरतने के दिशा निर्देश भी प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को दिए जा चुके हैं।

# 'मैं 2800 कि.मी. चला, कहीं नफरत नहीं दिखी पर ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

है लेकिन हम जो कुछ कहते है, उसकी वास्तविकता को यह कभी नहीं दिखाता, क्योंकि पर्दे के पीछे से, उसे अपना मुँह रखने का हुक्म दिया गया है।............ लेकिन यह देश एक है, हर व्यक्ति मिल-जुल कर रहना चाहता है।"

कमल हासन, जो "मक्कल नीधी मय्यम" के संस्थापक हैं, ने कहा कि शुरू-शुरू में, लोग उनसे यह कहने आये थे कि भारत जोडो यात्रा में शामिल होना तथा गांधी के साथ पैदल चलना उनकी एक बड़ी राजनैतिक गलती होगी"

उन्होंने आगे कहा, मैंने स्वयं से कहा कि इस समय देश को मेरी जरूरत है। मेरी अन्तरात्मा की आवाज ने कहा, कमल, भारत को तोड़ने की नहीं, जोड़ने की मदद करो।"

अभिनेता कमल हासन राजनैतिक गठबंधन के बारे में कुछ नहीं बोले। उनकी पार्टी, जिसने अपना पहला चुनाव अप्रैल, 2021 में, तमिलनाडु में लड़ा था, इस चुनावी लड़ाई में हार गई थी।

जहाँ भारत जोड़ो यात्रा ने रास्ते में कई गतिरोधों का सामना किया है, लेकिन इसकी लोकप्रियता निरन्तर बढ़ती आ रही है, और यात्रा की इस बढ़ती हुई लोकप्रियता से कांग्रेस के विरोधी, खासतौर से वे लोग, जो "भारत के विचार" का जबरदस्त विरोध करते हैं, व्याकुल एवं उदास हो गये हैं।

भारत जोड़ों यात्रा तथा इसके नेता की बढ़ती जा रही स्वीकार्यता का साफ संकेत उन भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाओं में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जो इसकी कमियाँ ढूढ़ने के लिये, इस यात्रा का गहन विश्लेषण कर रहे है तथा तस्वीरों की फोटोशॉपिंग तथा वीडियोज में घालमेल करने की सीमा तक पहुँच गये हैं तथा इस अभियान को नकारात्मक रूप में प्रोजेक्ट किया जा सके। लेकिन कांग्रेस अपने इस मिशन को जारी रखने के संकल्प पर अटल बनी हुई है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दृढ़तापूर्वक कहा कि कोई भी चीज भारत जोडो यात्रा को आगे बढ़ते रहने से नही रोक सकती। उन्होंने भाजपा से कहा कि वह "कोविड महामारी के नाम पर राजनीति करना" तथा पदयात्रा को "रोकने" की कोशिश करना बन्द कर दे, जो शनिवार की सुबह राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश कर गई है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राहुल गांधी को बदनाम करने की तथा यात्रा को पटरी से उतारने की हर सम्भव कोशिश की लेकिन असफल रही, क्योंकि पूरे देश, जिसमें दिल्ली भी शामिल है, के लोग जबरदस्त रूप से सहयोग कर रहे हैं।

ए.आई.सी.सी. मीडिया तथा प्रचार-प्रभारी पवन खेड़ा ने आश्रम चौक पर पत्रकारों से कहा, "अगर आप (भाजपा) में यात्रा को रोकने की हिम्मत है तो ऐसा कर लीजिये। हम कोविड से सम्बन्धित सभी नियमों तथा प्रोटोकॉल्स, (अगर कोई होंगे), का पालन करेंगे।"

खेड़ा ने कहा, "हमें अपनी जिम्मेदारियाँ पता है। भाजपा हमें सलाह एवं निर्देश देने के बजाय, शासन करे। वे (सरकार) नियमों की घोषणा नहीं कर रही, उनका सरोकार तो राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा से है, जिसे जनता का सहयोग समर्थन मिल रहा है।"

राहुल गांधी ने आर.एस.एस./भाजपा पर देश में डर फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि इन्होंने इस डर को द्वेष में बदल दिया है लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी।

भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली में प्रविष्ठ होते ही, भीड़ को सम्बोधित करते हुये, उन्होंने कहा, "वे नफरत का प्रसार करते हैं, हम प्रेम का प्रसार करते हैं तथा सभी भारतीयों को गले लगाते हैं।"

उन्होंने वहाँ एकत्रित लोगों से कहा, "इस भारत जोड़ो यात्रा में हिन्दुस्तान और मुहब्बत है, जो किसी जाति, मत, धर्म, अमीर व गरीब को नहीं देखती, सब लोग एक-दूसरे को गले लगाते हैं।"

दिल्ली के कांग्रेस-प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि भाजपा भारत जोड़ो यात्रा से डर रही है, कोविड से नहीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी सरकार को राजनीति करने के बजाय, नियमों एवं मानकों का पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा, "कोविड-19 या करोा के राजनीतिपूर्ण उपयोग से देश की जनता के पास गलत संदेश जा रहा है।"

केन्द्र सरकार पर एक और प्रहार करते हुये, कांग्रेस महासचिव तथा कम्यूनिकेशन इन्चार्ज जयराम रमेश ने कहा कि मार्च, 2022 से लेकर अब तक मोदी सरकार पूर्व सैनिकों के पेंशन-संशोधन को लागू तथा पेंशन एरियर्स का भुगतान करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय से चार बार समय ले चुकी है।

रमेश ने एक बयान में कहा कि चूँकि संशोधन को लागू करने के लिये बढ़ाई गई अवधि 15 दिसम्बर, 2022 को समाप्त हो रही थी, इसलिये सरकार ने 14 दिसम्बर 2022 को शाम 4 बजे, इस मुद्दे के समाधान के लिये 15 मार्च 2023 तक का समय और लेने के लिये एक मिस्लेनियस ऐप्लिकेशन लगा दी।

रमेश ने कहा कि राहुल गांधी, भारत जोडो यात्रा के दौरान, 21 दिसम्बर 2022 को हरियाणा के फिरोज़पुर-झिरका में पूर्व सैनिकों के साथ भेंट की थी। पूर्व सैनिकों ने इस मुद्दे को उठाया था तथा उन्हें (राहुल) ज्ञापन दिया था। राहुल ने उनकी माँगों का समर्थन किया था, तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ था।

उन्होंने कहा कि भारत जोडो यात्रा के दिल्ली में प्रवेश करने से पहले, 23 दिसम्बर की शाम को कैबिनेट की मीटिंग के बाद, रक्षामंत्री ने एरियर्स के भुगतान की स्वीकृति की घोषणा कर दी। रमेश ने कहा,"वन रैंक, वन पेंशन (ओर.आर.ओ.पी.), जिसकी घोषणा यू.पी.ए. सरकार ने 26 फरवरी, 2014 को की थी, अभी लागू होने से बहुत दूर है। भारत जोडो यात्रा हमारे पूर्व सैनिकों की आवाज सफलतापूर्वक उठाती रहेगी। यू.पी.ए. सरकार के आदेशों के अनुरूप, हम ओ.आर.ओ.पी. के क्रियान्वयन के लिये वचनबद्ध है"।

## नकल गिरोहों पर ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

किसी सार्वजनिक प्रकटीकरण के एक वर्ष तक की अवधि के लिए हिरासत में रखा जा सकता है। डीजीपी मिश्रा ने कहा कि, भर्ती परीक्षाओं को स्वच्छ एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए राजस्थान पुलिस तत्पर है। इसी का प्रतिफल है कि निरंतर ऐसे नकल गिरोहों को पकड़ा जा रहा है। मिश्रा ने बताया कि, रीट की भांति ही इस बार भी नकल गिरोह को शिकंजे में लेकर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि, नकल करने का प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों को डीबार करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग को लिखा जा रहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




बड़ी बचत

WAGONR ₹57 000*
CELERIO ₹36 000*
ALTO K10 ₹72 000*
EECO ₹35 100*
S-PRESSO ₹66 000*

ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: CALL: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.2 L Petrol- all variants except AGS), Alto K10 (Petrol- LXI variant only), S-Presso (Petrol- all variants except AGS), Celerio (Petrol- all variants except AGS) and Eeco (Petrol- all variants except Cargo, Flexi and ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Price applicable on the date of invoice shall be applicable. Above offers are valid till 31st December 2022 or till stocks last, whichever is earlier.